फाल्गुन कृष्ण पक्ष, तृतीया
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 27 फरवरी 2024
वर्ष 5, अंक 101, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





आकाशगंगा में तरंग के साथ तैरे तारों के बादल 14

फिल्म 'बोले चूड़ियां बोले कंगना' का ट्रेलर रिलीज 13


## बैजबॉल धराशायी, भारत ने सीरीज कब्जाई



रांची। टेस्ट में बैजबॉल से प्रहार करने वाली इंग्लैंड की टीम को भारत ने अपने घर में एक बार फिर धूल चटाई है। भारतीय टीम में युवा खिलाड़ियों को लेकर कप्तान रोहित शर्मा ने यह भ्रम भी तोड़ दिया कि अनुभव ही सर्वोपरि है। पांच मैचों की शृंखला में भारत ने इंग्लैंड को 3-1 से हराकर सीरीज अपने कब्जे में ली। भारतीय टीम की अपनी सरजमीं पर लगातार 17वीं शृंखला जीती हैं। भारत ने 192 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 40 रन से आगे खेलना शुरू किया। यशस्वी जायसवाल और कप्तान रोहित शर्मा ने पहले विकेट के लिए 84 रन जोड़े। उसके बाद शुभमन गिल और ध्रुव जुरेल ने 72 रन की साझेदारी करके टीम को जीत तक पहुंचाया। अब शृंखला का अंतिम मैच 7 मार्च से धर्मशाला में खेला जाएगा।

**3-1** से आगे है भारतीय टीम अंतिम टेस्ट 7 मार्च से

**17** वीं शृंखला लगातार मेजबान के तौर पर भारत ने जीती

**मुख्यमंत्री ने कानपुर के डिफेंस कॉरिडोर में अडाणी समूह के एम्यूनेशन मैन्युफैक्चरिंग कॉम्प्लेक्स का किया उद्घाटन**

# यूपी अब देश के विकास में 'ब्रेक थ्रू', रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में जुटा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को साढ़ स्थित डिफेंस कॉरिडोर में अडाणी समूह के एम्युनेशन मैन्युफैक्चरिंग कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन करते हुए कहा कि आज यूपी, देश के डेवलपमेंट में ब्रेकर नहीं बल्कि ब्रेक थ्रू का काम कर रहा है। यहां स्थापित डिफेंस कॉरिडोर के सभी छह नोड्स भारत को रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने में जुट गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2018 में जब पहली इन्वेस्टर्स समिट हुई थी, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में दो डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर की घोषणा की थी। यूपी में अलीगढ़, आगरा, कानपुर, लखनऊ, झांसी और चित्रकूट में डिफेंस कॉरिडोर के छह नोड्स बन रहे हैं। आज कानपुर में अडाणी डिफेंस सिस्टम एंड टेक्नोलॉजीस ने काम शुरू कर दिया है। समारोह में सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडेय भी मौजूद रहे। अडाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड के सीईओ करण अडाणी ने स्वागत किया। यूपी विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, राकेश सचान आदि मौजूद थे।



अडाणी एम्युनेशन कांप्लेक्स का लोकार्पण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, साथ में सेनाध्यक्ष मनोज पांडेय, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, मंत्री नंद गोपाल गुप्ता, अडाणी ग्रुप के सीईओ आशीष राजवंशी। ● अमृत विचार

- 500 एकड़ में बना दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा आयुध कॉम्प्लेक्स

### चार हजार प्रत्यक्ष, 20 हजार परोक्ष रोजगार

अडाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी करण अडाणी ने बताया कि 15 महीने में पांच हजार एकड़ में दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा एम्युनेशन मैन्युफैक्चरिंग कॉम्प्लेक्स तैयार हुआ है। इसकी क्षमता प्रतिवर्ष 150 मिलियन राउंड एम्युनेशन उत्पादन की है। यहां रायफल, लाइट मशीन गन (एलएमजी), एके-47 और कार्बाइन की गोलियां बनेंगी। अगले चरण में आर्टिलरी गन, गोला-बारूद, तोपें, हैंड ग्रेनेड निर्मित किए जाएंगे।

### आईआईटी कानपुर, बीएचयू सेंटर फॉर एक्सीलेंस

मुख्यमंत्री ने बताया कि डिफेंस मैन्यूफैक्चरिंग कॉरिडोर के लिए आईआईटी कानपुर और आईआईटी बीएचयू को सेंटर फॉर एक्सीलेंस नामित किया गया है। रक्षा मंत्रालय ने भी इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करने में साझेदारी दिखाई है। उद्देश्य है कि भारत डिफेंस सेक्टर में आत्मनिर्भर बनने के साथ दुनिया की जरूरत की पूर्ति करे।

# नया भारत बड़े सपने देखता है और उसे दिन रात एक कर पूरा भी करता है : मोदी

## प्रधानमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से किया दो हजार से अधिक रेल प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण-शिलान्यास

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि रेलवे के कायाकल्प अभियान शुरू हो चुका है और उनके तीसरे कार्यकाल में रेलवे के विकास का स्केल एवं स्पीड अभूतपूर्व होगी। मोदी ने सोमवार को वीडियो लिंक के माध्यम से 41 हजार करोड़ रुपये से अधिक की दो हजार से ज़्यादा रेल परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज भारत जो करता है, अभूतपूर्व स्पीड (रफ्तार), अभूतपूर्व स्केल (कौशल) से करता है। आज के भारत ने छोटे-छोटे सपने देखना छोड़ दिया है। हम बड़े सपने देखते हैं और उन्हें पूरा करने के लिए दिन रात एक कर देते हैं। यही संकल्प इस विकसित भारत-विकसित रेलवे कार्यक्रम में दिख रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज एक साथ रेलवे से जुड़ी 2000 से अधिक परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। अभी तो इस सरकार के तीसरे टर्म की शुरुआत जून महीने से होने वाली है। अभी से जिस स्केल पर काम होना शुरू हो गया है, जिस स्पीड पर काम होना शुरू हो गया है, वो सबको हैरत में डालने वाला है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले मैंने जम्मू से एक साथ आईआईटी-आईआईएम जैसे दर्जनों बड़े शिक्षा संस्थानों का लोकार्पण किया। कल ही मैंने राजकोट से एक साथ पांच एम्स और अनेक मेडिकल संस्थानों का लोकार्पण किया। अब आज का ये कार्यक्रम है, आज 27 राज्यों के, करीब 300 से अधिक जिलों में साढ़े 500 से ज्यादा रेलवे स्टेशनों के कायाकल्प का शिलान्यास हुआ है।



- बोले-रेल परियोजनाओं की अभूतपूर्व रफ्तार और कौशल हैरत में डालने वाली

उत्तर प्रदेश के जिस गोमतीनगर रेलवे स्टेशन का लोकार्पण हुआ है, वो वाकई कमाल का दिखता है। इसके अलावा 1500 से ज्यादा रोड ओवरब्रिज, अंडरपास की परियोजनाएं भी शामिल हैं। 40 हज़ार करोड़ रुपये की ये परियोजनाएं एक साथ जमीन पर उतर रही हैं। कुछ महीने पहले ही हमने अमृत भारत स्टेशन योजना की शुरुआत की थी। तब भी 500 से अधिक स्टेशनों के आधुनिकीकरण पर काम शुरु हुआ था। अब ये कार्यक्रम इसे और आगे बढ़ा रहा है। ये दिखाता है कि भारत की प्रगति की रेल किस गति से आगे बढ़ रही है।

### योजना में उप्र के 74 रेलवे स्टेशन भी शामिल

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत वर्चुअल माध्यम से उत्तर प्रदेश के भी 74 रेलवे स्टेशन और 267 रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) व अंडरपास का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। इनमें वे परियोजनाएं शामिल हैं जिनका पुनर्विकास एवं निर्माण किया गया है। उप्र. में जिन 74 स्टेशनों का पुनर्विकास किया गया उनमें मेरठ नगर जं., मऊ जं., मानिकपुर जं., श्रीकृष्णा नगर, ऊंचाहार जं., मानकनगर, चुनार जं., गढ़मुक्तेश्वर, गोंडा जं., जौनपुर सिटी, ललितपुर जं, मल्हार, चित्रकूट धाम कर्वी, खुर्जा जं., लखीमपुर, कानपुर अनवरगंज, भटनी, हैदरगढ़, मैलानी जं., अकबरपुर ज., मिर्जापुर, गोविंदपुरी, भरतकुंड, सलेमपुर ज., महोबा जं., पीलीभीत जं., कन्नौज, स्वामी नारायन छपिया, सोनभद्र, लम्भुआ, मड़ियाहूँ, ईदगाह आगरा जं., तुलसीपुर, शिकोहाबाद जं., निहालगढ़, आंवला, आनंद नगर जं., बाबतपुर, लखनऊ सिटी, बरेली सिटी, पुखरायां, मोहनलालगंज, गोमती नगर, कानपुर पुल बाया, खोरासन रोड, बांदा, बढ़नी, बालामऊ जं., शिवपुर, गौरीगंज, सिद्धार्थनगर, व्यासनगर, किनारा, डालीगंज, कप्तानगंज जं., स्योहारा, बलरामपुर, फिरोजाबाद, उरई, लालगंज, खलीलाबाद, रामघाट हॉल्ट, गुरसहायगंज, गाजीपुर सिटी, फाफामऊ जं., मुजफ्फरनगर, बेल्थरा रोड, बुलन्दशहर, लोहता, राजा की मंडी, चिलबिला, कुंडा हरनामगंज, बादशाहपुर, तकिया और मैनपुरी जं. हैं। उधर, प्रधानमंत्री के कार्यक्रम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वर्चुअली जुड़े। उन्होंने एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में नए भारत की प्रगति की रेल तीव्र गति से गतिमान है। उन्होंने लिखा, आमजन के जीवन को सुगम बनाती इन सौगातों के लिए हार्दिक आभार प्रधानमंत्री जी!।



- भारत की प्रगति की रेल तीव्र गति से गतिमान : योगी

# ज्ञानवापी के व्यास तहखाने में पूजा करने पर रोक नहीं

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ज्ञानवापी मस्जिद समिति की अपील खारिज करते हुए जिला जज के आदेशानुसार व्यास तहखाना (ज्ञानवापी मस्जिद का दक्षिणी तहखाना) में पूजा जारी रखने की अनुमति दे दी है। मालूम हो कि दोनों पक्षों को सुनने के बाद न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की पीठ ने 11 दिन पहले फैसला सुरक्षित रख लिया था। अंजुमन इंतजामिया मस्जिद समिति (वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद की प्रबंधक) ने 1 फरवरी को हाईकोर्ट के समक्ष वाराणसी के जिला जज के 31 जनवरी के आदेश को चुनौती देते हुए अपील दाखिल की थी, जिसमें ज्ञानवापी मस्जिद स्थित तलघर में हिंदू पक्ष को पूजा करने की अनुमति दी गई थी। इसके तुरंत बाद सुप्रीम कोर्ट ने व्यास जी का तहखाना में पूजा की अनुमति देने वाले आदेश के खिलाफ मस्जिद समिति की याचिका पर तत्काल सुनवाई करने से इनकार किया था।

दरअसल, मस्जिद समिति का मानना है कि व्यास तहखाना मस्जिद परिसर का हिस्सा होने के कारण उनके कब्जे में है और व्यास परिवार या किसी अन्य को तहखाने के अंदर पूजा-पाठ करने का कोई अधिकार नहीं है। समिति का यह भी तर्क था कि वर्ष 1993 के बाद से तहखाने में कोई पूजा नहीं हुई, इसलिए अगर 30 वर्षों के बाद न्यायालय रिसीवर नियुक्त कर रहा है और यथास्थिति बदल रहा है तो इस फैसले के पीछे कोई ठोस कारण होना चाहिए। यह भी प्रस्तुत किया गया कि व्यास तहखाना कभी भी हिंदू वादी के कब्जे में नहीं था और कब्जे के बारे में सवाल केवल मुद्दों के तैयार होने के बाद ही तय किया जा सकता है। दूसरी ओर हिंदू पक्षकारों का लगातार यह तर्क था कि तहखाने के अंदर पूजा-पाठ कभी नहीं रुका और यह वर्ष 1993 के बाद भी जारी रहा, जब सीआरपीएफ ने इसे अपने कब्जे में ले लिया था।



- इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की आपत्ति की खारिज
- जिला जज वाराणसी कोर्ट ने 31 जनवरी को दी थी अनुमति












## एक नजर

### पेटीएम बैंक के चेयरमैन पद से हटे विजय शेखर

**नई दिल्ली।** पेटीएम पेमेंट्स बैंक लि. (पीपीबीएल) के अंशकालिक गैर-कार्यकारी चेयरमैन पद से विजय शेखर शर्मा ने इस्तीफा दे दिया है। बैंक ने सोमवार को कहा कि श्रीनिवासन श्रीधर, देवेंद्रनाथ सारंगी, अशोक गर्ग और रजनी सेखरी सिब्बल की नियुक्ति के साथ निदेशक मंडल का पुनर्गठन किया गया है।

### ट्रू-कॉलर की एआई-कॉल रिकॉर्डिंग सुविधा शुरू

**नई दिल्ली।** कॉल करने वाले की पहचान से संबंधित एप 'ट्रूकॉलर' ने सोमवार को भारत में कृत्रिम मेधा (एआई) से संचालित कॉल रिकॉर्डिंग सुविधा शुरू करने की घोषणा की। इस सुविधा में कॉल का सारांश एवं ब्योरा भी मिलेगा। कंपनी ने कहा कि एआई-आधारित कॉल रिकॉर्डिंग सुविधा के लिए शुल्क लगेगा और यह प्रीमियम सदस्यता के साथ उपलब्ध होगी। यह एंड्रॉयड और आईओएस दोनों ऑपरेटिंग प्रणालियों वाले मोबाइल फोन पर काम करेगी।

### कठुआ स्टेशन मास्टर सहित छह निलंबित

**चंडीगढ़।** जम्मू के कठुआ से रविवार को एक चालक रहित 53 वैगन वाली मालगाड़ी चलने के मामले में फिरोजपुर के डीआरएम संजय साहू ने उच्चस्तरीय की जांच के आदेश के बाद कठुआ स्टेशन के छह अधिकारियों को निलंबित कर दिया। इनमें स्टेशन अधीक्षक, लोको पायलट, सहायक पायलट, प्वाइंट्समैन और टीआरआई शामिल हैं। साहू ने कहा कि जम्मू से पंजाब के लिए चिप पत्थर लेकर जा रही मालगाड़ी लोको पायलट बदलने के लिए कठुआ में रुकी थी।

**नर्स थी युवती, युवक ने दी थी पुलिस भर्ती परीक्षा**

# खून से लथपथ मिले युवक-युवती के शव

संवाददाता, मितौली (लखीमपुर खीरी)

**अमृत विचार :** मितौली में तहसील के आवासीय परिसर के पीछे खंडहर में तब्दील शिवालय के निकट सोमवार को युवक-युवती के खून से लथपथ शव मिले। पुलिस की प्राथमिक जांच के अनुसार युवक ने युवती की गोली मारकर हत्या की, फिर खुद को गोली मार ली। युवक के पिता ने लड़की पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस हत्या-आत्महत्या की गुत्थी सुलझाने में लगी है। मौके से दो जीवित कारतूस, दो खोखा और एक तमंचा मिला है।

मितौली में तहसील के आवासीय परिसर के पीछे राजा लोने सिंह की गढ़ी पर शिवालय है। शिवालय के निकट सोमवार की सुबह दस बजे कुछ लोगों ने खून से लथपथ दो शव पड़े देखे। दोनों के चेहरे का काफी भाग उड़ा हुआ था जिससे पहचाने नहीं जा पा रहे थे। दोनों के पास मोबाइल फोन निकले। जिससे युवती की पहचान उमा भारती उर्फ अंशु पुत्री सत्यपाल निवासी मुरादपुर और युवक की पहचान राघवेंद्र निवासी कलुआ मोती थाना मैगलगंज के रूप में हुई। उमा सेमरावा गांव में नाना प्रेमचन्द्र के यहां रहती थी और मितौली के एक निजी अस्पताल में नर्स थी। वह सुबह नौ बजे साइकिल से अस्पताल जाने के लिए निकली थी।

राघवेंद्र के परिजनों ने बताया कि वह लखनऊ में रहकर पढ़ाई कर रहा था। तीन दिन पहले ही घर आया था। हाल में ही उप्र पुलिस भर्ती परीक्षा दी थी। सुबह करीब आठ बजे भाई की बाइक लेकर घर से निकला था। घटना की सूचना मिलते ही एसपी गणेश प्रसाद साहा व सीओ मितौली शमेशर बहादुर सिंह मौके पर पहुंचे और निरीक्षण किया।



राघवेंद्र।



उमा भारती।

- मौके से एक तमंचा, दो कारतूस और दो खोखा हुआ बरामद
- पुलिस को संदेह, युवती को गोली मार की आत्महत्या
- युवक के पिता का युवती के परिजनों पर हत्या का आरोप

> जांच के बाद प्रथम दृष्टया प्रतीत हो रहा है कि युवक ने पहले युवती को गोली मारी फिर खुद को भी मार ली। फोरेंसिक टीम की रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।
> – गणेश प्रसाद साहा, एसपी।

## रास चुनाव : मतदान आज भाजपा का साथ देंगे राजा भैया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में राज्यसभा की दस सीट के लिए होने वाले चुनाव में जनसत्ता दल (लोकतांत्रिक) के मुखिया रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया और उनकी पार्टी के विधायक विनोद सोनकर भाजपा के उम्मीदवार को वोट देंगे। राजा भैया के इस फैसले से समाजवादी पार्टी की उम्मीद खत्म हो गई है। अब राज्यसभा के लिए मंगलवार को होने वाला चुनाव राजनीतिक उठापटक और दांवपेच वाला होगा।



इस बीच एक-एक वोट का महत्व समझाकर सोमवार को भाजपा और सपा ने अपने-अपने विधायकों को मतदान का प्रशिक्षण दिया। उप्र. में राज्यसभा की दस सीटों के लिए 11 प्रत्याशी मैदान में हैं। आठ प्रत्याशी भाजपा ने खड़े किए हैं, जबकि तीन प्रत्याशी सपा से हैं। सपा के तीनों उम्मीदवारों को जीतने के लिए कुल 111 वोट की जरूरत है। सपा के पास अपने विधायक 108 ही हैं।

# नहीं रहे प्रसिद्ध गजल गायक पंकज उधास

मुंबई, एजेंसी

- लंबी बीमारी के बाद 72 वर्ष की आयु में ली अंतिम सांस

दिल की रगों को चीरते दर्द, इश्क में डूबी उदास शामों और मुहब्बत की रूबाइयों को अपनी मखमली, लरजती आवाज का सहारा देने वाले मशहूर गजल गायक पंकज उधास (72) सोमवार को अपने लाखों चाहने वालों को छोड़कर चले गए। चांदी जैसा रंग है तेरा, इक तरफ उसका घर, चिट्ठी आई है, आहिस्ता कीजिए बातें और जीएं तो जीएं कैसे जैसे लोकप्रिय फिल्मी गीतों तथा मशहूर गजलों से अपने चाहने वालों के दिलों में उतरने वाले पंकज उधास लंबे समय से बीमार थे।



उनकी बेटी नयाब ने बताया कि पंकज उधास ने ब्रीच कैंडी अस्पताल में पूर्वाह्न 11 बजे अंतिम सांस ली। उधास ने दयावान, नाम, साजन और मोहरा सहित कई हिंदी फिल्मों में पार्श्व गायक के रूप में भी अपनी पहचान बनाई थी। पंकज उधास का अंतिम संस्कार मंगलवार को होगा। उनके परिवार में पत्नी फरीदा और बेटियां रेवा तथा नयाब हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित तमाम हस्तियों ने अपनी शोक संवेदनाएं प्रकट कीं।

## सीआईएससीई 12वीं रसायन विज्ञान की बोर्ड परीक्षा स्थगित

**नई दिल्ली।** भारतीय विद्यालयीय प्रमाणपत्र परीक्षा परिषद (सीआईएससीई) ने सोमवार को अप्रत्याशित परिस्थितियों का हवाला देते हुए 12वीं कक्षा की रसायन विज्ञान की बोर्ड परीक्षा 21 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी। सीआईएससीई की उप सचिव संगीता भाटिया ने स्कूल प्राचार्यों को भेजे एक पत्र में कहा कि सोमवार, 26 फरवरी 2024 को होने वाली आईएससी वर्ष 2024 रसायन विज्ञान पेपर 1 (थ्योरी) परीक्षा को अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण स्थगित कर दिया गया है। यह परीक्षा गुरुवार, 21 मार्च, दोपहर दो बजे पुनर्निर्धारित की गई है। परीक्षा स्थगित करने के सटीक कारणों के बारे में पूछे गए सवालों पर बोर्ड की ओर से कोई जवाब नहीं मिला। लेकिन सीआईएससीई से जुड़े कुछ सूत्रों ने दावा किया कि परीक्षा शुरू होने से पहले प्रश्न-पत्र कथित तौर पर सोशल मीडिया पर लीक हो गया था। हालांकि, इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। सीआईएससीई बोर्ड परीक्षाएं 12 फरवरी को शुरू हुई थीं।

- अब 21 मार्च को दोपहर दो बजे होगी आयोजित

**इनसे सीखें** यूपी में पहले स्वच्छता मिशन में गांव को बनाया अग्रणी, फिर परिवारों को दिए रोजगार के अवसर

# कूड़े से पैदा किए रोजगार के अवसर, बने ब्रान्ड एम्बेसडर

जीशान कदीर, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में जहां एक तरफ कूड़े के ढेर के निस्तारण को लेकर लंबे-चौड़े बजट का सहारा लिया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर इस तामझाम से दूर एक युवक ने ऐसा कुछ कर दिखाया कि वो प्रदेश ही नहीं देश के लिए भी नजीर बन गया। दरअसल, इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर चुके मेरठ के मोहिद्दीनपुर निवासी ने लोगों को जागरूक कर गांव से निकले कूड़े-कचरे से बिजली तैयार कराई, फिर इसे बेचकर गांव की सूरत बदल दी। हाल-फिलहाल लघु उद्यम के सहारे गांव वालों को रोजगार मिले हैं। स्वच्छता मिशन की इस अलख को कई प्रदेशों में सम्मान भी मिल चुका है।

मेरठ निवासी विजय नामदेव बताते हैं कि वो कई साल पहले इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी कर गांव मोहिद्दीनपुर लौटे तो देखा, समस्या रोजगार और कूड़े के निस्तारण को लेकर थी। ऐसे में उन्होंने लोगों को जागरूक किया, फिर युवाओं की एक टीम तैयार की। सूखे और गीले कूड़े को अलग कर बेचा और निजी कंपनी की मदद से बिजली तैयार कराई, ऐसे में कई गांव रोशन हुए। बताते हैं कि गांव की स्वच्छता को प्रदेश में मुख्यमंत्री प्रोत्साहन सम्मान के अलावा स्वच्छता ग्रामीण सम्मान भी मिल चुका है। पंजाब के मोहाली में हुए राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन में उद्यमता को भी पुरस्कृत किया जा चुका है।



लखनऊ में हुए ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में गांव के मॉडल की जानकारी देते विजय नामदेव।

### मोहिद्दीनपुर गांव के बच्चों ने प्रधानमंत्री से की मन की बात

मोहिद्दीनपुर गांव को मॉडल बनने में कई हाथ जुड़े हैं। विकास यहीं पर खत्म नहीं हुआ। विजय ने स्मार्टक्लास (आधार शिला) के सहारे बच्चों को प्रशिक्षित कराया। ऐसे में विद्यालय के छात्रों ने जब बुलेट ट्रेन और रोबोट तैयार किए तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी मन की बात के सहारे बच्चों से बात किए बिना नहीं रह सके।

### गांव के बजट से युवाओं को मिला रोजगार

विजय बताते हैं कि ग्राम प्रधान विमला देवी की मदद से सफाई के नाम पर घरों से दो रुपया और दुकानदारों से पांच रुपया वसूल किया गया। कूड़े से बेचे गए रुपयों के सहारे चंद माह में करीब पांच लाख का राजस्व इकट्ठा हुआ। इससे बेरोजगार पुरुषों और महिलाओं को रोजगार देने में मदद मिली।

## एक नजर

### सीबीएसई: 15 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**शाहजहांपुर।** सोमवार को सीबीएसई 10वीं में अंग्रेजी और 12वीं में आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस विषय की परीक्षा हुई। जिले में नौ केंद्रों पर चल रही परीक्षा में सोमवार को 10वीं के अंग्रेजी के पेपर में पंजीकृत कुल 3303 परीक्षार्थियों में 3288 परीक्षा में शामिल हुए और 15 अनुपस्थित हो गए। जिला को-आर्डिनेटर राजीव मोहन पांडेय ने बताया कि 12वीं की परीक्षा में शहर के तक्षशिला स्कूल में आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस विषय की परीक्षा में एक पंजीकृत परीक्षार्थी ने परीक्षा दी।

### सीडीओ एसबी सिंह का मथुरा तबादला



**शाहजहांपुर।** सीडीओ एसबी सिंह का शासन ने मथुरा तबादला कर दिया है। उन्हें मथुरा में मुख्य कार्यपालक अधिकारी तीर्थ विकास परिषद के साथ-साथ वृंदावन और मथुरा विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। वह जिले में लगभग ढाई साल तैनात रहे। इस दौरान उन्होंने वृद्धावस्था पेंशन घोटाला करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। हैंडपंप रिबोर घोटाला भी उन्हीं के समय में उजागर हुआ। हाल ही में हुआ सामूहिक विवाह समारोह भी काफी विवादों में रहा। जो शादियां हुई थीं, बाद में उनमें भी गड़बड़ियों की शिकायतें आईं। इसके बाद सीडीओ एसबी सिंह के तबादले की चर्चा शुरू हो गई थी।

# मन को ऊपर उठाने के लिए करनी पड़ती है संयम और साधना

## विजय कौशल महाराज ने सुनाया राम वन गमन का प्रसंग, मुमुक्षु आश्रम में चल रही रामकथा में उमड़ा आस्था का सैलाब

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**



संत विजय कौशल महाराज।



एसएस कॉलेज में श्रीराम कथा में भजनों पर झूमते श्रोता। ● अमृत विचार



मुमुक्षु महोत्सव के अंतर्गत आयोजित भजन संध्या में भजन प्रस्तुत करतीं छात्राएं।

**अमृत विचार:** मुमुक्षु आश्रम में शुरू हुई श्री राम कथा के दूसरे दिन कथा व्यास संत विजय कौशल महाराज ने प्रभु श्रीराम के जीवन से जुड़े कई रोचक प्रसंग सुनाकर श्रोताओं को धन्य किया। राम वनवास का प्रसंग सुनकर श्रोता भावविभोर हो गए। वहीं, भजनों पर महिलाओं और पुरुषों ने भावविभोर होकर नृत्य भी किया।

प्रभु श्रीराम एवं हनुमान की स्तुति से रामकथा शुरू करते हुए कथाव्यास विजय कौशल ने कहा कि सत्ता का स्वभाव है कि व्यक्ति को अपने दुर्गुण दिखाई नहीं देते। जिस दिन व्यक्ति को अपने दुर्गुण दिखाई पड़ने लगते हैं, उस दिन समझ लेना चाहिए कि व्यक्ति में साधु-संतों का आशीर्वाद असर करने लगा है। मन को ऊपर उठाने के लिए संयम-साधना करनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि राजा दशरथ ने राजसभा में जब राम के राजतिलक की घोषणा की तो पूरे अयोध्या में लोग झूम उठे। बिनु सत्संग विवेक न होई, राम कृपा बिनु सुलभ न सोई, चौपाई की व्याख्या करते हुए कथाव्यास ने कहा कि कुसंग सत्यानाश की जड़ है। राम को माता कैकेयी ही सर्वाधिक चाहती थीं, लेकिन मंथरा के कुसंग की वजह से उसने राम के लिए राजा दशरथ से वनवास मांग लिया।

राजा दशरथ ने जब सुना कि रानी कैकेयी कोपभवन में चली गई हैं, तो उन्होंने वहां पहुंचकर कैकेयी को बहुत समझाने का प्रयास किया, लेकिन मंथरा की कुटिलता के फेर में पड़ी कैकेयी ने पति दशरथ की एक न सुनी और राम को चौदह वर्षों का वनवास और अपने पुत्र भरत के लिए राजगद्दी मांग ली। प्रसंग को आगे बढ़ाते हुए कथा व्यास ने श्रीराम वनगमन प्रसंग का मार्मिक वर्णन सुनाकर श्रोताओं को भावुक कर दिया। तमाम श्रोताओं की आंखें छलछला उठीं। संत जी ने कहा कि रामराज एवं शांति सदाचरण से आती है। हमें सम्मान मिलने पर आत्मनिरीक्षण अवश्य करना चाहिए। असत्य से सत्य, अंधकार से प्रकाश एवं भोग से भक्ति की ओर जाने का प्रयास करना चाहिए। कई प्रसंगों पर श्रोता नृत्य भी करने लगे। मुमुक्षु शिक्षा संकुल के मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महामंडलेश्वर स्वामी हरिहरानंद, स्वामी सर्वेश्वरानंद, स्वामी हरिदास, पूर्व केंद्रीय मंत्री कृष्णा राज, रुहेलखंड विश्वविद्यालय के प्रो. अमित सिंह, रतन अग्रवाल, राकेश मिश्रा, पूर्व विधायक देवेंद्र पाल सिंह, विनय मिश्रा समेत बड़ी संख्या में विशिष्टजनों ने कथा का आनंद लिया।

# तेरी मंद-मंद मुस्कनिया पर बलिहार राघव जी

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

- मुमुक्षु महोत्सव में आयोजित भजन संध्या में भजनों पर झूमे श्रोता
- भजनों पर झूम उठे श्रोता भावविभोर होकर खूब किया नृत्य

**अमृत विचार:** एसएस कॉलेज में मनाए जा रहे मुमुक्षु महोत्सव से इन दिनों आश्रम परिसर धार्मिक बयार से झूम रहा है। सुबह से देर रात तक चारों ओर मंत्र, श्लोक, भजन, श्रीराम कथा के मंद-मंद स्वर लोगों को मोहित कर रहे हैं। एक ओर जहां श्री रुद्र महायज्ञ में वैदिक मंत्र गूंज रहे हैं, वहीं, दिन में श्रीराम कथा का आनंद लिया जा रहा है। रात को भजन संध्या से लोगों को आनंदित किया जा रहा है।

रविवार देर रात भजन संध्या का आरंभ एसएस कॉलेज सचिव डॉ. अवनीश मिश्र, प्राचार्य प्रो. आरके आजाद, उप प्राचार्य प्रो. अनुराग अग्रवाल, डॉ. आलोक सिंह आदि ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्पार्चन कर किया। इसके बाद संगीत शिक्षिका डॉ. कविता भटनागर और डॉ. प्रतिभा सक्सेना के नेतृत्व में छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इसी क्रम में रजनी अग्निहोत्री ने जरा देर ठहरो राम तमन्ना यही है भजन प्रस्तुत किया। वहीं, अंजली मिश्रा ने तेरी मंद मंद मुस्कनिया पर बलिहार राघव जी भजन सुनाकर श्रोताओं को गदगद किया। भजन संध्या में कई छात्र-छात्राओं में शानदार प्रस्तुतियां देकर वाहवाही लूटी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मुमुक्षु शिक्षा संकुल के मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती ने की। संचालन डॉ. देवेंद्र सिंह ने किया। इस अवसर प्रो. आदित्य कुमार सिंह, डॉ. सचिन खन्ना, डॉ. रूपक श्रीवास्तव, डॉ. संतोष प्रताप सिंह, चंद्रभान त्रिपाठी, एसपी डबराल, अवनीश सिंह चौहान, सुयश सिन्हा, गरिमा अग्रवाल, रचना श्रीवास्तव, दीपाली शर्मा, धर्मवीर, यश, सर्वेश कुमार गंगवार, हरीश कुमार गंगवार, मनोज पटेल आदि का सहयोग रहा।

## सार-संक्षेप

### शविर में स्वयंसेवियों ने सीखा लिपन आर्ट बनाना



**शाहजहांपुर,अमृत विचार :** जीएफ कॉलेज के छात्र एवं छात्रा इकाइयों के सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर में चौथे दिन सोमवार को मऊ खालसा गांव में प्रथम सत्र में अग्निशमन अधिकारी नेक सहाय ने स्वयंसेवियों को आग लगने के कारणों को समझाते हुए उस पर काबू पाने का प्रशिक्षण दिया। अग्निशमन अधिकारी ने मॉकड्रिल के माध्यम से गैस सिलेंडर में अचानक आग लग जाने पर आग पर काबू पाने के तरीके बताए। इसके अतिरिक्त आग लगने पर आवश्यक सावधानियां बरतने और धैर्य एवं साहस रखकर आग बुझाने का प्रशिक्षण दिया। दूसरे सत्र में स्वयंसेवकों ने गांव में लोगों को खाद्य-सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मोहम्मद शोएब ने आभार व्यक्त किया। इधर, प्राइमरी विद्यालय दिलाजाक में चल रहे छात्रा शिविर के चौथे दिन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. समन जहरा जैदी के नेतृत्व में महिला थाना की सब इंस्पेक्टर शहनशाह बेगम और उनकी टीम ने छात्राओं को सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति एवं महिला सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी और विभिन्न हेल्पलाइन नंबर बताकर जागरूक किया। स्वयंसेवियों ने मोहल्ले में महिलाओं को मिशन शक्ति के बारे में जागरूक किया। दूसरे सत्र में महाविद्यालय के कला विभाग की प्रवक्ता विदुषी गुप्ता ने लिपन आर्ट का प्रशिक्षण दिया। रिया, मनोरमा, सानिया, रोजी आदि स्वयं सेवियों का सहयोग रहा।

### सड़क सुरक्षा का समझाया महत्व

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** स्वामी शुकदेवानंद कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के चौथे दिन सोमवार को सड़क सुरक्षा विषय पर स्वयंसेवियों को जागरूक किया गया। शिविर की शुरुआत एकता टोली के द्वारा प्रार्थना, लक्ष्य गीत और राष्ट्रगान से की गई। स्वयंसेवियों ने स्लोगन एवं पोस्टर बनाकर सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा विषय पर लोगों को जागरूक किया। यह अभियान अजीजगंज में चलाया गया। बौद्धिक सत्र में कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रोफेसर आदित्य कुमार सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा आज दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य चिंताओं में से एक है। सड़क सुरक्षा एक ऐसा मुद्दा है, जिसको नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। इससे हर साल लाखों जिंदगियां खतरे में पड़ती हैं। इस अवसर पर शीतल गुप्ता, शिव मिश्रा, शांभवी शुक्ला, विकास चंद्र, अरुण कुमार, माधुरी देवी, नंदनी यादव, साक्षी अवस्थी, सौरभ सिंह आदि स्वयंसेवियों का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार यादव ने आभार व्यक्त किया।

### महिलाओं को शिक्षा-अधिकार के प्रति किया जागरूक



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** राजकीय महाविद्यालय कांट का सात दिवसीय एनएसएस शिविर चौथे दिन भी जारी रहा। स्वयंसेवियों ने अभिग्रहीत ग्राम अभायन की पंचायत भवन में महिला जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राकेश कुमार वर्मा के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण विषय के अंतर्गत स्वयंसेवक एवं सेविकाओं ने ग्रामीण महिलाओं को शिक्षा, सुरक्षा, आत्मविश्वास और अधिकार के प्रति जागरूक किया और उन्हें इसके महत्व एवं आवश्यकता के बारे में अवगत कराया। डॉ. वंदना गुप्ता ने कहा कि समाज को सभ्य समाज का दर्जा तब तक नहीं प्राप्त होता, जब तक उस समाज की नारी सशक्त नहीं हो सकती। नारियों को समान अधिकार प्राप्त होना ही चाहिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ाया जाना बहुत आवश्यक है। उन्हें आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करें और हर संभव मदद करें। डॉ. वंदना ने कहा कि भारत जैसे देश में अगर महिलाओं को पढ़ने का मौका मिले तो वह इंदिरा गांधी की तरह प्रधानमंत्री, किरण बेदी की तरह आईपीएस तथा इंदिरा नूरी जैसी मशहूर सीईओ भी बन सकती हैं।

### भाजपा नेता पर जमीन कब्जाने का आरोप

शाहजहांपुर, अमृत विचार : थाना अल्हागंज क्षेत्र के गांव समापुर निवासी परमाई ने डीएम को भेजे गए पत्र में कहा है कि उसकी जमीन एक भाजपा नेता के कोल्ड स्टोर के पास है, जिसे भाजपा नेता और उसके भाई ने पटके पर लिया था। कुछ समय तक तो दोनों उसे पटका के रुपये देते रहे। इस दौरान वह जीविका चलाने के लिए बाहर नौकरी करने चला गया, इसी का फायदा उठाते हुए दोनों आरोपियों ने खेत में चारदीवारी बनाकर उसे अपने खेत में मिला लिया है। उन्होंने बताया कि वह एक वर्ष से अधिकारियों के चक्कर लगा रहे हैं लेकिन न्याय नहीं मिल पा रहा है। अब डीएम से जमीन कब्जा मुक्त कराए जाने की मांग की है।

# दीप यज्ञ के साथ गायत्री महायज्ञ का समापन

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**



लधौला गांव में पांच कुंडीय महायज्ञ में आहुतियां देते गायत्री परिजन। ● अमृत विचार



लधौला गांव में पांच कुंडीय महायज्ञ में आहुतियां देते गायत्री परिजन।

- लधौला गांव में पांच कुंडीय महायज्ञ अनुष्ठान

**अमृत विचार:** गांव लधौला में अखिल विश्व गायत्री परिवार के पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का दीपयज्ञ के साथ समापन हो गया। रविवार देर शाम हुए दीपयज्ञ में 1100 दीप प्रज्ज्वलित कर समाज और देश की उन्नति के लिए गायत्री मां से प्रार्थना की गई।

इस अवसर पर पीलीभीत से आए टोली नायक जगदीश शरन ने यज्ञ के वैज्ञानिक पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दीपयज्ञ हमें बताता है कि किस तरह से अंधकार को दूर कर ज्ञान रूपी प्रकाश से वातावरण को प्रकाशमान बनाना चाहिए। उन्होंने संस्कारवान बनकर विचार क्रांति अभियान से जुड़ने का आह्वान भी किया। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि घर-घर गायत्री यज्ञ और गायत्री मंत्र जप होना चाहिए, इसके लिए सभी संकल्प लेकर ही यहां से जाएं। गायत्री महायज्ञ एवं दीपयज्ञ जहां होते हैं, वहां का वातावरण सुगंधित हो उठता है। इसलिए सभी को गायत्री यज्ञ और दीपयज्ञ करना चाहिए।

इसके बाद हुए पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ पूर्णाहुति के साथ दर्जनों संस्कार भी कराए गए। इससे पहले टोली में अमरपाल, जगदंबा प्रसाद, पप्पू आदि ने प्रज्ञा गीत प्रस्तुत किए। सभी को व्यसन से बचाओ-सृजन में लगाओ का संकल्प दिलाया गया।

पीलीभीत से आए टोली नायक एवं उनके साथियों को भावपूर्ण विदाई दी गई। विदाई गीत पर सभी की आंखें नम हो गईं। जिला केंद्र गायत्री शक्तिपीठ गौहरपुरा मुख्य प्रबंध ट्रस्टी राजाराम मौर्य एवं जिला समन्वयक सूरज वर्मा ने आयोजकों को बधाई दी। कार्यक्रम में सुरेंद्र सिंह, विमल सिंह, ओमवीर, धीरेंद्र, सुनील, धर्मेंद्र सिंह समेत ग्रामवासियों का सहयोग रहा।

# नाटक मंचन के जरिये डायल 112 के प्रति किया जागरूक

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचार:** आवश्यक सेवाओं के लिए 112 नंबर डायल किए जाने के लिए खिरनी बाग चौराहे पर अनुकृति नाट्य मंच की ओर नाटक कला के जरिए लोगों को जागरूक किया। घंटाघर, बस बस स्टैंड पर भी नाटक मंचन के जरिये बताया गया कि आपात स्थित में मदद के लिए 112 नंबर डायल कर मदद ले सकते हैं। नाटक के जरिये बताया गया कि आग लगने पर, आपराधिक घटना या साइबर अपराध होने पर भी 112 डायल कर मदद पाई जा सकती है। नाट्य मंचन के जरिये नौ दिन तक लोगों को जागरूक किया जाएगा। नाट्य मंचन में टीम लीडर संजीव कुमार, अभिनय, धर्मेंद्र कुमार, रामबली, आदित्य, खुशबू शामिल रहे।



नाटक मंचन के जरिए लोगों को डायल 112 के प्रति जागरूक करते कलाकार।

# नवंबर में होगी मिनी सब जूनियर तीरंदाजी चैंपियनशिप

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**



मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित करते जिला सचिव मृदुल गुप्ता।

**अमृत विचार:** जिले में आठ से 10 नवंबर तक मिनी सब जूनियर तीरंदाजी चैंपियनशिप का आयोजन कराने का निर्णय लिया गया है। जिला तीरंदाजी संघ के सचिव मृदुल गुप्ता ने बताया कि 24 फरवरी को लखनऊ के केडी सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित प्रदेश तीरंदाजी संघ की वार्षिक बैठक में यह निर्णय लिया गया।

सचिव मृदुल गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी की अध्यक्षता में हुई बैठक में उन्होंने जिला तीरंदाजी की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। सचिव ने बताया कि जिला प्रोत्साहन समिति व खेल विभाग के अंतर्गत डीएम उमेश प्रताप सिंह और तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष सीडीओ श्याम बहादुर सिंह के निर्देशन में खेल के उपकरण भी जैम पोर्टल के माध्यम से मंगवाए जा रहे हैं। स्पोर्ट्स स्टेडियम में तीरंदाजी खेल मैदान बनाया गया है। इस अवसर पर सचिव मृदुल गुप्ता ने मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित भी किया।

# किसानों ने सीखा कम लागत में अधिक उत्पादन

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**



गन्ने की नवीन किस्मों की पहचान एवं विशेषताओं के बारे में जानकारी देते वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. एके तिवारी। ● अमृत विचार

- गन्ना शोध परिषद में चला वृहद प्रशिक्षण कार्यक्रम
- परीक्षा में विजयी किसानों को किया गया पुरस्कृत

**अमृत विचार:** गन्ना शोध परिषद के तत्वावधान में प्रदेश के गन्ना किसानों के लिए चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग द्वारा वृहद स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। खास बात यह है कि यह प्रशिक्षण जनपदवार किसानों को दिया जा रहा है, जिससे गन्ना उत्पादक जनपदों के किसान लाभान्वित हो सकें।

जिले के गन्ना शोध परिषद केंद्र पर 100, सेवरही संस्थान पर 100 एवं मुजफ्फरनगर संस्थान पर 50 प्रशिक्षणार्थियों समेत कुल 250 किसानों को प्रतिदिन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सोमवार को जिले में बदायूं की गन्ना विकास परिषद के 50 किसान को गन्ना खेती की उत्तम तकनीकी अपनाकर कम लागत में अधिक उत्पादन, उत्पादकता एवं आमदनी प्राप्त करना आदि का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में वैज्ञानिकों द्वारा गन्ने की नवीन किस्मों की पहचान एवं विशेषताओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। साथ ही गन्ने की लाल सड़न बीमारी के प्रबंधन के बारे में भी बताया। इसी के साथ ही वैज्ञानिकों ने दूरी के हिसाब से गन्ने की बुवाई, उर्वरकों का प्रयोग, गन्ना बीज का उपचार, मृदा उपचार जैसा उपयोगी प्रशिक्षण दिया गया। किसानों को शोध प्रक्षेत्र पर विभिन्न तकनीकी का प्रदर्शन करके दिखाया गया तथा गन्ना खेती में प्रयुक्त विभिन्न कृषि यंत्रों को प्रदर्शित किया गया। प्रशिक्षण के अंत में किसानों ने फीडबैक भी दिया।

किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रशिक्षणार्थियों की परीक्षा भी ली गयी, जिसमें अवधेश कुमार को प्रथम, कन्हईलाल को द्वितीय एवं रामखुशी वर्मा को तृतीय पुरस्कार मिला। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. एके तिवारी ने विजेता किसानों को पुरस्कृत किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में गन्ना शोध परिषद के डॉ. एसपी यादव, डॉ. एसके पाठक, डॉ. एनएन सक्सेना आदि वैज्ञानिक मौजूद रहे।

# रुद्र महायज्ञ व श्रीमद्भागवत कथा का कलश यात्रा के साथ आरंभ

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**



कथा के दौरान उपस्थित श्रद्धालु। ● अमृत विचार

- हर-हर महादेव के घोष से भक्तिमय हुआ वातावरण

**अमृत विचार:** रुद्र महायज्ञ व श्रीमद्भागवत कथा के लिए रविवार को कलश यात्रा निकाली गई थी। सोमवार को कथा के प्रथम दिन कथा व्यास पंडित राहुल कृष्ण दीक्षित ने कहा कि धुंधकारी ने अपने जीवन में बहुत पाप किए थे, लेकिन श्रीमद्भागवत कथा सुनकर उसका उद्धार हुआ था। बताया कि तुंगभद्रा नदी के तट पर आत्मदेव नामक ब्राह्मण रहता था, जो बड़ा ही विद्वान था। आत्मदेव को सबसे बड़ा दुख यह था कि उसके कोई संतान नहीं थी। एक बार वह जंगल में गया तो उसे एक साधु मिले। उसने साधु को अपनी पीड़ा बताई। तब साधु ने उसे एक फल दिया और कहा कि इसे अपनी पत्नी धुंधली को खिला देना लेकिन, उसकी पत्नी ने फल खुद नहीं खाया और इसे गाय को खिला दिया। कुछ समय बाद गाय ने एक बच्चे को जन्म दिया, जो एक मनुष्य के रूप में था। उसका नाम गोकर्ण रखा गया। वहीं, धुंधली को उसकी बहन ने अपना एक पुत्र दे दिया, जिसका नाम धुंधकारी रखा गया। इस दौरान यज्ञ आचार्य अतुल शुक्ला, भोले मिश्रा, सुधाकर तिवारी, आदित्य मिश्रा, धीरेंद्र शुक्ला, अनूप शुक्ला, अनिल शुक्ला आदि रहे।

# निरस्त पुलिस भर्ती परीक्षा दो माह में कराए जाने की मांग

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष जीवेंद्र वाजपेयी ने राज्यपाल को पत्र भेजकर निरस्त की गई पुलिस भर्ती परीक्षा दोबारा दो माह में कराए जाने की मांग की है। उन्होंने भेजे गए पत्र में कहा है कि विगत दिनों राज्य में पुलिस भर्ती परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसमें परीक्षा का पेपर लीक हो जाने के कारण प्रदेश सरकार ने पुलिस भर्ती परीक्षा निरस्त कर दोबारा छह माह में कराने का आदेश दिया है जो कि अनुचित है, जिसके कारण पुलिस भर्ती के अभ्यर्थियों पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। अभ्यर्थी लंबे समय से पुलिस भर्ती का इंतजार कर रहे थे। परीक्षा निरस्त होने से अभ्यर्थी परेशान हैं, इसलिए निरस्त परीक्षा दो माह में कराए जाने की संस्तुति करते हुए प्रदेश सरकार को प्रेषित की जाए। भेजे गए ज्ञापन पर आशीष त्रिपाठी, शाहनवाज, वसीम, अनुज वाजपेयी, गोपाल, कुलदीप गुप्ता, अभिषेक त्रिपाठी, नदीम आदि के हस्ताक्षर हैं।

# खेलकूद में ढकिया तिवारी और परसरा का दबदबा



निगोही में पुरस्कारों के साथ खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के विजेता।

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर/ निगोही**

**अमृत विचार:** नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में विकासखंड निगोही के गांव ढकिया तिवारी में खंड स्तरीय खेलकूद कराए गए। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार दिए गए।

कबड्डी प्रतियोगिता में ढकिया तिवारी विजेता और परसरा उपविजेता, वालीबॉल में परसरा विजेता और ढकिया तिवारी उपविजेता, खो-खो में ढकिया तिवारी विजेता और छतेनी उपविजेता, रस्साकशी में भी ढकिया तिवारी विजेता और परसरा उपविजेता रही। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य कृष्णपाल कनौजिया समेत अन्य अतिथियों ने विजेताओं को मेडल और प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। निर्णायक मंडल में बृजेश कुमार, नितिन, अवधेश, संजुल सिंह आदि शामिल रहे। जिला परियोजना अधिकारी विनय कुमार सक्सेना, राजा, अवधेश, नितिन, रवि सक्सेना, बृजेश कुमार आदि का सहयोग रहा।

**एक नजर**

### मिर्जापुर में युवा चौपाल का हुआ आयोजन

**मिर्जापुर।** लोकसभा भाजयुमो जिलाध्यक्ष रोहित सिंह के निर्देश पर सोमवार को युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष राजन रघुवंशी के नेतृत्व में गांव चिकटिया, ढाई, सादिकपुर, बहरिया, खेल मैदान, ढाई घाट आदि कई स्थानों पर युवा चौपाल का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व शक्ति बनने की तरफ निरंतर अग्रसर है। युवा मोर्चा के कार्यकर्ता केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला मंत्री व विस्तारक प्रियांशू शुक्ला ने मंडल में आयोजित चौपाल में युवा मोर्चा की तैयारियों का अवलोकन कर जनसंपर्क करने व उसमें तेजी लाने के निर्देश दिए। चौपाल में मोहित सिंह, कुणाल गुप्ता, अक्षय सिंह, कन्हैया गौतम, केशव मिश्रा, विदित गुप्ता, श्याम बिहारी, विनोद कुशवाहा आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे मौजूद रहे।

### ट्रेन के स्टापेज के लिए दिया ज्ञापन

**शाहजहांपुर।** भाजपा के कटरा अध्यक्ष रजत शर्मा ने डीआरएम को संबोधित ज्ञापन कटरा स्टेशन मास्टर को दिया। उन्होंने ज्ञापन में बताया कि कटरा स्टेशन पर ट्रेनों के स्टॉपेज न होने से दिक्कत होती है। जनता की परेशानी को ध्यान में रखते हुए चार एक्सप्रेस ट्रेनों व पैसेंजर ट्रेनों का स्टॉपेज कटरा में किया जाए। ज्ञापन देने वालों में सुरेंद्र गुप्ता, फरीद बेग, राम निवास शर्मा, वीरू सक्सेना, विमलेश आदि थे।

# मां के हत्यारे बेटे को कोर्ट ने सुनाई उम्रकैद की सजा

## तहेरे भाई ने दर्ज कराई थी आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- वर्ष 2022 में मां के सिर पर हंसिया से प्रहार कर की थी हत्या
- कोर्ट ने दोषी पर 30 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया

**अमृत विचार:** वर्ष 2022 में हंसिया से प्रहार कर मां की हत्या करने के मामले में दोष सिद्ध होने पर कोर्ट ने अभियुक्त बेटे को उम्रकैद और अर्थदंड से दंडित किया है।

थाना रोजा के गांव मुकरमपुर निवासी छोटेलाल ने 19 मार्च 2022 को पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 75 वर्षीय चाची रामवती का बेटा रामनरेश शाम को नशे की हालत में आया और किसी बात को लेकर अपनी मां रामवती से झगड़ने लगा। इसी दौरान उसने सिर में हंसिया से प्रहार कर रामवती की हत्या कर दी। जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी कर शव पोस्टमार्टम को भेजा।

इस मामले में पुलिस ने छोटेलाल की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना के उपरांत आरोप पत्र न्यायालय भेज दिया। न्यायालय एएसजे द्वितीय में मुकदमे की सुनवाई के दौरान गवाहों के बयान और शासकीय अधिवक्ता उमेश चंद्र अग्निहोत्री के तर्कों को सुनने और पत्रावली का अवलोकन करने के बाद दोष सिद्ध होने पर न्यायाधीश ने अभियुक्त रामनरेश को आजीवन कारावास और 30 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। इस मुकदमे में अभियुक्त को उसके किए की सजा दिलवाने के लिए पुलिस टीम में शामिल मॉनीटरिंग सेल के निरीक्षक शिवदीन वर्मा, उपनिरीक्षक ख्यालीराम, हेड कांस्टेबल वेदप्रकाश टम्टा, कांस्टेबल सुमित कुमार, सावन कुमार और रोजा थाने के पैरोकार कांस्टेबल मनोहर व कोर्ट मोहर्रिर महिला कांस्टेबल शिवानी चौधरी ने कड़ी पैरवी की।

### पॉक्सो एक्ट के दोषी को पांच वर्ष की कैद

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** नाबालिग से छेड़छाड़ और मारपीट करने के आरोपी को कोर्ट ने दोष सिद्ध होने पर पांच वर्ष की कैद और छह हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। थाना मिर्जापुर क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि12 जून 2021 को उसकी 12 वर्षीय बेटी अपनी सहेलियों के साथ दोपहर करीब 12 बजे बाग में गई थी, जहां से लौटते समय रास्ते में तिलहईया गांव निवासी शंकर ने बेटी को पकड़ लिया और उसके साथ छेड़छाड़ करनी शुरू कर दी, विरोध करने पर मारपीट कर उसके कपड़े फाड़ दिए। घटना के अगले दिन पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना के उपरांत आरोप पत्र न्यायालय भेज दिया। न्यायालय एएसजे 43 में मुकदमे की सुनवाई के दौरान गवाहों के बयान और शासकीय अधिवक्ता दीप कुमार गुप्ता के तर्कों को सुनने और पत्रावली का अवलोकन करने के बाद दोष सिद्ध होने पर न्यायाधीश ने अभियुक्त शंकर को पांच वर्ष की कैद और छह हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

## पात्रों को योजना का लाभ दिलाए जाने की मांग

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** आजाद अधिकार सेना के जोनल कोऑर्डिनेटर शैलेश कुमार ने डीएम को भेजे पत्र में बताया कि ब्लॉक भावलखेड़ा के ग्राम पंचायत बल्लिया में अंजू पुत्री राजू, अहमदनगर निवासी ममता पुत्री श्रीपाल, बहादुरपुर निवासी अनुजा पुत्री आशाराम ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में ऑनलाइन आवेदन किया था लेकिन इन के आवेदन निरस्त कर दिए गए।

आरोप लगाया कि संबंधित अधिकारी को रिश्वत नहीं दिए जाने पर ऐसा किया गया है। वहीं गैर सहायतित मान्यता प्राप्त विद्यालयों द्वारा शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 का अनुपालन भी नियमानुसार नहीं किया जा रहा है। नियमानुसार वर्ष 2013-14 से वर्तमान सत्र 2023-24 तक अभिभावकों को पाठ्य पुस्तकें, अभ्यास पुस्तिकाएं एवं यूनिफार्म क्रय किए जाने के लिए प्रदान की गई वित्तीय सहायता प्रति छात्र 500 रुपये मामले की उच्च स्तरीय जांच कराते हुए दोषियों पर कार्रवाई की जाए। उन्होंने सामूहिक विवाह योजना के मामले की जांच कराकर पात्रों को योजना का लाभ दिलाए जाने की मांग की है।

# अब नरौठा में दिखी तेंदुआ की चहलकदमी, दहशत में ग्रामीण

संवाददाता, खुटार


ग्रामीणों से सतर्कता बरतने की अपील करते रेंजर मनोज श्रीवास्तव। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव सीतापुर में दो तेंदुआ के देखे जाने के बाद अब रविवार रात को गांव नरौठा हंसराम में चहलकदमी देखी गई है। तेंदुआ रात में गुर्रा रहा था। आबादी के बीच तेंदुआ के आने से लोग दहशत में है। उधर, डीएफओ की गठित की टीमें निगरानी कर रही हैं। साथ ही लोगों को सतर्कता बरतने की अपील भी की है। दो तेंदुआ के चलते आसपड़ोस गांव में दहशत फैली है। लेकिन तेंदुआ को जंगल की ओर खदेड़ा नहीं गया है।

22 फरवरी को तेंदुआ ने गांव नरौठा देवीदास निवासी दीपक पर हमला कर घायल कर दिया था और रात को सीतापुर के रहने वाले अंकुल वर्मा पर हमला कर दिया था। तेंदुआ ने दो छुट्टा पशुओं को निवाला बनाया है। ग्रामीणों ने बताया कि तेंदुआ गन्ने में छिपा बैठा है। रात को गन्ने से बाहर निकलकर पशुओं पर हमला कर निवाला बना रहा है। इससे लोग दहशत में है। अब सीतापुर से एक किमी दूर गांव नरौठा हंसराम में तेंदुआ देखा गया है। ग्रामीणों ने बताया कि रविवार रात को तेंदुआ के गुर्राने की आवाज सुनाई दे रही थी। आबादी के नजदीक तेंदुआ आने से लोग जागते रहे। इससे रात को घर के बाहर अकेले जाने से खतरा रहता है। उधर, गांव सीतापुर में सोमवार को डिप्टी रेंजर विकास प्रताप सिंह, वन दरोगा डोरीलाल, शिशुपाल सागर, अशोक वाजपेई ने गांव सीतापुर, लुकटाह, कढ़ैया, सिंहपुर, सहारू में खेतों की ओर काबिंग की। इसके साथ ही लोगों को जागरूक किया है। इधर, रेंजर मनोज श्रीवास्तव अपनी टीम के साथ गश्त कर लोगों से सतर्कता बरतने की अपील कर रहे हैं।

### रेंजर बोले...समूह बनाकर खेतों पर जाएं

रेंजर मनोज श्रीवास्तव ने जंगली जानवरों से बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया। इसके अलावा गांव सीतापुर में शाहजहांपुर और खुटार वन विभाग टीम निगरानी कर रही है। रेंजर मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि किसान खेतों के ओर जाने के दौरान एक समूह बनाकर जाएं। हो सके तो शोर करते रहें। अगर झाड़ियों और गन्ने में जंगली जानवर बैठा होगा तो भाग जाएगा। साथ ही पीपा, मोबाइल और बाजे की तेज ध्वनि बजाते रहें। रेंजर ने बताया कि अगर किसी तरह का जंगली जानवर दिखे तो इसकी सूचना दें, जिससे उसे खदेड़ा जा सके। टीमें लगातार निगरानी कर रही हैं।

> लगातार कांबिंग की जा रही है और ग्रामीणों से सतर्कता बरतने की अपील भी की जा रही है। नरौठा में तेंदुआ होने की किसी के द्वारा कोई सूचना नहीं मिली है। फिर भी वन कर्मियों को मौके पर भेजकर दिखवाया जाएगा।
> 
> **-मनोज श्रीवास्तव**, रेंजर खुटार

### युवक को पीटकर किया घायल, तीन नामजद

**शाहजहांपुर।** मिर्जापुर थाना क्षेत्र के वानगांव निवासी वहोरन ने बताया कि शनिवार को उनके बच्चे गांव में स्थित मंदिर पर कन्या भोज में गए थे। पड़ोसी गांव शंकरपुर के रामऔतार यादव आदि उसके बच्चों को जाति सूचक शब्द कहते हुए गाली देने लगे। उसके चचेरे भाई नन्हे ने मना किया तो आरोपियों ने नन्हे को लोहे की रॉड से पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने रामऔतार यादव, राधे यादव, राजीव, संजीव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### खेत पर गई महिला से छेड़छाड़, रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर।** मिर्जापुर थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने बताया कि 23 फरवरी की रात आठ बजे खेत पर लघुशंका करने के लिए गई। वह खेत से वापस घर आ रही थी। रास्ते में गांव के विजय कुमार ने गलत नीयत से पकड़ लिया और छेड़छाड़ करने लगा। महिला ने शोर मचाया तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी विजय कुमार के खिलाफ छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# योजनाओं का लाभ लेने को जागरुकता जरूरी


कपसेड़ा गांव में युवा चौपाल को संबोधित करते सहकारी बैंक के चेयरमैन डीपीएस राठौर।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- भाजपा युवा मोर्चा की चौपाल में जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन ने युवाओं में भरा जोश

**अमृत विचार:** भाजपा युवा मोर्चा के तत्वावधान में ददरौल मंडल के गांव घुसवारी और कपसेड़ा में युवा चौपाल का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन डीपीएस राठौर ने युवाओं का आह्वान किया कि वह गांव-गांव जाकर मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक करें। जागरूक लोग ही योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं।

डीसीबी चेयरमैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आमजन के लिए तमाम ऐसी योजनाएं चलाई हैं, जिनका लाभ उठाकर आगे बढ़ा जा सकता है। कहा कि देश के युवाओं और महिलाओं ने मोदी सरकार की हैट्रिक लगाने का मन बना लिया है। इंडिया गठबंधन के नेताओं की बातों को देश के नौजवान गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी देश की रीढ़ है और युवा मोर्चा भाजपा की रीढ़ है। मंडल अध्यक्ष भगवान दीन कनौजिया ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सुमित भदौरिया, अनुज ठाकुर, विनोद तिवारी, सुबोध यादव, नितेश चौहान, शुभम तिवारी, सत्यम सिंह चौहान, शैलेश सिंह, शिवेंद्र यादव, प्रतीक दीक्षित, हिमांशु, प्रियांशु, सौरव, राजबहादुर, रामबाबू कश्यप, प्रखर प्रताप सिंह, राम औतार शर्मा आदि मौजूद रहे।


## भाजपा 400 पार जाकर बनाएगी नया कीर्तिमान

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** भाजपा के लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत भावलखेड़ा मंडल में कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा जनहित में किये जाने वाले कार्यों एवं योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा और उनकी सहयोगी दल 400 से अधिक सीटें जीतकर नया कीर्तिमान बनाएंगे।

मुख्य वक्ता अवधेश दीक्षित ने लाभार्थी संपर्क अभियान के उद्देश्य एवं कार्यक्रम के विषय में कार्यकर्ताओं को जानकारी दी। आईटी प्रमुख नितेश गुप्ता ने पार्टी के डिजिटल मोड पर कार्य करने समेत नमो एवं सरल ऐप से संबंधित जानकारी दी। मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र वर्मा, सुरेंद्र वाल्मीकि, मंडल महामंत्री तरुण शर्मा, मानवेंद्र सिंह, अजय सिंह, मनोज सिंह, ब्लॉक प्रमुख राजाराम, शक्ति केंद्र संयोजक सुरेंद्र पाल आदि मौजूद रहे।

# पुलिस भर्ती परीक्षा पेपर लीक की हाईकोर्ट की निगरानी में जांच कराए जाने की मांग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार को ज्ञापन सौंपते आप कार्यकर्ता और पदाधिकारी।

- आम आदमी पार्टी ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा

**अमृत विचार:** आम आदमी पार्टी ने यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक मामले की जांच की मांग को लेकर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार को सौंपा। जिसमें यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा पेपर लीक की हाईकोर्ट की निगरानी में जांच कराए जाने, पेपर लीक करने वाले सभी दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किए जाने और परीक्षा को एक माह के भीतर कराए जाने की मांग की गई है।

पार्टी के जिलाध्यक्ष राजीव के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि 17 और 18 फरवरी को हुई भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हो गया और लाखों परीक्षार्थियों के मेहनत पर पानी फिर गया। आम आदमी पार्टी मांग करती है कि यूपी पुलिस भर्ती और समीक्षा अधिकारी परीक्षा पेपर लीक की हाईकोर्ट की निगरानी में जांच कराई जाए, पेपर लीक करने वाले सभी दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए और परीक्षा को दोबारा एक माह के भीतर कराया जाए।

## जमीन के विवाद में छह लोग घायल

**पुवायां।** महुरेना गांव के नौरंग ने बताया कि गांव में खाली पड़ी जमीन पर उनकी मां गुड्डी देवी उपले थोप रही थी। तभी गांव के विपिन, नितेश, कपिल, सुमन ने उनको पीटा। उसकी मां को बचाने आई बहन नन्ही देवी और चाचा धर्मपाल को भी आरोपियों ने मारा-पीटा और घायल कर दिया। उधर, दूसरे पक्ष की ओर से दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा गया है कि धर्मपाल से उनकी लड़ाई हो गई थी जिस पर धर्मपाल, नवरंग ने नितेश और सुमन को पीट कर घायल कर दिया।

# टेंपो पलटने से दबकर एक व्यक्ति की मौत

संवाददाता, रोजा/ भावलखेड़ा

- सोमवार की दोपहर भावलखेड़ा के पास हुआ हादसा

**अमृत विचार :** सोमवार की दोपहर गोला मार्ग पर टायर पंचर हो जाने टेंपो से पलट गया। जिससे टेंपो में सवार आधा दर्जन सवारियां घायल हो गई। जिसमें एक सवारी गंभीर रूप में घायल हो जाने से उसे उपचार के लिये जिला अस्पताल भेज दिया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

गोला मार्ग पर भावलखेड़ा के पास तेज रफ्तार से आ रहे टेंपो का टायर पंचर हो जाने से पलट गया। जिससे उसमें सवार सवारियां टेंपो के नीचे दबकर घायल हो गईं। राहगीरों ने टेंपो को सीधा कर टेंपो के नीचे दबी सवारियों को निकाला। सूचना मिलते ही सुभाषचन्द्र बोस पुलिस चौकी प्रभारी मौके पर पहुंच गए। गंभीर रूप में घायल थाना क्षेत्र के गांव सुतनेरा निवासी दरबारी (55) पुत्र छोटका को जिला अस्पताल भेज दिया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। दरबारी की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।






# अधर में लटका बिजली घर का निर्माण नहीं पूरी हो पा रही लोगों की उम्मीद

## 10 करोड़ रुपये की लागत से दूसरा उपकेंद्र बनाए जाने का चल रहा प्रयास

संवाददाता, कलान

**अमृत विचार :** कस्बे में लगभग 10 करोड़ की लागत से बनने वाले दूसरे बिजलीघर का निर्माण अभी तक अधर में लटका है, यह स्थिति तब है, जबकि जमीन का चयन कर विद्युत विभाग बरेली की टीम द्वारा सर्वे किया जा चुका है। एक वर्ष से अधिक समय हो जाने के बाद अभी तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है। इससे लोगों की बेहतर बिजली मिलने की उम्मीद पूरी नही हो पा रही है।


कलान में जमीन का सर्वे करती बरेली से आई विद्युत विभाग की टीम।(फाइल फोटो)।

कलान कस्बे में बिजली की समस्या बनी रहती है। इकलौते विद्युत उपकेंद्र से पूरे क्षेत्र व कस्बे में सप्लाई की जाती है। इस कारण ओवरलोड की समस्या होने के कारण आए दिन फाल्ट आ जाता है। जिससे कस्बे व आसपास के क्षेत्रों में घंटों बिजली गुल रहती है। कस्बे के लोगों की मांग पर विद्युत विभाग के अधिकारियों ने शासन से कलान में कस्बे के लिए अलग विद्युत बिजली घर बनाए जाने की मांग की। इसके लिए शासन से हरी झंडी मिल गई। बीते साल अप्रैल माह में बरेली अधीक्षण अभियंता सेकेंडरी वर्ग जेपी वर्मा, अधिशासी अभियंता प्रीतम सिंह की टीम ने कलान पहुंचकर सर्वे कर जमीन का चयन किया।

विद्युत उपकेंद्र के परिसर में ही दूसरा बिजली घर बनाया जाएगा। जिससे कलान कस्बे के लिए सप्लाई की जाएगी। नए बिजलीघर का निर्माण होने पर कस्बे के लोगों को बिजली की समस्या से निजात मिलेगी। लगभग आठ माह गुजर जाने के बाद भी विद्युत उपकेंद्र निर्माण को लेकर कार्य नहीं शुरू किया जा सका है, इससे नगर वासियों को लग रहा है कि विद्युत उपकेंद्र का सपना अभी जल्द पूरा नहीं हो पाएगा।

- **जमीन सर्वे करने के बाद आगे नहीं बढ़ पा रही कोई कार्रवाई**

> कस्बे में दूसरा बिजली घर बनाया जाएगा। जिसके लिए बरेली की टीम द्वारा सर्वे किया जा चुका है। जमीन का चयन हो गया है। प्रक्रिया जारी है, विभाग के उच्चाधिकारियों से आदेश पर आगे की कार्रवाई का इंतजार है।
> –**रामसुरेश, जेई,** कलान विद्युत बस स्टेशन।

# मैली से भरे ट्रक के केबिन में शार्ट सर्किट से लगी आग


ट्रक में लगी आग पर काबू पाने की कोशिश में जुटे दमकल कर्मी। ● अमृत विचार

संवाददाता, रोजा

- **दमकल यूनिट ने बमुश्किल आग पर पाया काबू**

**अमृत विचार :** सोमवार सुबह गन्ने की मैली से लदे ट्रक के केबिन में शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लग गई। आग लगने से पूरा ट्रक धूं धूं कर जलने लगा। जिससे पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया।

जनपद मुरादाबाद के थाना ठाकुरद्वारा के जफराबाद निवासी ट्रक चालक मारूफ ने बताया कि सोमवार की सुबह करीब 11 बजे वह मुजफ्फरनगर से गन्ने के रस मैली ट्रक से लेकर सरही जमुका मार्ग पर स्थित कटिया गांव के पास मैली का कोयला बनाने वाले प्लांट पर आया हुआ था। उसने ट्रक प्लांट पर लगाकर सोमवार सुबह मजदूरों से मैली उतरवानी शुरू कर दी। तभी ट्रक के केबिन से तेज धुंआ निकलने लगा। जब तक कुछ समझ पाता तब तक आग की लपटें उठने लगीं। आसपास के लोगों ने आग को बुझाने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड टीम मौके पर पहुंच गई। एक घंटे की मशक्कत के बाद टीम ने आग पर काबू पा लिया। आग लगने से ट्रक का केबिन पूरी तरह जल गया।

## किमसं के जिलाध्यक्ष अमरजीत सिंह का निधन

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के जिला अध्यक्ष अमरजीत सिंह (43) का सोमवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। शाम करीब 6 बजे उन्होंने आखिरी सांस ली।


अमरजीत सिंह।

किसान नेता सचिन मिश्रा ने बताया कि उनका जाना बहुत बड़ी क्षति है। उनकी कमी को पूरा नहीं किया जा सकता है। वह सच्चे किसान हितैषी और ईमानदार व्यक्ति थे। वह लगातार किसानों के हित के लिए लड़ते रहे। सोमवार को अपने निवास रायपुर पतियात खुटार में थे। इसी दौरान उनकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन उन्हें लेकर पीलीभीत के एक अस्पताल में पहुंचे। यहां इलाज के दौरान शाम को लगभग छह बजे उनका निधन हो गया। वह साल 2000 से संगठन के जिलाध्यक्ष थे। उनके निधन पर तहसील अध्यक्ष उमाशंकर गंगवार, ब्लॉक अध्यक्ष सतनाम सिंह संधू, लवप्रीत सिंह, अमरीश दीक्षित आदि ने शोक जताया।

## मारपीट में दो लोग घायल, रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** चौक कोतवाली के मोहल्ला हुसैनपुरा निवासी आशा तिवारी ने बताया कि रविवार की दोपहर एक बजे उसका पुत्र श्यामू तिवारी राज मिस्त्री नन्हे को बुलाने घर पर गया था। वह राम मंदिर के पास पहुंचा तो मोहल्ले के बाबू आदि ने उसे रोक लिया और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे तमंचे के बट को पीटकर घायल कर दिया। आरोप है कि आरोपी ने तमंचे से फायर किया जो मिस हो गया। इससे उसकी जान बच गई। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। घटना का कारण पुरानी रंजिश बताया जाता है। पुलिस ने घायल श्यामू का मेडिकल परीक्षण कराया। पुलिस ने आरोपी बाबू, राज जोशी तथा दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।



















# दो सगे भाइयों समेत तीन पर दुष्कर्म और आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, सिंधौली

- **रात को प्रेमी ने युवती को फोन कर बुलाया था**
- **बाद में सुसाइड नोट लिखकर युवती ने कर ली थी आत्महत्या**

**अमृत विचार :** आठ दिन पहले सुसाइड नोट लिखकर फंदे पर लटक कर युवती के आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने मृतका के पिता की तहरीर पर दो सगे भाइयों सहित तीन लोगों के खिलाफ दुष्कर्म और आत्महत्या के लिए उकसाने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

> मृतका के पिता की तहरीर के आधार पर तीन आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म और आत्महत्या के लिए उकसाने आदि की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। विवेचना जारी है।
> –**धर्मेंद्र गुप्ता,** इंस्पेक्टर

क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि उसके गांव में सरकारी पानी की टंकी का निर्माण कार्य चल रहा है, जिसके निर्माण कार्य में थाना गढिया रंगीन के गांव अजमाबाद निवासी जितेश यादव, सुरजीत यादव पुत्र हरिश्चंद्र, संदीप लगे हुए हैं। 18 फरवरी की रात 11 बजे उसकी 19 वर्षीय पुत्री को जितेश यादव ने फोन करके बुला लिया। यह बात बेटी ने उसे तब बताई जब वह रात में बेटी को खोजते हुए पंचायत घर से थोड़ी दूर पहुंचे तो बेटी के चीखने की आवाज सुनाई दी, जब वह पास गए और टार्च की रोशनी डाली तो देखा कि जितेश बेटी के साथ दुष्कर्म करने की कोशिश कर रहा था। टार्च की रोशनी पड़ते ही जितेश अपने दो साथियों के साथ मौके से भाग गया। इसके बाद वह बेटी को घर ले आए। बेटी को समझाबुझाकर खाना खाने के बाद सो गए। बेटी भी सोने के लिए कमरे में चली गई। लोकलाज के भय के कारण बेटी ने साड़ी से फंदा लगाकर कमरे में पंखे के कुंडे से लटक कर आत्महत्या कर ली।


पीड़ित परिवार ने रात में ही पुलिस को सूचना दी। पीड़ित ने बताया कि वाहन की व्यवस्था नहीं होने के कारण अगले दिन थाने पहुंचकर मामले में पुलिस से कार्रवाई की मांग की थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दुष्कर्म और आत्महत्या के लिए उकसाने आदि की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर ली। बता दें कि युवती ने आत्महत्या करने से पहले एक सुसाइड नोट भी छोड़ा था, जिसमें उसने लिखा था कि वह आत्महत्या अपनी मर्जी से कर रही है। इसमें उसके परिवार की कोई गलती नहीं है। युवती ने नोट में कहा था कि उसके परिवार को कोई कुछ न बोले और कुछ न करे। उसने यह भी लिखा था कि सॉरी माई फैमिली एंड माई लव।

# मंडी परिसर से ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी

संवाददाता, जलालाबाद

- **आलू बेचने आया था किसान पुलिस ने सीसीटीवी खंगाले**
- **सीसीटीवी में एक व्यक्ति की ट्रैक्टर-ट्रॉली ले जाते दिखी फुटेज**

**अमृत विचार :** आलू बेचने आए किसान का मंडी समिति से ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मंडी में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली, जिसमें एक व्यक्ति ट्रैक्टर-ट्रॉली ले जाते हुए धुंधली तस्वीर के साथ दिख रहा है। पुलिस इसी फुटेज के आधार पर चोर की तलाश में जुटी हुई है। वहीं इस घटना से मंडी आने वाले किसान चिंतित हैं कि कहीं इसी तरह की घटना उनके साथ न हो जाए।


सीसीटीवी कैमरे में दिख रहा ट्रैक्टर-ट्रॉली।

थाना मिर्जापुर के गांव सिंगहा यूसुफपुर निवासी सत्यपाल पुत्र हरीनाथ 95 बोरी आलू ट्रैक्टर-ट्रॉली में लादकर शाम तकरीबन सात बजे नगर स्थित कृषि उत्पादन मंडी समिति में कृष्णाकांत दीक्षित की आढ़त पर आए थे। आलू उतारने के बाद उन्होंने साइड में जाकर ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़ा कर दिया। आलू बिक्री करने के बाद के जब वह घर जाने के लिए अपना ट्रैक्टर-ट्रॉली देखने गए तो ट्रैक्टर-ट्रॉली गायब था। जिससे उनके होश उड़ गए। पूरी मंडी में उन्होंने चक्कर लगाए लेकिन ट्रैक्टर-ट्रॉली का कुछ पता नहीं चला। इसके बाद थाने में जाकर उन्होंने घटना की तहरीर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मंडी में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखी, जिसमें एक व्यक्ति ट्रैक्टर-ट्रॉली ले जाते हुए दिखाई दे रहा है, जिसकी पुलिस ने फुटेज के आधार पर तलाश शुरू कर दी है। वहीं आढ़तियों और मंडी आने वाले किसानों ने चोरी की इस घटना पर चिंता जताते हुए का कहा है कि जब मंडी में ट्रैक्टर-ट्रॉली सुरक्षित नहीं है, तब फिर वह आखिर अपने ट्रैक्टर-ट्रॉली कहां खड़े करेंगे। किसानों ने चोरी गए ट्रैक्टर-ट्रॉली की बरामदगी और चोर की गिरफ्तारी किए जाने की मांग की है।

> ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी की तहरीर मिली है। सीसीटीवी फुटेज देखी है, उसको आधार मानकर व लोगों से जानकारी करके चोर की तलाश की जा रही है, जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।
> –**हरिपाल सिंह बालियान,** कोतवाल

## खेत में मिला गोवंश का शव, करंट से मौत का आरोप

**रोजा, अमृत विचार :** सोमवार की सुबह हथौड़ा गांव में गोवंश की मौत की खबर पर गोरक्षा दल के सदस्य मौके पर पहुंचे और हंगामा करने लगे। गोरक्षा दल के बरेली मंडल अध्यक्ष दीपक गुप्ता ने बताया कि सुबह उन्हें जानकारी मिली कि गांव के बीच आबादी में एक खेत में गोवंश की मौत हो गई है। पता चला की खेत में लगे तारों में दौड़ रहे करंट से गोवंश की मौत हुई है। जिसका खेत है वह तार हटाकर चला गया है। पुलिस ने पशु चिकित्सा अधिकारी से पोस्टमार्टम करवाया। बाद में गोवंश का अंतिम संस्कार किया गया। वहीं गोरक्षा दल के दीपक गुप्ता ने खेत मालिक पर कार्रवाई की मांग की है। गोरक्षा दल को टीम में दीपक गुप्ता अतुल रस्तोगी, आशीष गुप्ता, सतीश शर्मा, विनय साहू, मनोज शर्मा, ध्रुव गुप्ता, अभिषेक सक्सेना, पीयूष सक्सेना, विवेक गुप्ता आदि गोसेवक मौजूद थे।

## काव्य गोष्ठी का आयोजन आज

**पुवायां।** अंतरराष्ट्रीय काव्य प्रेमी मंच इकाई उत्तर प्रदेश की ओर से काव्य गोष्ठी का आयोजन 27 फरवरी होगा। होली चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल प्रांगण में 27 फरवरी दोपहर तीन बजे से अंतरराष्ट्रीय साहित्यिक संस्था अंतरराष्ट्रीय काव्य प्रेमी मंच की संस्थापक डॉ. ममता सैनी के निर्देशानुसार मंच के प्रदेश सचिव विजय तन्हा के संयोजन में क्रांतिकारी शहीद चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस के अवसर पर काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया है। गोष्ठी में मुख्य अतिथि सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जयप्रकाश पांडे एडवोकेट और विशिष्ट अतिथि के रूप में सुबोध वर्मा एडवोकेट मौजूद रहेंगे।

# 43 वाहनों का चालान, आठ सीज

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** कासगंज में हुए हादसे को लेकर डीएम के निर्देश पर वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया गया। एआरटीओ प्रवर्तन शांति भूषण पांडेय ने वाहनों को चेक किया। इस दौरान 43 वाहनों का चालान किया गया और प्राइवेट बस समेत आठ वाहनों को सीज कर दिया गया। वाहनों को संबंधित थानों में खड़ा करा दिया गया। ट्रैक्टर चालकों को निर्देश दिए गए है कि ट्राली का प्रयोग कृषि के लिए ही करें।


वाहन चालान की जानकारी देते एआरटीओ प्रवर्तन शांति भूषण पांडेय।

- **एआरटीओ ने ट्राली का प्रयोग कृषि कार्य में ही करने के चालकों को दिए निर्देश**

एआरटीओ प्रवर्तन शांति भूषण पांडे ने टीम के साथ सोमवार को जलालाबाद और अल्हागंज क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। इस अभियान के तहत 43 वाहनों का चालान किया गया। अल्हागंज क्षेत्र में दिल्ली जा रही तीन प्राइवेट बसों को सीज करके संबंधित थाने में खड़ा करा दिया। साथ ही तीन जीप व दो टैंपों को सीज करके थाने पर खड़ा करा दिया। चालान किए वाहनों का टैक्स जमा नहीं था, फिटनेस नहीं थी, परमिट नहीं था और सवारियां ओवरलोड थीं। एआरटीओ की गाड़ी को देखकर टैंपो, मैजिक, जीप वाले वापस मोड़कर दूसरे रास्ते से निकालकर ले गए। उन्होंने कहा कि ट्राली का प्रयोग कृषि कार्य के लिए किया जाए। ट्राली में लोग बैठे मिले तो ट्राली को सीज कर दिया जाएगा। एआरटीओ शांति भूषण पांडे ने कहा कि नियम के विरुद्ध वाहनों का संचालन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## एक नजर

### देशी रायफल लेकर घूम रहा युवक गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** कटरा प्रभारी निरीक्षक गौरव त्यागी ने बताया कि सोमवार को दिन में साढ़े 11 बजे हीरपुर तिराहे पर घूम रहे युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक देशी रायफल बरामद की है। पकड़ा गया आरोपी पूरल लाल निवासी बेहटा मुरादपुर थाना कटरा है। पुलिस ने उसका चालान कर दिया। इधर कलान प्रभारी निरीक्षक प्रभाष चंद्र ने बताया कि उदयपाल निवासी पोहप नगला थाना कलान के खिलाफ कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

### घरेलू विवाद में युवक ने खाया जहर

**पुवायां।** कोतवाली के गांव इटौली निवासी मनोज कुमार (30) ने घरेलू विवाद के चलते जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया गया। गंभीर हालत में परिजन उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर इलाज के लिए पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने इलाज के बाद मनोज की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### महिला को गलत नीयत से पकड़ने का आरोप

**मिर्जापुर।** मिर्जापुर थाना क्षेत्र के गांव की महिला ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 23 फरवरी को रात 9 बजे खेत पर जा रही थी। रास्ते में गांव के विजय ने उसे गलत नीयत से पकड़ कर छेड़छाड़ की। शोर मचाने पर युवक गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया।



निगोही में पुतला फूंकते किसान। ● अमृत विचार




किसानों के प्रदर्शन के दौरान टोल प्लाजा पर कुछ इस तरह सन्नाटा रहा।



पुवायां क्षेत्र में धरने पर बैठे किसान। ● अमृत विचार

# डब्ल्यूटीओ के विरोध में किया प्रदर्शन, निकाला ट्रैक्टर मार्च

## पुवायां में किसानों ने टोल प्लाजा पर किया प्रदर्शन, निगोही में डब्ल्यूटीओ का पुतला फूंककर की जोरदार नारेबाजी

संवाददाता, पुवायां/निगोही

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट की ओर से सोमवार को पुवायां और निगोही क्षेत्र में डब्ल्यूटीओ के विरोध में प्रदर्शन किया गया। पुवायां के सबली कटेली में किसानों ने टोल प्लाजा पर प्रदर्शन करते हुए सरकार से मांगें मानने की अपील की। इसी तरह निगोही में भी किसानों ने प्रदर्शन करते हुए डब्ल्यूटीओ और हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर का पुतला फूंका।

पुवायां में भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के जिला अध्यक्ष मनजीत सिंह धालीवाल के नेतृत्व में दिल्ली बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन के समर्थन में राष्ट्रीय राजमार्ग मैगलगंज-पूरनपुर नेशनल हाईवे पर सबली कटेली टोल प्लाजा पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया। जो दिन में 11 बजे से लेकर तीन बजे तक चला। इस दौरान थाना पुवायां और बंडा प्रभारी निरीक्षक पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष मनजीत सिंह धालीवाल की ओर से धरना प्रदर्शन के दौरान मौके पर आए उप जिलाधिकारी संजय पांडे को राष्ट्रपति को संबोधित करते हुए 7 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई है कि विश्व व्यापार संगठन के विरोध में भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा की तरफ से विश्व व्यापार संगठन की नीतियों का खुला विरोध किया जाता है। हमारा कहना है कि भारत की कृषि को विश्व व्यापार संगठन से बाहर रखा जाए और भारत की आर्थिक स्वायत्ता की रक्षा की जाए। कॉरपोरेट समर्थक भारत सरकार को दंडित किया जाए और सभी फसलों के लिए एमएसपी व सी-2 प्लस 50 प्रतिशत कानूनी गारंटी के साथ खरीदा जाए। खाद्य सुरक्षा प्रणाली व किसानों की रक्षा की जाए और लखीमपुर हिंसा में मारे गए किसानों के अपराधी व धारा 120 बी के आरोपी को बर्खास्त कर तुरंत गिरफ्तार किया जाए।

खनोरी बॉर्डर पर हरियाणा पुलिस की ओर से पंजाब की जमीन पर जाकर मारे गए किसानों की हत्या की रिपोर्ट हरियाणा सरकार और उच्च अधिकारियों पर पंजीकृत की जाए। भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष ने बताया कि मांगों को मनवाने के लिए जल्द ही पुवायां तहसील के भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता और पदाधिकारियों को साथ लेकर दिल्ली कूच करेंगे। ज्ञापन देने वालों में वीरेंद्र शर्मा, राकेश सिंह, मुकेश, तहसील अध्यक्ष अनिल सिंह यादव, कुलदीप सिंह, विजय प्रकाश शर्मा, कृष्णा जाटव, हरवीर सिंह यादव, कप्तान सिंह, रोशन लाल, जय सिंह, लाला सिंह, गुड्डू यादव, राम रतन, कमलेश, कौशल कुमार, बलबीर सिंह, बाबूराम गौतम, सुखविंदर सिंह आदि किसान कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### किसानों ने निकाला ट्रैक्टर मार्च, किया प्रदर्शन



**निगोही।** यहां भी किसानों ने डब्ल्यूटीओ के विरोध में ट्रैक्टर मार्च निकाल कर प्रदर्शन किया। भारतीय किसान यूनियन टिकैट गुट और संयुक्त मोर्चा की ओर से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन इंस्पेक्टर निगोही को सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि भारत की कृषि को विश्व व्यापार संगठन से बाहर रखा जाए। भारत की आर्थिक स्वायत्तता की रक्षा की जाए। किसानों ने कुल सात बिंदुओं पर मांग पत्र इंस्पेक्टर को सौंपा। यहां किसानों ने डब्ल्यूटीओ और हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर का पुतला फूंका। यहां शिशुपाल सिंह यादव, प्रभा देवी, फिरोज खां, लक्ष्मण प्रसाद, विरासत खां, पार्वती देवी, चंद्रकली आदि मौजूद रहे।

### हादसे में घायल मामा-भांजे बरेली रेफर, हालत नाजुक

**खुटार, अमृत विचार :** सड़क हादसे में घायल मामा-भांजे की हालत गंभीर होने के बाद शाहजहांपुर से बरेली के लिए रेफर कर दिया गया है। दोनो बरेली अस्पताल में आईसीयू में भर्ती है। जहां उनका इलाज चल रहा है। जनपद पीलीभीत के कस्बा सेहरामऊ उत्तरी निवासी अंकित कुमार (25) अपने भांजे कस्बा पूरनपुर के गांव पड़रिया निवासी रोहित (23) के साथ बाइक से जनपद लखीमपुर खीरी के थाना मैलानी के गांव खरेटा रिश्तेदार के यहां से रविवार शाम करीब पांच बजे घर लौट रहा था। खुटार गोला रोड पर सत्संग भवन मोड़ के पास ट्रक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी थी और बाइक सहित घसीटते हुए काफी दूर तक चले गए थे। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जबकि चालक ट्रक को छोड़कर फरार हो गया था। पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंस से खुटार सीएचसी में भर्ती कराया था। जहां डॉक्टर ने घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। परिजन उसे अस्पताल लेकर रवाना हो गए थे। जहां उनका उपचार शुरू हुआ। सोमवार को फिर से हालत खराब हो गई। डॉक्टर ने दोनों को बरेली अस्पताल रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन घायलों को बरेली लेकर चले गए। घायल आईसीयू में भर्ती है।

# लोकतंत्र सेनानी का निधन, दी गई सलामी



लोकतंत्र सेनानी को अंतिम सलामी देती पुलिस की गारद। ● अमृत विचार

संवाददाता, निगोही

● राजकीय सम्मान के साथ किया अंतिम संस्कार

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव विक्रमपुर चकोरा निवासी लोकतंत्र सेनानी राम स्वरूप शर्मा का बीमारी के चलते रविवार रात आठ बजे निधन हो गया। वह 90 वर्ष के थे और टीबी बीमारी से काफी समय से पीड़ित थे। सोमवार को उनका राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया।

रामस्वरूप शर्मा मूल रूप से पुवायां क्षेत्र के गांव फरैंदा के रहने वाले थे। वह अविवाहित थे और अपने भांजे जगतपाल शर्मा के गांव विक्रमपुर चकौरा थाना निगोही में उनके पास काफी समय से रह रहे थे। उनके निधन पर नायब तहसीलदार जगत मोहन जोशी ने प्रशासन की तरफ से पुष्प चक्र अर्पित किया। प्रशासन की तरफ से स्पेशल गारद ने सलामी दी। निगोही चैयरमैन मनोज कुमार वर्मा और सत्यपाल एडवोकेट ने भी पुष्प चक्र अर्पित कर उन्हें नमन किया।

## अधिक से अधिक लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाएं

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सीएमओ डॉ. आरके गौतम ने निगोही ब्लॉक में स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि आयुष्मान गोल्डन कार्ड अधिक से अधिक बनाए जाएं। सीएमओ डॉ. आरके गौतम ने सोमवार को दिन में 11 बजे स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया कि तीन लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके थे। कहा कि आशा घर-घर जाकर लाभार्थियों को बुलाकर अधिक से अधिक आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाएं तथा ई-संजीवनी के माध्यम से भी मरीजों को सेवा प्रदान करें। उप स्वास्थ्य केंद्र पर सफाई व्यवस्था सही रहनी चाहिए। यहां का निरीक्षण करने के बाद सीएमओ उप स्वास्थ्य केंद्र सहदेवपुर में गए और निरीक्षण किया। यहां दो लाभार्थियों के कार्ड बन चुके थे। उन्होंने सीएचओ से कहा कि प्रधान से बात करके चारदीवारी कराएं। आयुष्मान कार्ड बनाने में तेजी लाई जाए।

# गल्ला मंडी में अवैध वसूली पर रोक लगाने की उठाई मांग

संवाददाता, जलालाबाद

**अमृत विचार :** किसान कल्याण महासंघ (किसान यूनियन) ने जलालाबाद मंडी समिति में किसानों के साथ हो रही अनाज की अवैध वसूली को लेकर एसडीएम डॉ. रविंद्र कुमार को ज्ञापन देकर वसूली बंद कराए जाने की मांग की।

किसान कल्याण महासंघ (किसान यूनियन) के जिला संगठन मंत्री राजकुमार सिंह ने एसडीएम को दिये ज्ञापन में बताया कि मंडी समिति जलालाबाद में अनाज लेकर आने वाले किसानों से प्रति कट्टा 1 किलो 200 ग्राम अतिरिक्त अनाज लिया जाता है। 600 से 800 ग्राम अनाज लेबर चार्ज के रूप में वसूला जाता है। किसानों की बिना सहमति से व्यापारी व आढ़ती जबरदस्ती फसल का मूल्य मनमाने तरीके से निर्धारित करते हैं। किसानों को भुगतान करते समय दो से तीन प्रतिशत कटौती की जाती है।



एसडीएम डॉ. रविंद्र कुमार को ज्ञापन देते किसान यूनियन के पदाधिकारी।

● किसान कल्याण महासंघ ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

छात्र मोर्चा के जिलाध्यक्ष सपन शर्मा ने एसडीएम रविंद्र कुमार व मंडी सचिव जलालाबाद राजीव रंजन को ज्ञापन देकर एक सप्ताह के अंदर कार्रवाई करने की मांग की। कहा कि अगर कार्रवाई न हुई तो संगठन धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगा। ज्ञापन देने वालों में किसान कल्याण महासंघ के जिला संगठन मंत्री राजकुमार सिंह, छात्र मोर्चा के जिलाध्यक्ष सपन शर्मा, नगर अध्यक्ष चंदन वर्मा, पुष्कल त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# खराब रैंकिंग वाली योजनाओं पर दें ध्यान, कराएं शत-प्रतिशत सीडिंग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते डीएम उमेश प्रताप सिंह।

● खराब प्रगति वाली योजनाओं की डीएम ने ली जानकारी

● अभियोजन संबंधित प्रकरणों में प्रभावी पैरवी करने के दिए निर्देश

**अमृत विचार :** विकास भवन सभागार में सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक डीएम उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में हुई। सीएम डैशबोर्ड पर जनवरी माह में जनपद को 7वीं रैंग मिली है। जिसके चलते खराब प्रगति वाली योजनाओं के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली गई। डीएम ने कहा कि अधिकारी सीएम डैशबोर्ड पर विभागीय प्रगति से संबंधित आंकड़ों को समय से फीड करें।

उन्होंने कहा कि जिन योजनाओं में जनपद की रैंकिंग खराब है, उनमें अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है और जिन योजनाओं की प्रगति अच्छी है, उन्हें अपनी स्थिति को बनाए रखने के लिये प्रयास करना है। जिन योजनाओं में आधार सीडिंग कराया जाता है, उनमें सभी अधिकारी शत-प्रतिशत आधार सीडिंग कराएं। अभियोजन संबंधित प्रकरणों को समीक्षा करते हुए एडीएम-ई, एडीएम एफआर और एडीएम जे को अभियोजन के प्रकरणों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। अभियोजन से संबंधित प्रकरणों में प्रभावी पैरवी की जाए और अभियोजकों की जिम्मेदारी फिक्स की जाए। इस दौरान उन्होंने नगर निगम, एआरटीओ, रेवेन्यू, विद्युत विभाग, आबकारी, चिकित्सा विभाग, शिक्षा विभाग, पीएम पोषण, निराश्रित गोवंश, मत्स्य योजना, निराश्रित महिला पेंशन, लोक निर्माण विभाग, गन्ना विभाग, एमएसएमई सहित अन्य योजनाओं विभागों की समीक्षा की।

अधिकारियों को निर्देश दिया कि वह प्रतिदिन डाटा को सीएम डैशबोर्ड पर भरना सुनिश्चित करें। ए-प्लस रैंकिंग लाने वाले अधिकारियों को सुधार करने पर सराहना भी की। जिन योजनाओं में सी, डी और ई रैंकिंग है, उनसे संबंधित अधिकारियों को पूर्ण परियोजनाएं फीड करने के निर्देश दिए। बैठक में सीडीओ एसबी सिंह, एडीएम प्रशासन संजय कुमार पांडेय, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार, डीडीओ पवन कुमार सिंह, सीएमओ डा. आरके गौतम आदि मौजूद रहे।

# नाटक 'सोने की चिड़िया' का किया मंचन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



नाटक का लाइव मंचन करते एमएलआर थिएटर के कलाकार। ● अमृत विचार

● एनएसडी के रजत जयंती वर्ष में आयोजित हुआ भारत रंग महोत्सव

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय नई दिल्ली की ओर से आयोजित भारत रंग महोत्सव के रजत जयंती आयोजन में जिले की नाट्य संस्था एमएलआर थियेटर फाउंडेशन ने प्रतिभाग कर अपनी छाप छोड़ी।

वरिष्ठ रंगकर्मी आलोक सक्सेना ने बताया कि आरपीडी सोती के निर्देशन में लघु नाटक सोने की चिड़िया का लाइव मंचन का प्रसारण किया गया। स्थानीय जूम अकादमी में शाहजहांपुर के एमएलआर थियेटर फाउंडेशन के कलाकारों ने अपने नाटक सोने की चिड़िया में वन अर्थ वन फैमली के विचार के माध्यम से समाज को विश्व बंधुत्व का संदेश दिया। नाटक में दुर्गेश कुमार, सौमित्र शुक्ल, जैद सिद्दीकी, लक्ष्मण मिश्रा, निखिल राणा, वंशिका शुक्ल, अतिथि दीक्षित, पूजा, अभिषेक सिंह ने अभिनय किया। आलोक सक्सेना ने प्रकाश परिकल्पना, धर्मेंद्र सिंह सिसोदिया व सूर्यकांत वर्मा ने छायांकन, रोहित वर्मा व अखिल सिंह ने प्रस्तुति में सहयोग दिया।

## दोस्त को गोली मारकर किया घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मोहल्ला ककरा कला में एक युवक ने दोस्त को गोली मार कर घायल कर दिया। युवक के हाथ में गोली लगी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला ककरा कला निवासी अभिषक के घर उसके दोस्त फरहान का आना-जाना था। कुछ समय पहले दोनों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। इसे लेकर फरहान उससे रंजिश मानने लगा। सोमवार रात 9:00 बजे फरहान ने घर के बाहर उसे गोली मारकर घायल कर दिया। उसके हाथ में हथेली पर गोली लगी है। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र सिंह ने बताया कि फरहान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# पिकअप वाहन ने मारी टक्कर, युवक की मौत

संवाददाता, रोजा

● रविवार को साइकिल से आ रहा था रोजा

**अमृत विचार :** साइकिल से रोजा घर का सामान लेने जा रहे युवक को पीछे से आ रही पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप में घायल हो गया। जिसे उपचार के लिये जिला अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद चालक पिकअप सहित फरार हो गया। पुलिस चालक की तलाश कर रही है।

थाना क्षेत्र के गांव चकभिटारा निवासी राजाराम का 20 वर्षीय पुत्र अनिल रविवार की दोपहर साइकिल से घर का सामान लेने रोजा आ रहा था। गांव से कुछ दूरी पर हाईवे पार करते समय सीतापुर की ओर से आ रही पिकअप ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। बताते हैं कि टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अनिल साइकिल सहित काफी दूर जाकर गिरकर गंभीर रूप में घायल हो गया। घटना के बाद चालक पिकअप सहित फरार हो गया। देखते ही देखते हाईवे पर भीड़ लग गई। घटना की सूचना मिलते ही अनिल के परिजन व पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। परिजन घायल अनिल को उपचार के लिये जिला अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## सार-संक्षेप

### सिंधिया स्कूल के बच्चों ने दिखाई वैज्ञानिक सोच



**शाहजहांपुर।** माधव राव सिंधिया पब्लिक स्कूल में सोमवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के वर्किंग मॉडल व चार्ट के माध्यम से प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में रुद्रांश, आमना, सुवर्णी, आदिति, अंशिका, तेजस्वी, नैनिका, कार्तिक, पाखी और देव आदि छात्र-छात्राओं ने आवर्त सारिणी गुण, विद्युत चुंबकीय प्रेरणा, कार्बन के अपरूप, ऊर्जा संरक्षण विभिन्न प्रकार के चतुर्भुज मॉडल आदि प्रदर्शित किए। साक्षी मिश्रा, सबा, अंजू पाठक आदि की शिक्षिकाओं का योगदान रहा। प्रबंधन समिति की अध्यक्ष ऋचा जौहरी, प्रबंधक मून जौहरी, अर्चना जौहरी आदि ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्या शुमायला की देखरेख में लगी प्रदर्शनी का संचालन उप प्रधानाचार्य शुभांगी मेहरोत्रा ने किया। कोऑर्डिनेटर शुभांगी और दीपांशी का योगदान रहा।

### बलवीर अध्यक्ष और अरुणेंद्र बने लेखा परीक्षक



**शाहजहांपुर।** भारतीय बौद्ध महासभा का त्रिवार्षिक चुनाव महामाया बुद्ध विहार में हुआ। पर्यवेक्षक प्रांतीय संयुक्त मंत्री महेंद्र सिंह दिनकर और अरुणेंद्र गौतम की उपस्थिति में बलवीर सिंह गौतम को निर्विरोध अध्यक्ष और मातादीन वर्मा को लेखा परीक्षक चुना गया। आजीवन सदस्य राम सिंह, ओमप्रकाश वर्मा, केके सिंह, रामप्रसाद आजाद, सियाराम सिंह धनिया, योगेंद्र नाथ आदि ने दोनों को फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। पर्यवेक्षक अरुणेंद्र गौतम ने पद की गोपनीयता की शपथ दिलाई। बौद्ध भिक्षु धम्मपाल, जय सिंह, चंद्र मुकुट सुमन, जागेश्वर लाल, लक्ष्मीकांत, रतिराम भारती, नरेंद्र पाल सिंह, पवन सिंह दिनकर, श्याम बिहारी, संघप्रिय गौतम, पवन सिंह दिनकर आदि मौजूद रहे।

### पूर्व प्रधान राजरानी का निधन



**शाहजहांपुर।** कांट की ग्राम पंचायत के मल्हपुर के प्रधान अनुराग मिश्रा की दादी और पूर्व प्रधान राजरानी मिश्रा (101) का सोमवार को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उन्होंने अपने गांव स्थित आवास पर अंतिम सांस ली। उनके निधन की सूचना पर ग्राम के संभ्रांत व्यक्तियों ने घर पहुंचकर शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। उनके पौत्र और ग्राम प्रधान अनुराग मिश्रा ने बताया कि उनके शव का अंतिम संस्कार मंगलवार को गंगा के ढाई घाट पर किया जाएगा। विधायक पुत्र अरविंद सिंह, ब्लॉक प्रमुख श्रीदत्त शुक्ला, जेपी मिश्रा सहित गांव के संभ्रांत लोगों ने शोक संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

### उधार के रुपये मांगने पर पीटा

**शाहजहांपुर।** कोतवाली के मोहल्ला बिजलीपुरा निवासी गुलाम साबिर ने बताया कि शनिवार की रात साढ़े नौ बजे मेडिकल स्टोर से दवा लेकर लौट रहा था। रास्ते में उसने सरवेज निवासी अंटा थाना सदर बाजार से उधार दिए रुपये मांगे। आरोपी उसे गाली देने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने उसे पीटकर घायल कर दिया। उसके हाथ में काट लिया था। पुलिस ने सरवेज समेत दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# गांधी भवन में गूंजी थी पंकज उधास की आवाज



गांधी भवन में गजल सुनाते पंकज उदास। (फाइल फोटो) ● अमृत विचार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** फरवरी 2013 की बात है, शाहजहांपुर महोत्सव में आए थे गजल सम्राट पंकज उधास। पहले उनका कार्यक्रम खुले मैदान में करने का निर्णय लिया गया था। बरसात होने को थी।

आसमान में काले बादल मंडरा रहे थे। मौसम की नजाकत देखकर उन्होंने आइए बारिशों का मौसम है, गजल खत्म ही कर पाई थी कि झमाझम बारिश शुरू हो गई। तब जिला प्रशासन ने उनका कार्यक्रम गांधी भवन में कराया था। गांधी भवन में उनके प्रशंसकों ने जी भर कर गजलें और गीत सुने थे। पंकज उधास के निधन से कला जगत स्तब्ध और शोक में डूबा है।

## युवक के साथ की मारपीट, रिपोर्ट

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** मिर्जापुर थाना क्षेत्र के वानगांव निवासी वहोरन ने बताया कि शनिवार को दिन में साढ़े तीन बजे गांव में स्थित मंदिर पर कन्या भोज था। वहोरन के बच्चे कन्या भोज में गए थे। पड़ोसी गांव शंकरपुर के रामऔतार यादव आदि उसके बच्चों को जाति सूचक शब्द कहते हुए गाली देने लगे। उसके चचेरे भाई नन्हे ने गाली देने से मना किया। इस बात पर विवाद हो गया। आरोपियों ने नन्हे को लोहे की रॉड से पीटकर घायल कर दिया। वह घायल चचेरे भाई को लेकर स्वास्थ्य केंद्र पर ले गया। डॉक्टर ने घायल को रेफर कर दिया। परिवार वालों घायल को फर्रुखाबाद के एक अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने रामऔतार यादव, राधे यादव, राजीव, संजीव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# नगरायुक्त ने सफाई का लिया फीडबैक

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



नगर निगम कार्यालय में बैठक करते नगर आयुक्त केपी सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** महानगर में सफाई व्यवस्था को बेहतर रखने के उद्देश्य से नगर आयुक्त केपी सिंह की अध्यक्षता में नगर निगम कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार मिश्रा, मुख्य सफाई एवं खाद निरीक्षक व सफाई नायक मौजूद रहे।

नगर आयुक्त ने महानगर में सफाई व्यवस्था को सर्वोत्तम रखने को विशेष सफाई व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। प्रत्येक दिवस की दोनों पाली में सफाई-कर्मचारियों के साथ-साथ सफाई नायकों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए। उन्होंने महानगर के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित नालों की सफाई समय-समय पर कराए जाने को निर्देशित किया, जिससे नाले का पानी बहता रहे।

उन्होंने निगम में तैनात सभी सफाई कर्मचारियों को प्रतिदिन द्वितीय पाली में वार्ड में अत्यधिक कूड़ा वाले स्थलों पर एकत्र कर विशेष सफाई अभियान संचालित किए जाने के निर्देश दिए।

साथ ही कहा कि जो कर्मचारी अपने कार्यों को बेहतर ढंग से करेंगे उसको सम्मानित किया जाएगा और जो कर्मचारी अपने कार्य में लापरवाही करे उसके विरुद्ध कार्रवाई किये जाने को निर्देशित किया।

## एक नजर

### खेत पर गई महिला से छेड़छाड़

शाहजहांपुर। मिर्जापुर थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने बताया कि 23 फरवरी की रात आठ बजे खेत पर लघुशंका करने के लिए गई। वह खेत से वापस घर आ रही थी। रास्ते में गांव के विजय कुमार ने गलत नीयत से पकड़ लिया और छेड़छाड़ करने लगा। महिला ने शोर मचाया तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी विजय कुमार के खिलाफ छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### हादसे में युवक घायल

शाहजहांपुर। पुवायां रोड पर गोवंश को बचाने के प्रयास में बाइक सवार गिरकर घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने उसे पास के प्राइवेट अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद युवक अपने घर चला गया।

## दो पक्षों में मारपीट मामले में आठ लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, खुटार

- रविवार रात गांव मोहनपुर में हुआ था विवाद

**अमृत विचार :** रुपयों के लेनदेन के मामले में मोहनपुर में रविवार रात को घर में घुसकर लाठी-डंडे चल गए। मारपीट में कई लोग घायल हो गए थे। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर आठ लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

क्षेत्र के गांव मोहनपुर निवासी विष्णु सागर ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसका भांजा गांव चांदपुर निवासी प्रदीप, शिवम मेहमानी में आए हुए थे। रविवार रात को परिवार के गौरव, सूरज, जैकी, रवि घर में घुस आए और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से पिटाई कर दी। जिससे वह घायल हो गया। बचाने आए शिवम, संजोग को भी पीट कर घायल कर दिया। उधर, दूसरे पक्ष के गौरव ने बताया कि परिवार के विष्णु सागर से रुपयों का लेनदेन था। इस बात को लेकर रविवार रात विष्णु सागर, संजोग और चांदपुर निवासी शिवम, प्रदीप उर्फ छोटू ने आकर गाली गलौज की। मना करने पर उनकी लाठी-डंडों, लात-घूसों से पिटाई की। बचाने पहुंचे सूरज के साथ भी मारपीट की। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भेजा। डॉक्टर ने दो की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर किया था। पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से आठ लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# जिले के आधे अस्पताल और क्लीनिक भी सीएलए में नहीं हैं पंजीकृत

## अभी तक मात्र 183 इकाइयों ने ही कराया क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट में पंजीकरण

श्याम मिश्र, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** स्वास्थ्य विभाग की सख्ती के बाद भी जिले के 200 से ज्यादा छोटे-बड़े अस्पताल, क्लीनिक और दुकानें क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट में पंजीकृत नहीं हो पाए हैं। समय-समय पर विभाग की ओर से अपंजीकृत अस्पतालों को नोटिस जारी किए जाते हैं। इसके बाद भी अपेक्षित सुधार नहीं हो पा रहा है।



- छोटे-बड़े सब मिलाकर जिले में हैं लगभग 400 अस्पताल
- डॉक्टरों की जवाबदेही तय करने को लेकर बनाया गया था एक्ट

जिले में छोटे-बड़े सब मिलाकर लगभग 400 अस्पताल, क्लीनिक और दुकानें हैं, लेकिन सीएलए में लगभग 183 का ही पंजीकरण है। शेष का संचालन सरकार के नियमों के खिलाफ मनमाने तरीके से हो रहा है। डॉक्टरों को पेशे के प्रति ज्यादा जवाबदेह बनाने वाला एक्ट जिले में पूरी तरह से लागू नहीं हो पा रहा है। जिससे अपंजीकृत अस्पताल, क्लीनिक और झोलाछाप की मनमानी और ज्यादा बढ़ने की आशंका पैदा हो गई है।

प्राइवेट नर्सिंग होम, अस्पताल और क्लीनिक की मनमानी रोकने के लिए केंद्र सरकार की ओर से सीएलए कानून लाया गया है। एक्ट लागू होने के बाद सभी इकाईयां सरकार के नियंत्रण में हो गई हैं और नियमों की अनदेखी करने वालों पर जुर्माना व कानूनी कार्रवाई की जाती है। एक्ट के अनुसार प्रदेश के सभी जिलों में मान्यता प्राप्त चिकित्सा प्रणाली एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीयूएमएस, बीएचएमएस, बीएसएमएस, योग, नेचुरोपैथी और सोवा रिगपा के डिग्रीधारकों से संचालित संस्थानों का जिला रजिस्ट्रीकरण प्राधिकरण में पंजीकरण किया जाएगा। पंजीकरण की जिम्मेदारी स्वास्थ्य विभाग को दी गई है। इस समय जिले में कुल 95 बड़े अस्पताल स्वास्थ्य विभाग में पंजीकृत हैं। जबकि लगभग 55 क्लीनिक और 33 पैथोलॉजी ने पंजीकरण कराया है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि इसके बाद भी लगभग दो सौ इकाइयां ऐसी हैं, जिनका पंजीकरण नहीं है। इनमें कुछ अस्पताल, क्लीनिक के साथ-साथ बड़ी संख्या में झोलाछाप की इकाइयां शामिल हैं। कुछ झोलाछाप ने दूसरे एमबीबीएस डॉक्टरों को अपने अस्पताल में बैठाना शुरू कर दिया है और अपने अस्पताल का पंजीकरण कराने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन ऐसे झोलाछाप की संख्या बहुत कम है। ज्यादातर झोलाछाप अवैध रूप से एलोपैथिक दवाएं लिख रहे हैं। इसी तरह बीएएमएस, बीयूएमएस डॉक्टर भी एलोपैथिक दवाएं लिख रहे हैं और समय आने पर मरीज को भर्ती भी कर रहे हैं। जबकि एलोपैथिक दवा लिखने और भर्ती करने के लिए न्यूनतम योग्यता एमबीबीएस है।

### ऐसे होता है पंजीकरण

एक्ट के तहत पंजीकरण के लिए व्यक्तिगत, डाक या ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। अनंतिम पंजीकरण की मंजूरी को प्राधिकरण कोई पूछताछ नहीं करेगा। नियमों का उल्लंघन करने वाले, बिना पंजीकरण स्थापना करने पर पहले अपराध के लिए 50 हजार, दूसरे अपराध के लिए दो लाख और इसके बाद पांच लाख रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकेगा। गैर पंजीकृत संस्थानों पर 25 हजार रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकेगा। जुर्माना न देने पर भू राजस्व बकाया के रूप में यह धनराशि वसूली जाएगी।

> जिले के ज्यादातर अस्पताल, क्लीनिक का पंजीकरण सीएलए में है। कुछ ऐसे भी हैं, जिनका पंजीकरण कराने की तैयारी चल रही है। सभी को पंजीकरण कराना अनिवार्य है।
>
> – **डॉ. आरके गौतम**, सीएमओ।

## 57.20 लाख क्विंटल पेराई कर बरखेड़ा मिल बंद

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** कई दिनों से नोकेन में चल रही बरखेड़ा चीनी मिल सोमवार को बंद कर दी गई। यहां वर्तमान पेराई सत्र में 57.20 लाख क्विंटल गन्ने की पेराई की गई। जबकि पिछले पेराई सत्र में 84.56 लाख क्विंटल गन्ने की पेराई की गई थी। बरखेड़ा चीनी मिल में पिछले साल नौ नवंबर को पेराई सत्र की शुरूआत की गई। पेराई क्षमता प्रतिदिन 75 हजार क्विंटल है। मगर मिल को 29-30 हजार क्विंटल गन्ना मिल रहा था। इसको लेकर मिल प्रबंधन ने 20 फरवरी को मिल बंदी का नोटिस जारी किया था। मिल से संबद्ध 45 क्रय केंद्रों पर गन्ना समाप्त होने के बाद प्रबंधन द्वारा खुली खरीद की जा रही है। मगर, चीनी मिल लगातार नोकेन में बंद हो रही थी। सोमवार को प्रबंधन ने चीनी मिल बंद कर दी।

**50.60 करोड़ का हो सका भुगतान :** ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक मनोज कुमार साहू ने बताया कि इस पेराई सत्र में मिल ने 57.20 लाख क्विंटल गन्ने की खरीद की। जिसका गन्ना मूल्य करीब 210 करोड़ रुपये है। इसके सापेक्ष मिल प्रबंधन द्वारा किसानों को 50.60 लाख रुपये भुगतान किया है। इधर, जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव ने बताया कि मिल लगातार नोकेन में चल रही थी। सोमवार को मिल बंद कर दी है।







## खेत जोत रहे किसान की रोटावेटर में फंसकर मौत

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार :** ट्रैक्टर से खेत की जुताई करते समय रोटावेटर में फंसकर एक किसान की मौत हो गई। हादसे के दौरान वह रोटावेटर की टॉपलिंग ठीक कर रहे थे।

यह हादसा सेहरामऊ उत्तरी थाना क्षेत्र के जहूरगंज गांव में हुआ। यहां निवासी अरुण कुमार वर्मा (27) पुत्र रामेश्वर दयाल सोमवार सुबह गन्ने की बुआई के लिए रोटावेटर से खेत की जुताई कर रहे थे। ग्रामीणों के मुताबिक इसी बीच रोटावेटर की टपलिंग में तकनीकी खराबी आ गई। अरुण ने ट्रैक्टर रोका और रोटावेटर को ठीक करने लगे। इस दौरान अरुण का पैर रोटावेटर के अंदर चला गया। एक झटके में उनके पैर का पंजा कटकर अलग हो गया। इससे वह रोटावेटर पर गिर पड़े, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी चीख सुनकर आसपास के खेतों पर मौजूद लोग पहुंच गए। रोटावेटर में फंसे अरुण को बमुश्किल निकाला गया। इसकी सूचना मिलने पर थाना पुलिस मौके पर जा पहुंची।



हादसे के बाद विलाप करते मृतक के परिजन।

## सड़क पार कर रहे बुजुर्ग को बाइक ने मारी टक्कर, अस्पताल में मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- बंडा थाना क्षेत्र में हुई दुर्घटना में गई जान परिजनों में मचा कोहराम

**अमृत विचार :** जिले में अलग-अलग स्थानों पर सड़क दुर्घटनाओं में चालक समेत दो लोग घायल हो गए थे। दोनों घायलों को जिला अस्पताल में लाया गया था। इलाज के दौरान दोनों की अस्पताल में मौत हो गई। यह मामला बंडा थाना क्षेत्र और बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र का है।

बंडा थाना क्षेत्र के गांव भितिया श्याम निवासी 62 वर्षीय नन्काई रविवार की दोपहर बाद चार बजे घर से किसी काम से निकले थे। सड़क पार करते समय बाइक ने उनको टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गए। घायल को स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया। डॉक्टर ने घायल को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान घायल की रात मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### हादसे में घायल युवक ने तोड़ा दम

**शाहजहांपुर।** सेहरामऊ दक्षिणी थाना क्षेत्र के गांव चांदापुर निवासी पुनीत कुमार(22) एक दूध कंपनी की पिकअप चलाता था। 13 फरवरी को सुबह चार बजे वह पिकअप में दूध के कैंटर लेकर हरदोई जा रहा था। हरदोई रोड पर बेहटा गोकुल गांव के सामने अज्ञात वाहन ने पिकअप को टक्कर मार दी थी, जिससे चालक पुनीत घायल हो गया था। परिवार वालों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। डॉक्टर ने घायल को रेफर कर दिया था। परिवार वालों ने उसे बरेली के एक अस्पताल में भर्ती कराया था। परिवार वाले घायल को रविवार की रात आठ बजे लखनऊ लेकर जा रहे थे। रास्ते में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक पुनीत की शादी नहीं हुई थी और पांच भाइयों में दूसरे नंबर का था। मौत की खबर से परिवार रोना पीटना मच गया।

## आरोप: सिपाहियों ने महिलाओं को पीटा, सामान तोड़ा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** रजुआपुर गांव में वांछित अभियुक्त को पकड़ने गए सिपाहियों और परिवार वालों से हुई हाथापाई व धक्का मुक्की के मामले में पीड़ित परिवार एसपी अशोक कुमार मीणा से मिला और सिपाहियों के खिलाफ प्रार्थनापत्र दिया। आरोप है कि सिपाहियों ने घर में घुसकर महिलाओं को मारा पीटा और घरेलू सामान तोड़ डाला। थाने से उन्हें भगा दिया। एसपी ने सीओ जलालाबाद को जांच सौंपी है।



हाथ में लगी चोट दिखाती महिला।

- पीड़ित परिवार एसपी से मिला सीओ को सौंपी जांच

परौर थाना क्षेत्र के सिपाही यतेंद्र सिंह ने थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 23 फरवरी की वह और सिपाही अभिषेक सिंह गश्त पर थे। वांछित अभियुक्त सतीश निवासी रजुआपुर थाना परौर को चिता नगला रोड पर पकड़ लिया। इसी बीच उसके परिजन आ गए और हाथापाई व धक्का मुक्की करने लगे।

धक्का मुक्की में महिलाएं गिरकर चोटिल हो गईं। इसके बाद आरोपी को थाने पर ले आए। सिपाही ने अज्ञात महिला व पुरुष के खिलाफ मारपीट आदि की धारा में रिपोर्ट दर्ज करायी। इधर थाने पर पीड़ित की सुनवाई न होने पर रजुआपुर गांव के राकेश परिवार के साथ एसपी कार्यालय पहुंचा और एसपी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की।

उसने बताया कि सिपाही यतेंद्र व अभिषेक बाइक से गांव में आए। गांव के किनारे सतीश को पकड़ लिया। उसके चिल्लाने की आवाज सुनकर राकेश व गांव वाले पहुंचे तो दोनों सिपाही सतीश को बाइक से चितनगला की तरफ ले गए। आरोप है कि एक घंटे बाद दोनों सिपाही अन्य कर्मचारी को लेकर थाने के वाहन से उसके घर में घुस आए।

सिपाहियों ने कहा कि अभियुक्त को संरक्षण देते हो इतना कहते हुए उसकी बेटी बबली, भतीजी शिल्पी, पुत्रवधू संगीता व पिंकी को डंडे से मारा पीटा और घर की चौखट व घरेलू सामान तोड़ दिया। आरोप है कि शिकायत करने थाने गए लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की और न ही घायलों का मेडिकल कराया। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि रिपोर्ट दर्ज कर घायलों का मेडिकल कराया जाए।

> दो सिपाही वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए गांव गए थे। अभियुक्त को पकड़ लिया था। कुछ लोगों ने धक्का मुक्की व मारपीट की कोशिश की। सिपाही ने अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस मामले की निष्पक्ष रूप से विवेचना कराई जा रही है।
>
> –**मनोज कुमार अवस्थी**, एएसपी ग्रामीण

## जमीन के विवाद में छह लोग घायल

**पुवायां, अमृत विचार :** महुरेना गांव में खाली पड़ी जमीन पर उपले बनाने की जगह को लेकर हुए विवाद में दोनों पक्षों में लाठी-डंडे चल गए। घटना में दोनों पक्षों के छह लोग घायल हो गए। घायलों को पुवायां पुलिस की ओर से मेडिकल परीक्षण के लिए सरकारी अस्पताल भेजा। महुरेना गांव के नौरंग ने बताया कि गांव में खाली पड़ी जमीन पर उनकी मां गुड्डी देवी उपले थोप रही थी। तभी गांव के विपिन, नितेश, कपिल, सुमन ने उनको पीटा। उसकी मां को बचाने आई बहन नन्ही देवी और चाचा धर्मपाल को भी आरोपियों ने मारा-पीटा और घायल कर दिया। उधर, दूसरे पक्ष की ओर से दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा गया है कि धर्मपाल से उनकी लड़ाई हो गई थी जिस पर धर्मपाल, नवरंग ने नितेश और सुमन को पीट कर घायल कर दिया।

**परेशानी** टिन शेड नहीं, हैंडपंप खराब, शौचालय रहता है बंद, यात्रियों की मांग– बढ़ाई जाए एक और ट्रेन


## शाहजहांपुर : पूर्वोत्तर रेलवे के स्टेशन पर समस्याओं से जूझते हैं यात्री

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** पूर्वोत्तर रेलवे स्टेशन से पीलीभीत के लिए तीन ट्रेनों का संचालन होता है। लेकिन स्टेशन पर सुविधाओं का अभाव है। स्टेशन पर टिन शेड नहीं है, प्लेटफार्म संकेत बोर्ड नहीं है, हैंडपंप खराब रहता है, शौचालय में ताला लटका रहता है, यात्रियों के लिए प्रतीक्षालय तक नहीं है, न ही कोई कैंटीन है। इसके अलावा दोपहर के समय ट्रेन न होने से यात्रियों को दिक्कत होती है।



रेलवे स्टेशन खराब हैंडपंप।



टिन शेड के लिए दिए पिलर, पर नहीं डाली गई टीन।



रेलवे स्टेशन पर बंद पड़ा शौचालय।

ए ग्रेड स्टेशन से कुछ दूरी पर पूर्वोत्तर रेलवे स्टेशन है। यहां से पीलीभीत के लिए तीन ट्रेनों का संचालन होता है। पीलीभीत के लिए पहली ट्रेन सुबह छह बजकर 40 मिनट, दूसरी ट्रेन दस बजकर 50 मिनट और तीसरी ट्रेन शाम छह बजे जाती है। तीनों ट्रेनों के करीब पांच सौ टिकट बिक जाते हैं। स्टेशन पर आरपीएफ की चौकी भी है। मगर पूरा स्टेशन गांव जैसा लगता है। सुबह के समय अधिकांश दैनिक यात्री सफर करते हैं। यह स्टेशन पूरा खुला है। सुबह के समय मॉर्निंग वाक के लिए प्लेटफार्म लोग घूमते हैं। यहां दो प्लेटफार्म हैं। लेकिन प्लेटफार्म एक और दो के संकेत बोर्ड नहीं है। पीलीभीत से आने पर ट्रेन को एक ही प्लेटफार्म पर लिया जाता है। प्लेटफार्म पर शौचालय है, जो अधिकांश बंद रहता है। प्लेटफार्म पर टिन शेड नहीं है, यात्री खुले आसमान के नीचे खड़े रहते हैं। टिन शेड के पिलर दिए गए हैं। प्लेटफार्म हैंड पंप खराब है। कभी-कभी बूथ में टंकी पानी नहीं आता है। टिकट घर के पास समय सारणी में दो ट्रेनों का जिक्र है, एक ट्रेन का जिक्र नहीं है।

पूर्वोत्तर रेलवे स्टेशन का कार्यालय भी अधिकांश बंद रहता है। जबकि मुख्य स्टेशन के अधिकारी देखरेख करते हैं। टिकट के लिए एटीवीएम मशीन लगी है।

यात्रियों ने कहा कि सुबह वाली ट्रेन सात बजे चलाई जाए और दोपहर दो बजे एक और ट्रेन का संचालन किया जाए। राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के संयुक्त जिला महामंत्री महेंद्र चावला ने बताया कि स्टेशन पर यात्रियों की सुविधाओं का अभाव है। उन्होंने अधिकारियों से मांग की है कि यात्रियों को मूलभूत सुविधाएं दी जाएं।

> यात्रियों को मूलभूत सुविधाएं दी जाएं। इसके लिए संबंधित अधिकारी को मेमो दिया गया है। कोशिश है कि यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलें।
>
> – **पीएस तोमर**, एसएस

### टिकट घर से चार सौ मीटर दूर खड़ी होती है ट्रेन

पूर्वोत्तर रेलवे स्टेशन पर एक कमरे में एटीवीएम मशीन लगी है। प्राइवेट कर्मचारी टिकट बांटता है। टिकट घर से करीब चार सौ मीटर दूर प्लेटफार्म पर ट्रेन खड़ी रहती है। ट्रेन पकड़ने के लिए यात्रियों को प्लेटफार्म पर दौड़ लगानी पड़ती है। कई यात्रियों की ट्रेन तक छूट जाती है। बुजुर्ग व बीमार यात्रियों को काफी दिक्कत होती है। यात्रियों कई बार मांग कर चुके है कि ट्रेन को इधर बढ़ाकर खड़ा किया जाए।

अम्बा हैल्थ क्लीनिक

ISO:9001:2008 एवं Trademark Certified Clinic
डा. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.F.R.H.S. (आयुर्वेदाचार्य)
स्वास्थ्य एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
• रजि. भारतीय चिकित्सा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त
• 27 सालों से स्वास्थ्य एवं गुप्त रोगों का चिकित्सा अनुभव
पतले दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री/पुरूष तंदरूस्ती प्राप्त करें।
मोटे होने का रामवाण इलाज
नवयुवक-युवतियां 3 से 4 इंच तक लम्बाई बढ़ायें
विशेष चिकित्सा:- ●भूख न लगना ● कब्ज ●अपच ●गैस ● खाने के बाद शौचालय जाना ● शारीरिक अंगों का विकास रूकना ● पुलिस फोर्स एवं फिल्मों में आदि में भर्ती में नाप-तोल में कमी होना ● 3 से 4 इंच कद लम्बा करें। ● बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना मोटे व थुल-थुले व्यक्ति वजन कम करें। ● कील, मुंहासे, झाइयां, सफेद दाग दूर करें सावलांपन हटायें और सुन्दर बनें। ● बालो का झड़ना व टूटना एवं सफेद होना व गंजापन दूर करें। ● खूनी व वादी बवासीर का रामबाण इलाज।
शराबी को बिना लाये, बिना बताये शराब व अन्य नशा छुड़ायें।
नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनायें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
सैक्स समस्याऐं
छिपाएं नहीं बताएं या मिलें
स्वप्नदोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी
● शुरु से लाभ, 40 से 80 दिनों में इलाज सम्भव।
● हस्तमैथुन व धात जाने से नसों में खराबी।
● इन्द्री का ढीलापन, पतलापन, छोटापन दूर करें।
● वीर्य में शुक्राणु निल होना या कम होना।
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसौली होना।
● योनि का ढीलापन होना व सैक्स इच्छा कम होना।
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र पहले बन्द होना।
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
10 से 21 वर्ष शादी से पहले जिन बच्चों की इन्द्री का छोटापन, पतलापन, मोटापन का रामबाण इलाज के लिए उन माता-पिता से निवेदन है कि अवश्य मिलें। कहीं ऐसा न हो कि शादी के बाद पछताना पड़े। (25 वर्षो का अनुभव)
विज्ञापन साथ लाने पर मेडिसिन पर 10% की विशेष छूट
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक:- 10 मार्च 2024, रविवार
24 मार्च 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल
काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

## बड़ी संख्या में उमड़ी भीड़, पुलिस ने यलो टेप लगाकर घटना स्थल पर रोकी आवाजाही, जुटाए साक्ष्य

# रक्तरंजित हाल में युवक-युवती के शव देख दहल उठे लोग

संवाददाता, मितौली (लखीमपुर खीरी)



घटनास्थल पर जांच पड़ताल करती पुलिस और मौके पर लगी भीड़। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** कस्बे के अतिसुरक्षित क्षेत्र में युवती और युवक का शव मिलने से मितौली समेत पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। युवती के शव का सिर युवक के बाजू से सटा पड़ा था। शव देखकर लोग दहल उठे।

सोमवार की सुबह लोग घरों से निकलकर अपने-अपने कामों के लिए जाने लगे थे। इस बीच तहसील आवास के पीछे युवक और युवती के रक्त रंजित शव मिलने की सूचना ने सभी को हिला दिया। जिसने सुना वह भी मौके की तरफ दौड़ पड़ा। कुछ ही देर में बड़ी तादाद में भीड़ मौके पर जुट गई। लोग शवों की हालत देख दहल उठे। मौके पर पहुंची पुलिस को घटना स्थल से भीड़ को दूर करने के लिए मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस ने येलो टेप लगाकर घटना स्थल को सुरक्षित किया। शवों के बिगड़े चेहरों को देख कर कोई दोनों की हत्या होने की बात कह रहा था तो किसी का कहना था कि घटना ऑनर किलिंग की लग रही है।

**फॉरेंसिक एक्सपर्ट ने जुटाए साक्ष्य : मितौली।** एसपी गणेश प्रसाद साहा और सीओ मितौली के साथ ही फील्ड यूनिट की टीम भी मौके पर पहुंची। फील्ड यूनिट के एक्सपर्ट ने सबसे पहले घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। मौके पर पड़े 315 बोर के तमंचे के साथ ही कारतूसों और खोखों से फॉरेंसिक साक्ष्य जुटाए।

एक खोखा कारतूस तमंचे में फंसा मिला है। इसके अलावा घटना स्थल पर मौजूद अन्य साक्ष्य भी संकलित किए। करीब दो घंटे तक चले साक्ष्य संकलन के बाद फॉरेंसिक टीम वापस जिला मुख्यालय लौट गई।

**डॉक्टर बनना चाहती थी उमा : मितौली।** मृतका उमा भारती उर्फ अंशु की मां ने रो-रोकर बताया कि बिटिया डॉक्टर बनना चाहती थी। अभी एएनएम का कोर्स किया था। कस्बे के निजी अस्पताल में नर्स का जॉब कर रही थी। उसे दोनों के बीच संबंधों की जानकारी नहीं थी। पता नहीं यह सब कैसे हो गया।

### रो-रोकर बोली मां, भइया मार डाले गए



मृत युवक राघवेंद्र की मां ने बेटे की लाश पड़े होने की सूचना पर बदहवाश हालत में मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक पुलिस शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भिजवा चुकी थी। बेटे की लाश न देख मां रामदेवी बिलख पड़ी। मां रो-रोकर कह रही थी कि पता लगा भइया मरे पड़े हैं। यहां आए, लेकिन भइया का कुछ पता नहीं लग रहा है। वह यह भी कहती है कि पता लगा भइया मार डाले गए। वह बिलखते हुए कहती हैं कि भइया बहुत पढ़े-लिखे थे। मजदूरी करके पढ़ाया। यह सुन मौके पर मौजूद लोगों के आंसू छलक आए।

> प्रथम दृष्टया प्रतीत हो रहा है कि पहले युवक ने युवती को गोली मारी। बाद में खुद को गोली मार ली। घटना की अन्य पहलुओं पर भी जांच की जा रही है। शवों का पोस्टमार्टम कराया है। फॉरेंसिक जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही कुछ साफ हो सकेगा।
> **-शमशेर बहादुर सिंह,** सीओ मितौली।

### तीन दिन पहले ही लखनऊ से आया था राघवेंद्र

**मितौली।** मृतक राघवेंद्र काफी होनहार था। परिवार वालों ने बताया की राघवेंद्र ने बुलंदशहर से बीएससी (एजी) किया था। इसके बाद वह दो साल से लखनऊ में सरकारी नौकरी के लिए तैयारी कर रहा था। हाल ही में संपन्न हुई आरओ की परीक्षा भी दी थी। तीन दिन पहले वह लखनऊ से घर आया था। पिता ने बताया कि सोमवार की सुबह राघवेंद्र ने अपनी मां से कहा कि वह एक अध्यापक से मिलने जा रहा है। यह कहकर सुबह आठ बजे घर से निकला था।

### युवक के परिजनों के पहुंचने से पहले ही उठाए शव

**लखीमपुर खीरी।** दोहरे हत्याकांड को लेकर सवालों से घिरी पुलिस पर मृतक युवक के परिजनों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि पुलिस ने उन्हें घटना की जानकारी नहीं दी। सोशल मीडिया पर तस्वीरों को देखकर वह मौके पर पहुंचे तो शव नहीं थे, जबकि मृतक के पास मोबाइल भी था। युवती पक्ष के लोग पहले ही पहुंच गए थे। पोस्टमार्टम हाउस पर गांव कलुआ मोती निवासी कल्लू ने कहा कि सोमवार को सोशल मीडिया पर फोटो वायरल हुए तो कुछ लोगों ने उनके बताया बेटे की हत्या हो गई है और उसका शव मितौली में पड़ा है। साथ ही उसके शव के पास एक युवती का भी शव पड़ा है। विश्वास नहीं हुआ, लेकिन जब चेहरा देखा तो शव उनके पुत्र का निकला। इससे परिवार में चीख पुकार मच गई। पिता अपने अन्य बेटों और रिश्तेदारों के साथ जब मितौली पहुंचे तो देखा दोनों शव नहीं थे। उन्होंने पुलिस वालों से जानकारी चाही तो सीधे मुंह बात नहीं की। उनका कहना है कि घटना के बाद पुलिस ने युवती के घर वालों को सूचना दी, जिस पर कुछ देर बाद वह आ गए। उन्होंने सवाल उठाया कि जब पुत्र के पास मोबाइल और आधार कार्ड मिला तो पुलिस ने घर वालों को सूचना क्यों नहीं दी।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

RMC BAREILLY Excellence towards profession
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
विशाल चिकित्सा शिविर
हड्डी रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | बाल रोग विभाग
शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग | चेस्ट एवं टी.बी विभाग
यह सुविधा 15 फरवरी 2024 से 29 फरवरी 2024 तक
समस्त रोगों के इलाज की उच्च स्तरीय सुविधाएं
रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र 20/- रूपये
डॉक्टर द्वारा परामर्श मुफ्त
भर्ती एवं पलंग मुफ्त
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन
भर्ती मरीजों की मुफ्त जाँचें
नार्मल व सिजेरियन डिलीवरी मुफ्त
भर्ती मरीजों का एक्स-रे मुफ्त
भर्ती मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मुफ्त
ब्रेन एमआरआई 1500/- में स्पाईन एमआरआई 2000/- में हैड सीटी 800/- में
फाईलेरिया अभियान के अन्तर्गत फाईलेरिया की दवाई रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में कमरा नं. 1167 में मुफ्त में मिलेगी।
भर्ती मरीजों की दवाईयाँ भारी छूट पर
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. सी.ए.आर.आई. (CARI)
5. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
6. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
7. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
8. बी.एस.एन.एल.
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
* इनवेजस रेडियोलॉजी की जाँचे छोड़ कर *T&C Apply
हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देख-रेख में
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था *एंट्री लेवल

# सड़क हादसों में महिला, बच्चा और युवती की मौत, दो घायल

## दवा लेकर लौट रही महिला, गोद से गिरा बच्चा व बाइकों की भिड़ंत में युवती की गई जान

लखीमपुर खीरी कार्यालय

- **थाना नीमगांव के गांव अभयपुरवा निवासी महिला देवर के साथ घर लौट रही थी**
- **गांव मुड़िया निवासी राजेंद्र पत्नी के साथ बाइक से बच्चे की दवा लेने गया था**

**अमृत विचारः** थाना नीमगांव क्षेत्र में बसारा चौराहा के पास दो बाइकों में टक्कर हो गई। हादसे में घायल एक महिला की जिला अस्पताल में मौत हो गई। वह अपने देवर के साथ दवा लेकर घर वापस जा रही थी। घायल देवर का उपचार चल रहा है। दूसरी घटना में कार की टक्कर लगने से बाइक पर बैठी महिला की गोद से छिटक कर सड़क पर गिरे तीन माह के बच्चे की मौत हो गई। तीसरे घटना में तीसरी घटना में दो बाइकों की भिड़ंत में युवती की जान चली गई।



मृतका रामज्ञानी।

थाना नीमगांव के गांव अभय पुरवा निवासी राम निवास ने बताया कि उनकी मां रामज्ञानी (45) चाचा राजकुमार के साथ बाइक से अपनी दवा लेने के लिए गई थी। शाम करीब सात बजे वापस आते समय बसारा चौराहा के पास दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी, जिससे चाचा और मां बाइक समेत गिरकर घायल हो गए। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेहजम भेजा और परिवार वालों को घटना की सूचना दी। मौके पर परिजन भी पहुंच गए। डॉक्टर ने हालत गंभीर होने पर महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। मौत की खबर पाकर परिवार में कोहराम मच गया। घायल राजकुमार का उपचार चल रहा है।

दूसरी घटना में थाना नीमगांव के गांव मुड़िया निवासी राजेंद्र के तीन माह के पुत्र की तबियत ठीक नहीं थी। वह उसे लेकर सोमवार को दवा दिलाने के लिए बाइक से लखीमपुर आया था। बाइक पर उसकी पत्नी पिंकी देवी पुत्र को गोद में लेकर बैठी थी। छाउछ चौराहा के पास कार ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दंपती बाइक समेत सड़क पर गिर गया, जबकि अपनी मां की गोद में बैठा मासूम पुत्र छिटककर रोड पर जा गिरा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक कार समेत मौके से भाग निकला। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल दंपती को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। बच्चे का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

पलिया कलां। जनपद पीलीभीत के थाना हजारा के ग्राम रामनगर निवासी जोगिंदर अपने रिश्तेदार मलिक की पुत्री रीमा (20) को बाइक पर बैठाकर संपूर्णानगर लाया था। देर शाम वापस जाते समय संपूर्णानगर चीनी मिल के पास उसकी बाइक सामने से आ रही किसी तेज गति बाइक से टकरा गई, जिससे दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची एंबुलेंस से दोनों घायलों को अस्पताल लाया गया, जहां युवती रीमा की मौत हो गई। जिसका शव पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, जबकि घायल जोगिंदर की गंभीर अवस्था को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# तौकीर के खिलाफ शिकायत पर शासन का आदेश-कार्रवाई करें एसएसपी

बरेली कार्यालय

- **शहामतगंज बवाल के मामले में पंडित सुशील पाठक ने मुख्यमंत्री से की थी शिकायत**
- **नौ फरवरी को जेल भरो के आह्वान पर भीड़ इकट्ठी होने के बाद हुआ था बवाल**

**अमृत विचार :** आईएमसी प्रमुख तौकीर रजा के जेल भरो के आह्वान पर नौ फरवरी को इस्लामिया ग्राउंड में भीड़ इकट्ठी होने के बाद शहामतगंज में हुए बवाल के मामले में शासन ने एसएसपी को कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। इस मामले में कुछ दिन पहले श्री शिरडी साई सर्वदेव मंदिर के महंत पंडित सुशील पाठक ने मुख्यमंत्री से शिकायत की थी। इसमें कहा गया था कि मौलाना तौकीर कई बार शहर की शांति के लिए खतरा बन चुके हैं। नौ फरवरी को भी उनके भड़काऊ बयानों के कारण शहामतगंज में दंगा होने से बच गया था।

ज्ञानवापी में पूजा की अनुमति देने के विरोध में मौलाना तौकीर ने जेल भरो का एलान किया था और सामूहिक गिरफ्तारी देने के लिए मुसलमानों से इस्लामिया ग्राउंड पर इकट्ठे होने की अपील की थी। मौलाना के इस आह्वान पर हजारों की भीड़ इकट्ठी हुई थी, हालांकि पुलिस-प्रशासन के अफसरों ने मौलाना की सामूहिक गिरफ्तारी देने की योजना सफल नहीं होने दी। इस्लामिया ग्राउंड से भीड़ के लौटते वक्त शहामतगंज में तोड़फोड़ और पथराव हुआ तो भारी तनाव फैल गया था। जैसे-तैसे बड़ा बवाल होने से बचा। पुलिस ने इस मामले में दोनों समुदायों की ओर से 110 लोगों के खिलाफ एफआईआर तो दर्ज की लेकिन इसके बाद आगे कोई कार्रवाई नहीं हुई।

पंडित सुशील पाठक ने कुछ दिन पहले इसी मामले में मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर शिकायत की थी कि मौलाना तौकीर रजा ने कई बार शहर की शांति भंग करने की कोशिश कर चुके हैं। नौ फरवरी को मौलाना तौकीर के जेल भरो आंदोलन के बाद शहर की सड़कों पर मुस्लिम समुदाय के लोग उतर आए थे। शहामतगंज में तौकीर के समर्थकों ने पथराव और तोड़फोड़ की। इससे शहर फिर दंगे की आग में झुलसने से बच गया।

पंडित सुशील पाठक ने शिकायत में यह भी कहा था कि मौलाना तौकीर अक्सर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के खिलाफ भड़काऊ भाषण देते हैं लेकिन प्रशासन भाजपा के एक बड़े नेता की वजह से कोई कार्रवाई नहीं करता है। शहामतगंज में भी बवाल के बाद अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लीपापोती कर दी गई। तौकीर ने 2022 को भी जिला प्रशासन की अनुमति से कई गुना ज्यादा भीड़ इकट्ठी की और फिर प्रधानमंत्री पर अभद्र टिप्पणी भी की थी लेकिन इसके बावजूद मौलाना के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। मुख्यमंत्री कार्यालय के संयुक्त सचिव अजय कुमार ओझा ने एसएसपी को इस मामले में कार्रवाई करने को कहा है।

### राजेश अग्रवाल ने किया था कार्रवाई होने का दावा

शहामतगंज में बवाल के बाद भाजपा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाकर दावा किया था कि मौलाना तौकीर रजा खां के खिलाफ कार्रवाई जरूर होगी। उन्होंने कहा था कि उन्होंने इस बारे में लखनऊ बात की है और वहां कार्रवाई करने की योजना तैयार की जा रही है।

### नेपाली महिला तस्कर गिरफ्तार, सामान बरामद

**पलिया कलां।** भारत-नेपाल सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने भारत से नेपाल को तस्करी कर ले जाए जा रहे एक लाख रुपयों से अधिक कीमत वाले तांबे के कलशों व लेडीज सूट सहित एक नेपाली महिला तस्कर को पकड़कर कस्टम के सुपुर्द किया है। एसएसबी सहायक कमांडेंट खेमराज के निर्देश पर उपनिरीक्षक कमल राय, जब अन्य जवानों के साथ भारत नेपाल सीमा के स्तंभ के पास गस्त पर थे तो उन्होंने कुछ तस्करों को नेपाल की ओर सामान ले जाते देख ललकारा। इस पर अन्य तस्कर तो सामान छोड़कर नेपाल की ओर भाग गए, किंतु एक महिला तस्कर उनकी गिरफ्त में आ गई। मौके पर 148 पीस लेडीज सूट, 32 तांबे के कलश मौके से बरामद किए गए। इस पर उन्होंने एक लाख से अधिक का सीजर बनाकर सारा सामान सहित नेपाली महिला तस्कर को कस्टम के सुपुर्द कर दिया है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरे दस्तावेजों में मेरा नाम जैदउद्दीन व पिता का नाम अदीबउद्दीन था जो अब बदलकर ज़ैद उद्दीन व पिता का नाम अदीब उद्दीन कर लिया है। भविष्य में मैं इसी नये नाम का प्रयोग करूंगा। **ज़ैद उद्दीन पुत्र अदीबउद्दीन निवासी मो. सैय्यद बाड़ा लखीमपुर खीरी**
सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र राज गुप्ता व उसकी पत्नी पूजा उर्फ प्रियंका को गलत सोहबत में पड़ जाने एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। **सुदेश कुमार पुत्र श्री डालचन्द निवासी गली नं. 1, शिव गार्डन, डोहरा रोड, बरेली।**
वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।




रंग नहीं, स्पर्श सही : राष्ट्रपति भवन के अमृत उद्यान में पर्पल फेस्ट के दौरान दिव्यांग बच्चों ने फूलों को छूकर महसूस की खुशी।

# देश में गरीबी अब सबसे निचले स्तर पर: मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत में गरीबी अब अपने न्यूनतम स्तर पर है क्योंकि घरों में खपत एक दशक पहले की तुलना में ढाई गुना बढ़ गई है। टीवी9 के वैश्विक शिखर सम्मेलन में 'भारतः अगली बड़ी छलांग के लिए तैयार' विषय पर लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि ग्रामीण भारत में खपत शहरी भारत की तुलना में तेज गति से बढ़ी है। उन्होंने कहा कि आंकड़ों से पता चलता है कि विभिन्न सेवाओं और सुविधाओं पर खर्च करने की लोगों की क्षमता बढ़ी है और अब उनके पास भोजन के अलावा अन्य चीजों का उपयोग करने के लिए अधिक पैसा है।

**▸▸ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उपभोग के आंकड़ों का दिया हवाला**



मोदी ने कहा, यह गांवों, गरीबों और किसानों पर हमारे ध्यान केंद्रित करने के कारण हुआ है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने ग्रामीण भारत को ध्यान में रखते हुए बुनियादी ढांचे का निर्माण किया, महिलाओं को सशक्त बनाया और रोजगार के नए अवसर पैदा किए। उन्होंने कहा कि भोजन पर खर्च किए जाने वाले धन का प्रतिशत अब पहली बार कुल घरेलू खर्च के 50 प्रतिशत से भी कम है।

उन्होंने कहा, हमने तुष्टिकरण नहीं किया है बल्कि लोगों की संतुष्टि का रास्ता चुना है। यही हमारा मंत्र रहा है। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने वोट बैंक की राजनीति को प्रदर्शन की राजनीति में बदल दिया है। अगर दुनिया अब यह सोचती है कि भारत लंबी छलांग लगाने के लिए तैयार है तो पिछले 10 साल में जो काम हुआ है, उसका लॉन्च पैड पीछे छूट चुका है। अब दुनिया भारत के साथ चलने में ही फायदा देख रही है। उनकी सरकार के कार्यकाल में विश्वास, मानसिकता, शासन में भारी बदलाव आया है और भारत आज जिस पैमाने पर काम कर रहा है, वह अभूतपूर्व और कल्पना से परे है। मोदी ने कहा, हमारे तीसरे कार्यकाल में सामर्थ्य को नई ऊंचाई तक पहुंचाना है। आज 21वीं सदी के भारत ने छोटा सोचना छोड़ दिया है। उन्होंने भाषण में अनुच्छेद 370 हटाने, राम मंदिर निर्माण, महिला आरक्षण विधेयक और तीन तलाक को समाप्त करने सहित कई फैसलों का जिक्र किया। उनकी सरकार के तहत प्रतिदिन दो नए कॉलेज खुल रहे हैं और हर हफ्ते एक नया विश्वविद्यालय अस्तित्व में आ रहा है। कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि उनकी सरकार में बदलाव इसलिए आया क्योंकि जो लोग पहले सत्ता में थे, उन्हें भारतीयों की क्षमता पर भरोसा नहीं था और उनकी ताकत को कम करके आंका गया था।

## एक नजर

### ईडी ने धनशोधन मामले में कार्ति के खिलाफ दायर किया नया आरोप पत्र

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 2011 में कुछ चीनी नागरिकों को कथित तौर पर वीजा जारी कराने से जुड़े धनशोधन मामले में कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम और कुछ अन्य के खिलाफ नया आरोप पत्र दायर किया है। सूत्रों ने कहा कि केंद्रीय एजेंसी ने अभियोजन शिकायत 25 जनवरी को विशेष धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) अदालत के समक्ष दायर की थी, जिसने अभी तक इसका संज्ञान नहीं लिया है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम के बेटे कार्ति चिदंबरम के अलावा ईडी ने उनके करीबी सहयोगी एस भास्कररमन और कुछ अन्य के नाम आरोप पत्र में दर्ज किए हैं। सूत्रों ने बताया कि अदालत ने 16 मार्च को सुनवाई के लिए मामले को सूचीबद्ध किया। कार्ति चिदंबरम (52) तमिलनाडु की शिवगंगा सीट से लोकसभा सदस्य हैं और एजेंसी ने इस मामले में कई बार उनका बयान दर्ज किया है। सांसद ने इस मामले को 'सबसे बड़ा फर्जी मामला' करार दिया था और कहा था कि उन्हें पूरा विश्वास है कि उन्होंने 250 लोगों को तो क्या, एक भी चीनी नागरिक को वीजा प्रक्रिया में मदद नहीं की। उन्होंने कहा था कि यह मामला उनके माध्यम से उनके पिता पी चिदंबरम पर निशाना साधने की कोशिश है।

### आम आदमी पार्टी की समिति बैठक आज, उम्मीदवारों पर होगी चर्चा


**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने आगामी लोकसभा चुनावों के लिए संभावित उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा करने के वास्ते अपनी राजनीतिक मामलों की समिति की मंगलवार को बैठक बुलाई है। आप ने 'इंडिया' गठबंधन के सहयोगी दल कांग्रेस के साथ दिल्ली, गुजरात, गोवा और हरियाणा के लिए सीट बंटवारे को लेकर समझौते को अंतिम रूप दे दिया है। हालांकि, दोनों दलों ने पंजाब में कोई गठजोड़ नहीं करने का फैसला किया है। आप के एक सूत्र ने कहा, ''पार्टी की राजनीतिक मामलों की समिति (पीएसी) लोकसभा चुनावों के लिए उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा करने के वास्ते कल एक बैठक करेगी।'' पार्टी असम के लिए तीन, और गुजरात के भरुच एवं भावनगर सीट के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है।

# घोटालों से पैसा बनाने वाले परिवारों की पार्टियों का गठबंधन है 'इंडिया' : शाह

## जनता को तय करना है वे देशभक्ति से ओतप्रोत प्रधानमंत्री चाहते हैं या घोटालों वाला सरकार राज

सिलवासा, एजेंसी

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन सात परिवारों द्वारा संचालित पार्टियों का एक ऐसा गठबंधन है, जिन्होंने घोटाले के पैसों से अपनी जेबें भरीं और केवल अपने संबंधियों के लिए काम किया। शाह ने कहा कि यह जनता को तय करना है कि वे देशभक्ति से ओतप्रोत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नेतृत्व चाहते हैं या उस 'इंडिया' गुट का जिसने 12 लाख करोड़ रुपये का घोटाला किया है।



### चुनाव राष्ट्रभक्तिपूर्ण नेतृत्व, परिवारवादी गठबंधन के बीच

**सिलवासा।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि आगामी आम चुनाव में मतदाताओं को मोदी के राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत नेतृत्व और परिवारवादी दलों के गठबंधन में से एक का चुनाव करना है। शाह ने यहां आयोजित एक सार्वजनिक कार्यक्रम कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राम मंदिर के निर्माण और धारा 370 को निरस्त करने सहित देश की जनता से जो वायदे किए थे उसे पूरे किए हैं। मोदी सरकार भारत को विश्व की बड़ी अर्थिक ताकत बनाने में लगी है जबकि वर्तमान विपक्ष जब सत्ता में था, भ्रष्टाचार में लिप्त था। उन्होंने संघशासित प्रदेश दमन और दीव में लगभग 2448 करोड़ रुपए की 53 विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया तथा सभा को संबोधित किया। दमन और दीव के प्रशासक प्रफुल्ल पटेल और केन्द्रीय गृह सचिव सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। शाह ने वीर सावरकर की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि पिछले 10 साल में इतनी विकास परियोजनाएं शुरू की हैं कि अगर गिनती की जाए तो बहुत लंबी सूची बन जाएगी।

शाह केंद्र शासित प्रदेश दमन, दीव और दादरा एवं नगर हवेली के सिलवासा में 2,300 करोड़ रुपये की लागत वाली परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद एक समारोह को संबोधित कर रहे थे। हम चुनाव की दहलीज पर खड़े हैं। हमारे सामने दो विकल्प हैं। एक तरफ हमारे पास देशभक्ति से ओतप्रोत नरेन्द्र मोदी का नेतृत्व है और दूसरी तरफ 'इंडिया' गठबंधन है जो सात परिवारों की पार्टियों का गठबंधन है। उन्होंने सभा में कहा कि यह आपको तय करना है कि देश उस मोदी का शासन चाहता है, जिसने भारत की अर्थव्यवस्था को दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाया, या 'इंडिया' गठबंधन का शासन चाहता है, जिसने 12 लाख करोड़ रुपये का घोटाला किया। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी अपने बेटे राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना चाहती हैं, लालू यादव, उद्धव ठाकरे और एम के स्टालिन अपने अपने बेटों को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं, जबकि तृणमूल कांग्रेस नेता ममता बनर्जी अपने रिश्तेदार को (पश्चिम बंगाल) अगला मुख्यमंत्री बनाना चाहती हैं।

शाह ने कहा कि जो लोग बेटों, रिश्तेदारों और दामादों के लिए काम करते हैं वे क्या आपका कुछ भला कर सकते हैं? केवल नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी ही भारत के लोगों का भला कर सकती है। कोई और नहीं कर सकता। 'इंडिया' गठबंधन भ्रष्टाचारियों का जमावड़ा है जो लोग अपने परिवार के सदस्यों के लिए काम करते हैं। केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि 'इंडियन नेशनल डेवलप्मेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' 2जी, 3जी और 4जी व्यक्तियों का एक समूह है। 2जी का मतलब टेलीफोन घोटाला नहीं बल्कि दो पीढ़ियों की पार्टी है, 3जी का मतलब तीन पीढ़ियों की पार्टी है और 4जी का मतलब चार पीढ़ियों की पार्टी है जिसमें किसी और के लिए कोई मौका नहीं है। शाह ने कहा कि मोदी एक गरीब परिवार में पैदा हुए और भारत को दुनिया भर में गौरवान्वित कर रहे हैं, जो लोकतंत्र की खूबसूरती है, जबकि ये परिवार के स्वामित्व वाली पार्टियां देश के लिए काम नहीं कर सकतीं। शाह ने कहा कि अगला दशक भारत का दशक होगा और 2027 तक, मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के दौरान, भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने 2030 तक दो हजार अरब अमेरिकी डॉलर के निर्यात, 2035 तक भारतीय अंतरिक्ष केंद्र, 2036 में ओलंपिक की मेजबानी और चंद्रमा पर एक भारतीय को भेजने का लक्ष्य रखा है। 2047 में हम पूरी तरह से विकसित और आत्मनिर्भर भारत बन जाएंगे। भाजपा के वरिष्ठ नेता शाह ने कहा कि मोदी को दोबारा चुनना एक विकसित भारत की गारंटी है क्योंकि वह इसकी नींव का मार्ग प्रशस्त करने के लिए काम करेंगे।

# जवानों और किसानों का शोषण कर रही सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

**▸▸ कांग्रेस नेताओं ने पार्टी मुख्यालय पर प्रेस कांफ्रेस कर लगाए आरोप**

कांग्रेस ने मोदी सरकार को जवान और किसान विरोधी करार देते हुए कहा कि उसकी नीतियों के कारण देश का किसान तथा जवान पीड़ित है और इन दोनों का जमकर शोषण किया जा रहा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट, संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा तथा वरिष्ठ नेता दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देश में आज जवान और किसान दोनों का शोषण हो रहा है।

कांग्रेस नेताओं ने कहा, "आज देश के नौजवानों में सेना भर्ती को लेकर रुचि कम हो गई है। इसका जिम्मेदार कौन है। इसलिए सरकार अग्निपथ योजना वापस ले और सेना में पक्की भर्ती दोबारा शुरू करे। सेना द्वारा करीब दो लाख युवकों का पूरी प्रक्रिया के बाद चयन हुआ है, उन सभी नौजवानों को जॉइनिंग दी जाए। सरकार जी-20 के आयोजन, प्रधानमंत्री के हवाई जहाज, सेंट्रल विस्टा जैसे प्रोजेक्ट और अपने प्रचार पर करोड़ों रुपये खर्च कर सकती है, लेकिन पैसा बचाने के लिए भर्ती प्रक्रिया के साथ खिलवाड़ कर रही है, जो चुनौती बन सकता है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत इटौआ सुखदेवपुर, वि०ख० क्यारा, जनपद बरेली**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मो, विक्रेताओ को सूचित किया जाता है। कि ग्राम पंचायत इटौआ सुखदेवपुर में वर्ष 2023-24 में मनरेगा योजना के अर्न्तगत निम्न विवरण के अनुसार कार्यो हेतु आवश्यक सामग्री की आवश्यकता है। जिसके लिए निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। पंजीकृत फर्मे ग्राम पंचायत कार्यालय में दिनांक 29.02.24 को 3 बजे तक निविदा/आवेदन जमा कर सकते हैं। जिन्हें उसी दिन सायं 4 बजे तक खोला जायेगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत लाख में | योजना का नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | फतेहपुर में मेन सड़क से सतीश के घर तक सीसी/इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण | 332627 रू. | मनरेगा |
| 2. | ग्राम बेहटी में गौशाला में अतिरिक्त शैड का निर्माण | 970285 रू. | मनरेगा |

सोनिका यादव
ग्राम प्रधान


संजय गंगवार
सचिव


# छोटे उद्यमों और स्टार्टअप इकोसिस्टम से फायदा उठा रही है सेना : जनरल पांडे

नई दिल्ली, एजेंसी

सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने कहा है कि सेना क्षमता विकास और आत्मनिर्भरता के लिए सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा स्टार्टअप इकोसिस्टम दोनों से फायदा उठा रही है। जनरल पांडे ने सोमवार को पुणे में मोशी के अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी कन्वेंशन सेंटर में महाराष्ट्र एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम) रक्षा प्रदर्शनी 2024 का दौरा किया।

महाराष्ट्र सरकार द्वारा आयोजित की जा रही इस प्रदर्शनी में महाराष्ट्र के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, निजी कंपनियों, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) प्रयोगशालाओं और रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र इकाई की स्वदेशी क्षमताओं तथा नवाचारों को प्रदर्शित किया जा रहा है। सेना प्रमुख ने कहा कि क्षमता विकास आवश्यकताओं को पूरा करने में आत्मनिर्भरता के हिस्से के रूप में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा स्टार्टअप इकोसिस्टम दोनों का लाभ उठाना भारतीय सेना के लिए एक फोकस क्षेत्र रहा है। उन्होंने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम और विद्यार्थियों को संबोधित किया। देश की अर्थव्यवस्था, औद्योगिक विकास, निर्यात और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के आकर्षण में प्रमुख योगदानकर्ताओं में से एक होने के लिए महाराष्ट्र बधाई का पात्र है। महाराष्ट्र ने प्रोत्साहन की पैकेज योजना में विमान निर्माण तकनीक और रक्षा विनिर्माण को भी महत्वपूर्ण क्षेत्र घोषित किया है।



**▸▸ सेना प्रमुख ने किया अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी कन्वेंशन सेंटर में महाराष्ट्र एमएसएमई रक्षा प्रदर्शनी 2024 का दौरा**

इन प्रयासों के परिणामस्वरूप महाराष्ट्र का देश में विमानों, युद्धपोतों और नौकाओं के उत्पादन में 20 प्रतिशत से ज्यादा तथा हथियारों एवं गोला-बारूद के राष्ट्रीय उत्पादन में 30 प्रतिशत से अधिक का योगदान दे रहा है। सेना प्रमुख ने बताया कि रक्षा उत्कृष्टता में नवाचार खरीद के तहत सभी परियोजनाओं को स्टार्टअप्स के माध्यम से आगे बढ़ाया जाना अनिवार्य है। वर्तमान में आईडेक्स पहल के तहत 400 करोड़ रुपये की लागत वाली भारतीय सेना की 55 परियोजनाएं चलाई जा रही हैं, जिसमें कुल 65 स्टार्टअप भी शामिल हैं। रक्षा क्षेत्र में उपयोग के लिए सीमित मात्रा में उपकरणों की खरीद के उद्देश्य से 70 करोड़ रुपये के चार अनुबंध हुए हैं।

# संकल्प पत्र की खातिर सुझाव मांगने के लिए नड्डा ने शुरू किया अभियान




**नई दिल्ली।** भाजपा के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने आगामी लोकसभा चुनाव के घोषणापत्र के लिए लोगों से सुझाव मांगने की खातिर पार्टी के राष्ट्रव्यापी अभियान की शुरुआत की और साथ ही 'विकसित भारत-मोदी की गारंटी' रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

भाजपा मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान नड्डा ने अभियान की शुरुआत करते हुए कहा, देश के विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों में वीडियो वैन के माध्यम से हम लगभग 250 स्थानों पर समाज के विभिन्न वर्गों के साथ संवाद करेंगे और उनके सुझावों का भी हम अपने घोषणापत्र में समावेश करेंगे। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि इसके साथ ही पार्टी की ओर से एक विशेष 'मिस्ड कॉल' नंबर जारी होगा और इसके जरिए भी लोगों से सुझाव मंगवाए जाएंगे। वीडियो वैन को 'विकसित भारत-मोदी की गारंटी' रथ का नाम दिया गया है। इसमें भारत को एक विकसित देश बनाने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को रेखांकित किया गया है।

### भाजपा आलोचकों को परेशान करने के लिए लगा रही 'अवैध' यात्रा प्रतिबंधः महबूबा

**श्रीनगर।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने सोमवार को भाजपा पर आरोप लगाया कि वह पासपोर्ट का हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रही है तथा अपने आलोचकों को परेशान और दंडित करने के मकसद से 'अवैध' यात्रा प्रतिबंध लगा रही है। ब्रिटेन के वेस्टमिंस्टर विश्वविद्यालय में भारतीय मूल की प्रोफेसर निताशा कौल ने एक दिन पहले दावा किया था कि एक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए कर्नाटक सरकार से आमंत्रण मिलने के बाद जब वह बेंगलुरु हवाई अड्डे पर पहुंची थीं तो उन्हें रोक दिया गया और फिर वापस ब्रिटेन भेज दिया गया।


**बजाज आलियांज लाईफ इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड**
रजि. कार्यालय : बजाज आलियांज हाउस, एयरपोर्ट रोड, यरवदा, पुणे - 411006
फोन: 020 66026777

**सार्वजनिक सूचना**

दिनांकित हमारे नोटिस के क्रम में 06 नवम्बर 23 एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बजाज आजियांज लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, पता - 116ए, सिविल लाइन्स बरेली, उत्तर प्रदेश -243001 को अपने नये पते बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, द्वितीय तल, दशमेश टॉवर, 156, सिविल लाइंस, स्टेशन रोड, बरेली, उत्तर प्रदेश - 243005 पर स्थानांतरित किया जायेगा, जो 29 फरवरी 2024 से प्रभावी होगा।



**कार्यालय जिला प्रोबेशन अधिकारी, बदायूँ**

पत्रांक : C1813/प्रोबे./सी.पी.एस./गुम./विज्ञप्ति/2023-24 दिनांक : 26 फरवरी 2024



**प्रेस विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अज्ञात शिशु (बालक) उम्र 1 वर्ष लगभग दिनांक 30.01.2024 को आसफपुर रेलवे स्टेशन थाना फैजगंज बेहटा जिला बदायूँ को प्राप्त हुआ है। गुमशुदा बालक को दिनांक 31.01.2024 को संरक्षण एवं देखभाल हेतु बाल कल्याण समिति बदायूँ के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बाल कल्याण समिति के आदेशानुसार किशोर न्याय अधिनियम 2015 के अन्तर्गत उपरोक्त बालक को बाल गृह (शिशु) इन्द्राणी भवन मो. कृष्णापुरी सिविल लाइन्स, बदायूँ में संवासित कराया गया है। जिस किसी को बालक के माता-पिता/रिश्तेदार आदि के सम्बन्ध में कोई जानकारी प्राप्त हो तो कार्यालय जिला प्रोबेशन अधिकारी बदायूँ विकास भवन कमरा नं. 129 में सूचना दे सकते हैं, जिससे कि उक्त बालक/बालिका के सर्वोत्तम हित में निर्णय लिया जा सके।

(रवि कुमार)
संरक्षण अधिकारी, बदायूँ
मो. 9411468148

(अभय कुमार)
जिला प्रोबेशन अधिकारी, बदायूँ
मो. 7518024013


# छत्तीसगढ़ में फिर से शुरू की जाएगी मीसाबंदियों की सम्मान निधि : साय

रायपुर, एजेंसी

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मीसाबंदियों की सम्मान निधि राज्य में फिर से शुरू करने की घोषणा करते हुए आज कहा कि विधानसभा चुनावों के दौरान मोदी जी ने जो गारंटी राज्य की जनता को दी थी उसमें बहुत सी महत्वपूर्ण गारंटियों को सरकार ने तीन महीनों में ही पूरा कर लिया है।

सीएम साय आज विधानसभा में अपने सीधे अधीनस्थ विभागों की अनुदान मांगों पर चर्चा का जवाब देते हुए यह घोषणा की। साय के जवाब के बाद सदन में 8421 करोड़ 82 लाख 8 हजार रुपए की अनुदान मांगें ध्वनिमत से पारित कर दी गई।अनुदान मांगों में सामान्य प्रशासन विभाग के लिए 475 करोड़ 39 लाख 81 हजार रुपए, सामान्य प्रशासन विभाग से संबंधित अन्य व्यय के लिए 74 करोड़ 18 लाख 29 हजार रुपए, वाणिज्यिक विभाग (आबकारी) के लिए 432 करोड़ 3 लाख 44 हजार रुपए, ऊर्जा विभाग के लिए 3990 करोड़ 56 लाख 89 हजार रुपए, पशुपालन विभाग के लिए 513 करोड़ 1 लाख 58 हजार रुपए, मछलीपालन विभाग के लिए 106 करोड़ 19 लाख 4 9 हजार रुपए, खनिज साधन विभाग के लिए 1340 करोड़ 62 लाख 73 हजार रुपए, जनसंपर्क विभाग के लिए 443 करोड़ 87 लाख 20 हजार रुपए, पुनर्वास विभाग के लिए 2 करोड़ 75 लाख 40 हजार रुपए, परिवहन विभाग के लिए 151 करोड़ 8 लाख 20 हजार रुपए, ग्रामोद्योग विभाग के लिए 217 करोड़ 31 लाख 74 हजार रुपए, जिला परियोजनाओं से संबंधित व्यय के लिए 208 करोड़ 53 लाख रुपए, विमानन विभाग के लिए 200 करोड़ 48 लाख 36 हजार रुपए, इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के लिए 265 करोड़ 75 लाख 95 हजार रुपए की अनुदान मांगें पारित की गई।

उन्होने कहा कि मोदी ने जो गारंटी छत्तीसगढ़ की जनता को दी थी उसमें बहुत सी महत्वपूर्ण गारंटियों को हमने तीन महीनों में ही पूरा कर लिया है। 18 लाख हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास देने के लिए हमने राज्यांश की व्यवस्था कर ली है।


**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अरविन्द सिंह पुत्र बन्नू लाल व चांदनी पत्नी अरविन्द सिंह निवासी किच्छा, मजरा नौसना, पो क्रिमछा जिला रामपुर ने एक किता प्लाट नं. 46 आराजी तादादी 137.95 वर्गमीटर खसरा नं. 239-क भाग पार्क ग्राम करगैना, ग्रेटर कैलाश कालोनी, जिला बरेली को निर्माण करानेन हेतु एच.डी.एफ.सी. बैंक लि. बरेली से गृह ऋण हेतु आवेदन किया है। उक्त सम्पत्ति के बावत पूर्व का एक इकरारनामा मुहायदावय जिसकी रजि. दिनांक 14.09.2005 प्रतिपुस्तक सं. 1 खण्ड 1295 के पृष्ठ 367 से 384 क्रमांक सं. 6579 पर स.र. द्वितीय बरेली में पंजीकृत हुआ है जो श्रीमती कल्पना उर्फ कल्पना शर्मा पत्नी श्री कुलदीप कुमार सिंह उर्फ कृष्ण कुमार सिंह उर्फ के.के सिंह गुरूजी निवासी साउथ रेलवे कालोनी साी. एण्ड डब्लू-1/ए. बरेली के हक में निष्पादित हुआ है जो दिनांक 21.02.2024 को फोटो स्टेट कराते समय कहीं गिर गया जोकि काफी खोाजने के बाद भी नहीं मिल सका। जिसकी सूचना प्रार्थी द्वारा दिनांक 23.02.2024 को थाना गडिया रंगीन जिला शाहजहांपुर में दी जा चुकी है। उक्त मूल इकरारनामा मुहायदावय अनुउपलब्धता के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस प्रकाशन के 7 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति व्यक्तिगत रूप से डाक द्वारा समस्त दस्तावेजों, साक्ष्यों सहित मेरे कार्यालय में सामान्य कार्य अवधि में प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि में आपत्ति किसी के द्वारा न किये जाने पर यह मानते हुए कि उक्त इकरारनामा मुहायदावय के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति नहीं है। उपरोक्त सम्पत्ति पर एच.डी.एफ.सी. बैंक लि. द्वारा लोन की कार्यवाही अग्रसरित करने के लिये स्वतंत्र होगा।

**कुलदीप गुप्ता एडवोकेट**
लीगल पैनल अधिवक्ता, HDFC बैंक लि. बरेली
पंजीकरण सं. 4993/87 / मो. 9359112743



**कार्यालय आदर्श नगर पंचायत पकड़िया नौगवां, पीलीभीत**

पत्रांक : 227/निविदा/न.प.पक.नौ.पी./2023-24 दिनांक : 26.02.2024

**ई-निविदा सूचना**

समस्त ठेकेदारों/फर्मो को सूचित किया जाता है कि 15वें वित्त आयोग की अनटाइड ग्रांट से स्वीकृत 08 निर्माण कार्यो की निविदा को कराए जाने हेतु नगर पंचायत पकड़िया नौगवां अध्यक्ष/प्रशासक/बोर्ड के द्वारा सर्वसहमति से स्वीकृति प्रदान की गयी है जिसके क्रम में ई-निविदा की दिनांक 27.02.2024 से 08.02.2024 तक ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है जो उसी दिनांक सायं 04:50 बजे तक तकनीकी बिड निविदायें खोली जायेंगी तथा फाइनेंनशियल बिड दिनांक को खोली जायेंगी। ई-निविदा प्रपत्र उ. प्र. की ई प्रोक्योरमेन्ट की वेबसाइट http:etender.up.nic.in में उपलब्ध है। तकनीकी बिडों का परीक्षण उपरान्त ही वित्तीय बिड खोली जायेंगी।

| | |
|---|---|
| Bid Publishing Date | 27.02.2024 09:00 AM |
| Bid Download and Upload Date | 27.02.2024 09:10 AM |
| Last Date @ time of bid submissiom | 08.03.2024 06:00 PM |
| Date @ time of technical bid opening | 09.03.2024 10:30 AM |

1. निविदा खुलने की तिथि में यदि अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जाएंगी। तकनीकी बिड खुलने के बाद फाइनेनशियल बिड खोली जाएंगी।
2. निविदा मूल्य एवं 10 प्रतिशत जमानत धनराशि अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत पकड़िया नौगवां बैंक ऑफ बड़ौदा के बैंक खाता सं. 00730100028592 IFSC Code - BARBOBLYPIL NEFT/RTGS द्वारा जमा करने के उपरांत रसीद की स्कैन कॉपी अथवा निविदा मूल्य बैंक ड्राफ्ट जो अधिशाी अधिकारी नगर पंचायत पकड़िया नौगवां पीलीभीत के नाम एवं जमानत धनराशि एन.एस.सी./एफ.डी.आर. के रूप में अधिशासी अधिकारी नगर पंचयत पकड़िया नौगवां के नाम बन्धक कराकर निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य है।
3. किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी में निहित होगा।

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | कार्य की लम्बाई | आगणन धनराशि जी.एस.टी. सहित | ठेकेदार की श्रेणी | धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य जी.एस.टी. सहित. रू. | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रोड निर्माण कार्य अजय कुमार से एस.एस.बी. आफिस के गेट तक सुनीता प्रतिपाल के मकान से मुरारीलाल मौर्या के घर तक | 164 | 21,10,921.58 | A,B,C,D | 10% | 2110/- | 3 माह |
| 2. | इण्टरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य भूपेन्द्र के मकान से कांशीराम कालोनी | 128 | 8,39,000.00 | A,B,C,D | 10% | 839/- | 3 माह |
| 3. | इण्टरलॉकिंग सड़क निर्माण ताराचन्द्र के मकान से विनोद जग्गू चाट वाले के मकान से होते हुए लालता प्रसाद के मकान तक | 157 | 13,16,553.35 | A,B,C,D | 10% | 1316/- | 3 माह |
| 4. | इण्टरलॉकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य मुन्ना लाल के मकान से रामभजन के घर तक | 90 | 16,12,100.33 | A,B,C,D | 10% | 1612/- | 3 माह |
| 5. | सड़क निर्माण कार्य टनकपुर मेन रोड से वसुन्धरा कालोनी के गेट नं. 2 तक | 115 | 20,86,201.93 | A,B,C,D | 10% | 2086/- | 3 माह |
| 6. | सड़क निर्माण कार्य किशन लाल राजपूत के मकान से उमेश चन्द्र गंगवार के मकान तक वसुन्धरा कालोनी | 83 | 7,20,020.24 | A,B,C,D | 10% | 720/- | 3 माह |
| 7. | उच्चीकरण सी.सी. रोड निर्माण कार्य रेलवे लाइन से मुक्तिधाम तक | 105 | 11,41,000.00 | A,B,C,D | 10% | 1141/- | 3 माह |
| 8. | नाला निर्माण कार्य पंडित जी के मकान से वदीउल्ला के मकान तक | 180 | 29,44,030.91 | A,B,C,D | 10% | 2944 | 3 माह |

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत पकड़िया नौगवां, पीलीभीत

यथा ह्येकेन चक्रेण न रथस्य गतिर्भवेत्।
एवं परुषकारेण विना दैवं न सिद्ध्यति।।

जैसे एक पहिये से रथ नहीं चल सकता। ठीक उसी प्रकार बिना पुरुषार्थ के भाग्य सिद्ध नहीं हो सकता है।

## संपादकीय

# डब्ल्यूटीओ नीतियां

किसानों के निशाने पर विश्व व्यापार संगठन भी है। उनकी मांग है कि सरकार भारत को विश्व व्यापार संगठन और मुक्त व्यापार समझौतों से बाहर निकाले। सोमवार को पंजाब व हरियाणा के किसानों ने राजमार्गों के किनारे कई स्थानों पर ट्रैक्टर खड़े करके प्रदर्शन किया। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब किसान फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी समेत विभिन्न मांगों को लेकर केंद्र पर दबाव बनाने के लिए आंदोलन कर रहे हैं। आंदोलन कर रहे किसानों ने डब्ल्यूटीओ की नीतियों की आलोचना की और उन्हें 'किसान विरोधी' बताया। उन्होंने दावा किया कि डब्ल्यूटीओ की नीतियों के कारण सरकार सभी फसलों पर एमएसपी नहीं दे रही है। उधर भारत ने डब्ल्यूटीओ के सदस्यों से लंबे समय से लंबित सार्वजनिक खाद्य भंडारण मुद्दे का स्थायी समाधान खोजने का आह्वान करते हुए कहा है कि यह सीधे तौर पर वर्ष 2030 तक 'शून्य भुखमरी' के सतत विकास लक्ष्य को प्राप्त करने से संबंधित है। खाद्य सुरक्षा उद्देश्यों के लिए सार्वजनिक भंडारण कार्यक्रम एक नीति माध्यम है जिसके तहत सरकार एमएसपी पर किसानों से चावल और गेहूं जैसी फसलें खरीदती है तथा खाद्यान्न का भंडारण और गरीबों को वितरित करती है। दरअसल वर्ष 1994 से विश्व व्यापार समझौता कृषि क्षेत्र में लागू हुआ। समझौते का उद्देश्य कृषि क्षेत्र को सरकारी नियंत्रण से मुक्त कर उत्पाद एवं व्यापार का निजीकरण करना था। डब्ल्यूटीओ का नियम कहता है कि विश्व व्यापार संगठन से जुड़े सदस्य देशों को अपने कृषि उत्पाद को दी जाने वाली घरेलू मदद की मात्रा को सीमित करना चाहिए। जबकि डब्ल्यूटीओ के नियम किसानों की मांग से विपरीत हैं।

गौरतलब है विकसित राष्ट्रों ने अपने किसानों को भारी सहायता जारी रखी। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में प्रति किसान 300 डॉलर की सब्सिडी दी जाती है जबकि अमेरिका में यही सब्सिडी प्रति किसान 40,000 डॉलर की मिलती है। इससे विकसित देशों के किसानों की व्यक्तिगत उत्पादन लागत कम हुई और बाजारों में कम कीमत पर अपने उत्पादों को बेचकर भी वे मुनाफे में रहे वहीं हमारे किसान अपनी अत्यधिक कृषि लागत और कम बाजार भाव के कारण ऋणग्रस्त होते गए। किसानों के आंदोलन करने का उद्देश्य ही यही है कि उन्हें एमएसपी, फसलों की खरीद और पब्लिक डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम को लेकर कानूनी गारंटी दी जाए। सवाल है कि विश्व व्यापार समझौतों के तहत सरकारी खरीद तथा समर्थन मूल्य को कम कर दिए जाने से किसान बेबस और लाचार हो गए। क्या डब्ल्यूटीओ का कृषि समझौता खाद्य सुरक्षा नीति के विरुद्ध होने के साथ ही देश की नीति-निर्धारण की संप्रभुता में हस्तक्षेप भी है।

# खुली किताब से परीक्षा: संभावनाएं और चुनौतियां



डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

दुनिया के कई देश खुली किताब से परीक्षा कराते हैं। लेकिन वहां परीक्षा स्मृति परीक्षण से आगे जाकर विद्यार्थी की समझ का जीवन की विभिन्न परिस्थितियों में अनुप्रयोग पर ज्यादा फोकस करती हैं। स्वाभाविक ही है कि इस प्रक्रिया में अनुभव, विश्लेषण, तर्क, चिंतन, कल्पना, स्वयं परीक्षण द्वारा निष्कर्ष तक जाना जैसे उच्च मानसिक कौशलों के विकास पर ज्यादा जोर दिया जाता है।



शिक्षा में किसी भी नए विचार के समावेश के लिए आवश्यक है कि उस विचार को शिक्षा नीति, पाठ्यचर्या, पाठ्यक्रम ,पाठ्यपुस्तक व शिक्षण अधिगम प्रक्रियाओं में प्रत्येक स्तर पर अभिन्न हिस्सा बनाया जाए। क्रियान्वयन से पूर्व उसके हर पहलू पर विचार हो और आवश्यक मानवीय व भौतिक संसाधनों को उसके अनुरूप रचा-गढ़ा जाय। शिक्षकों, निरीक्षकों व अकादमिक सहयोगियों को उस विचार को बच्चों तक पहुंचाने के लिए ज़रूरी ज्ञान-कौशल व उपकरण उपलब्ध कराए जाएं। साथ ही ऐसी नियमित आकलन प्रणालियां हों जो बच्चों में उस विचार की पहुंच और ग्राह्यता का पता करने में उपयोगी फीड बैक दे पाएं।अभिभावकों व समुदाय से इस संबंध में नियमित संवाद हो।

लगभग ढाई दशक पूर्व का वाकया है। उत्तर प्रदेश में प्रारंभिक स्तरीय पाठ्य पुस्तकों के विकास की प्रक्रिया गतिमान थी। हिंदी की पाठ्य पुस्तक में लोकगीत से संसंबंधित पाठ क्रमांक डालते हुए पूरा पेज रिक्त रखा गया था। पेज पर विद्यार्थियों के लिए निर्देश था कि अपने यहां किसी भी अवसर पर गाए जाने वाले लोकगीत को रिक्त स्थान पर लिखें। पाठ की विशेषता यह भी थी कि अगले पेज में विविध अभ्यास दिए गए थे जो बच्चों द्वारा लिखे जाने वाले लोकगीत पर केंद्रित थे। शुरुआती क्षेत्रीय परीक्षणों में इस पाठ की बहुत आलोचना हुई तथा पर्याप्त चर्चा-विमर्श के उपरांत ही पाठ को स्वीकार किया गया। कारण यह कि उस दौर में प्रश्नों के उत्तर लगभग हू-ब-हू पाठ्यपुस्तक में दिए गए होते थे जबकि यह पाठ प्रचलित पैटर्न के एकदम विपरीत था।

नब्बे का आखिरी दशक शिक्षा में विभिन्न प्रयोगों व नवाचारों का दौर था। शिक्षण विज्ञान पर देश व्यापी चर्चाओं के बाद वर्ष-2005 में 'राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूप रेखा' ने 'ज्ञान को रटंत प्रणाली से मुक्त करने तथा विद्यालय की परिधि से बाहर ले जाने' की सिफ़ारिश की। इससे शैक्षिक परिदृश्य में कई बड़े परिवर्तन आए। इसी के चलते पाठ्य पुस्तकों में टेक्स्ट से संबंधित ऐसे विविधता पूर्ण अभ्यासों पर सहमतियां बनीं जो बच्चों को किताब की दुनिया से बाहर की दुनिया तक जाने का रास्ता तैयार करें। निश्चित ही इन अभ्यासों का हल पाठ्यवस्तु की किसी पंक्ति या अनुच्छेद में नहीं बल्कि उस पूरे पाठ को पढ़कर बनी समझ में ज़्यादा था। पर, क्योंकि यह एक पारंपरिक स्थिति से भिन्न प्रयोग था इसलिए इसकी स्वीकार्यता में समय लगा।

शिक्षा में किसी भी नए विचार के समावेश के लिए आवश्यक है कि उस विचार को शिक्षा नीति, पाठ्यचर्या, पाठ्यक्रम, पाठ्यपुस्तक व शिक्षण अधिगम प्रक्रियाओं में प्रत्येक स्तर पर अभिन्न हिस्सा बनाया जाय। क्रियान्वयन से पूर्व उसके हर पहलू पर विचार हो और आवश्यक मानवीय व भौतिक संसाधनों को उसके अनुरूप रचा-गढ़ा जाए। शिक्षकों, निरीक्षकों व अकादमिक सहयोगियों को उस विचार को बच्चों तक पहुंचाने के लिए ज़रूरी ज्ञान-कौशल व उपकरण उपलब्ध कराए जाएं। साथ ही ऐसी नियमित आकलन प्रणालियां हों जो बच्चों में उस विचार की पहुंच और ग्राह्यता का पता करने में उपयोगी फीड बैक दे पाएं। अभिभावकों व समुदाय से इस संबंध में नियमित संवाद हो।

'परीक्षा'किसी भी स्तर की शिक्षा व्यवस्था का अनिवार्य अंग है। यह एक निश्चित अंतराल पर शिक्षार्थियों के अर्जित ज्ञान, कौशल या दक्षताओं को जांचने की क्रिया, प्रक्रिया या अवस्था है। इसके अंतर्गत कुछ विशेष प्रकार के लिखित अथवा मौखिक अभ्यास प्रश्न डिजाइन किए जाते हैं। स्वाभाविक ही है कि 'परीक्षा' नाम की यह पूरी प्रक्रिया तात्कालिक पाठ्यचर्या, पाठ्यक्रम, पाठ्यपुस्तक, शिक्षण बिंदुओं तथा शिक्षण अधिगम प्रक्रियाओं के तरीक़ों पर निर्भर करती है और इन्हीं के अनुरूप होती है। इसका सीधा सा अर्थ यही है कि अगर हम 'परीक्षा' के स्वरूप में किसी भी प्रकार के बदलाव की बात करते हैं तो हमें उक्त सभी में इस प्रकार के आवश्यक बदलाव करने होंगे जो परीक्षा के बदले पैटर्न का समर्थन करते हों और तदनुरूप हों। ज़ाहिर सी बात है कि 'परीक्षा' के स्वरूप में किसी भी प्रकार के बदलाव के लिए केवल एग्जाम पैटर्न में बदलाव ही काफ़ी नहीं होगा बल्कि पाठ्यचर्या, पाठ्यक्रम, पाठ्यपुस्तक समेत सभी स्तरों पर बदलाव अपेक्षित होंगे।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा की संस्तुतियों को दृष्टिगत रखते हुए सीबीएसई द्वारा पायलट प्रोजेक्ट के तहत कुछ विद्यालयों में सेकेंडरी स्तर से 'ओपन-बुक एग्जाम-ओबीई' आयोजित करने का प्रस्ताव है। इसके तहत परीक्षार्थी परीक्षा में पाठ्यपुस्तक, क्लासरूम नोट्स या अन्य स्वीकृत सामग्री के साथ परीक्षा दे सकेंगे। हालांकि कुछ लोगों को 'खुली किताब के साथ परीक्षा' सुनने में कर्णप्रिय लग सकता है लेकिन यह परीक्षा पार करने का इतना सहज-सुगम तरीक़ा नहीं होने वाला है, क्योंकि यहां पर प्रश्न सीधे- सपाट या टैक्स्ट में निहित उत्तर पर आधारित न होकर सिद्धांतों या निष्कर्षों को विश्लेषणात्मक दक्षता के आधार पर प्रस्तुत करने पर केंद्रित होंगे। अगर सीधे कहें तो यह परीक्षा इस बात की जांच करेगी कि विद्यार्थी ने दिए गए सिद्धांतों अथवा तय निष्कर्षों को किस स्तर तक समझा है तथा वह इस समझ का विभिन्न परिस्थितियों में तर्कपूर्ण एवं विश्लेषणात्मक उपयोग कर सकता है अथवा नहीं। निश्चित ही यह प्रक्रिया विद्यार्थियों में सूचनाओं, तथ्यों, परिभाषाओं अथवा सूत्रों को रटने की बजाय मन-मस्तिष्क में उनकी गहरी समझ स्थापित करने तथा विभिन्न विषय संदर्भों में उसे 'ज्ञात से अज्ञात की ओर' जाने का रास्ता सुगम करेगी। पर, इस सबके लिए आवश्यक होगा कि इसे नियमित शिक्षण अधिगम प्रक्रिया का हिस्सा बनाया जाए। नियमित प्रक्रिया का हिस्सा होने से बच्चों में कक्षा शिक्षण के दौरान शिक्षक द्वारा अपनाई गई शिक्षण विधियों, पाठ्यपुस्तक तथा अन्य पाठ्यसामग्री के बीच का संबंध स्पष्ट होगा तथा किसी समस्या के समाधान हेतु पाठ्यसामग्री को बार-बार संदर्भित कर सही व सटीक उत्तर की ओर जाने का कौशल विकसित होगा। इस प्रक्रिया में वे अपनी ग़लतियों को ख़ुद से सुधारना सीखेंगे तथा केवल परीक्षा पास करने के लिए कुछ प्रश्नों को रट लेने के बजाय गूढ़ अध्ययन की ओर उन्मुख होंगे।


दुनिया के कई देश खुली किताब से परीक्षा कराते हैं। लेकिन वहां परीक्षा स्मृति परीक्षण से आगे जाकर विद्यार्थी की समझ का जीवन की विभिन्न परिस्थितियों में अनुप्रयोग पर ज़्यादा फ़ोकस करती हैं। स्वाभाविक ही है कि इस प्रक्रिया में अनुभव, विश्लेषण, तर्क, चिंतन, कल्पना, स्वयं परीक्षण द्वारा निष्कर्ष तक जाना जैसे उच्च मानसिक कौशलों के विकास पर ज्यादा ज़ोर दिया जाता है। भारतीय परिस्थितियों में ओपन बुक योजना और इसके नतीजे लागू होने पर ही सामने आएंगे। लेकिन यह ज़रूर है कि इसकी प्रभावकारिता के लिए पाठ्य सामग्रियों, कक्षा शिक्षण प्रक्रियाओं, आकलन-मूल्यांकन प्रणालियों व अकादमिक सुपरविजन के तरीक़ों में भी अपेक्षित बदलाव लाने होंगे। साथ ही परिवेश में उपलब्ध ज्ञान के मानवीय स्रोत एवं स्थानीय संसाधनों की भूमिका को भी स्पष्टतः रेखांकित करना होगा।

## प्रसंगवश

# चंद्रशेखर आजाद से जुड़े तथ्यों को जानना नागरिकों का अधिकार

**बलिदान दिवस**

भारत की आजादी के लिए सशस्त्र क्रांति के सूत्रधार अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद कब और कहां पैदा हुए? अभी तक न तो जन्म स्थान निश्चित हो पाया है और न ही जन्म तिथि। प्रामाणिक जानकारी के अभाव में यह अब भी असंभव बना हुआ है। यही कारण है कि भाबरा (मध्य प्रदेश), भौंती (कानपुर) और बदरका (उन्नाव) के लोग उन्हें अपना मानकर प्रतिवर्ष मेला और जलसा आयोजित करके अपने दावे को मजबूत करते रहते हैं। बदरका का भव्य आजाद स्मारक अपने इस दावे को वर्ष प्रतिवर्ष और मजबूत करता ही जा रहा है।



गौरव अवस्थी
रायबरेली

आजाद से जुड़े अनेक मिथकों पर पिछले वर्ष एक नई किताब आई- 'चंद्रशेखर आजाद मिथक बनाम यथार्थ'। पुस्तक के प्रथम दो अध्याय जन्म स्थान और जन्मतिथि पर ही केंद्रित हैं। किताब का शीर्षक उम्मीद जगाता है कि आजाद के जन्मस्थान और जन्मतिथि का निर्धारण निश्चित हो गया होगा लेकिन किताब के लेखक आईपीएस अधिकारी प्रताप गोपेंद्र की गहन खोज भी निर्णायक मुकाम पर नहीं पहुंचा पाती। हां, पुस्तक की एक खासियत यह है कि आजाद के जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण बातें और उपलब्ध आधे-अधूरे प्रमाण एक ही छतरी (पुस्तक) के नीचे मिल जाते हैं। इससे और कुछ नहीं तो आपको अपना मत निर्धारित करने में मदद जरूर मिलती है।

कोई आजाद का जन्म स्थान भाबरा मानता है तो कोई बदरका। किसी को भरोसा है कि आजाद का जन्म लखनऊ के काकोरी के पास ईटगांव में हुआ था और कोई ब्रिटिश हुकूमत के दौरान चले मुकदमों में खुद आजाद द्वारा लिखाए गए तथ्यों को ही प्रमाण मानकर उनका जन्म बनारस के बैजनाथ मोहल्ले का मानता है। कुछ विद्वान और आजाद के अधिकतर साथी आजाद का जन्म मध्य प्रदेश के भाबरा में ही मानते हैं। प्रामाणिक जानकारी के अभाव में आज तक यह तक तय कर पाना मुश्किल है कि आजाद के पिता कहां के रहने वाले थे? कई इतिहासकार उनके पिता पंडित सीताराम तिवारी को भौंती-प्रतापपुर (कानपुर) का मानते हैं और कोई कोई उन्हें बदरका का। कहीं-कहीं उनके पिता का नाम पंडित बैजनाथ या स्वतंत्र शर्मा भी मिलता है। हालांकि लेखक प्रताप गोपेंद्र अपने एक अध्याय में आजाद की जन्म तिथि मां स्व. जगरानी देवी द्वारा झांसी प्रवास के दौरान भगवान दास माहौर को बताई गई हिंदी तिथि (सावन सुदी दूज सोमवार) के आधार पर 23 जुलाई 1906 मानने पर ही जोर देते हैं। इसके प्रमाण में अपनी वह खोज पुस्तक में प्रस्तुत करते हैं जो उन्होंने गूगल पर प्रोकेरला (prokerala.com) के माध्यम से जुटाई है। इस पुस्तक में ऐसी खोज का एक चार्ट भी प्रकाशित किया गया है। हालांकि उन्नाव वाले आजाद की जन्म तिथि 7 जनवरी मानते हैं। इसके लिए उनके अपने तर्क और आधार हैं। बदरका में आजाद की जयंती मनाने की परंपरा 1943 से चली आ रही है। यह आज भी कायम है और वृहत मेले का रूप ले चुकी है। इसमें कोई दो राय नहीं कि प्रताप गोपेंद्र की पुस्तक नए तथ्यों की ओर पाठक का ध्यान आकृष्ट करती है लेकिन असल सवाल फिर वहीं अटक जाता है कि आखिर चंद्रशेखर आजाद का जन्म कहां का माना जाए और उनकी जन्मतिथि क्या है? यह तो सभी को पता है कि 27 फरवरी 1931 को प्रयागराज के अल्फ्रेड पार्क (अब आजाद पार्क) में ब्रिटिश हुकूमत के हाथ आने के पहले चंद्रशेखर आजाद ने कनपटी पर गोली मार कर अपना प्राणांत करके अपने उस प्रण को पूरा किया था, जो अक्सर वह अपने साथियों के समक्ष इन शब्दों में व्यक्त किया करते थे- 'मेरी रिवाल्वर में आठ गोली हैं। एक मैगजीन अतिरिक्त। 15 गोली अंग्रेज आततायियों पर दागूंगा और सोलहवीं खुद पर।' इसे उन्होंने आखिरी सांस में पूरा भी किया। सवाल है कि आजाद भारत की सरकारें आज तक आजाद का जन्मस्थान और जन्म तारीख प्रमाणित करने की कोशिश तक क्यों शुरू नहीं कर पाईं? जब नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मृत्यु के रहस्योद्घाटन के लिए आयोग बन सकते हैं तो चंद्रशेखर आजाद की जन्मतिथि और जन्मस्थान पता करने के लिए क्यों नहीं? केवल 'शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले..' से ही शहीदों के प्रति श्रद्धा प्रकट नहीं की जा सकती। आजाद के जीवन से जुड़े सही तथ्यों को जानना आजाद भारत के हर नागरिक का अधिकार है और सरकारों का कर्तव्य।

# प्रभावित होती सरकार की छवि



डॉ. अजय कुमार मिश्रा
लखनऊ

पुलिस भर्ती परीक्षा में पहले दिन की परीक्षा से ही युवा पेपर लीक होने का आरोप लगा रहे थे परन्तु सरकारी तंत्र इस बात को स्वीकार नहीं कर रहा था।

उत्तर प्रदेश पुलिस दुनिया की सबसे बड़ी संख्या बल वाली पुलिस है, जिसमें 2.25 लाख से अधिक कर्मचारी कार्यरत है। विभाग में चल रही भर्ती को सरकार ने रद करके आगामी छह माह में पुनः परीक्षा की घोषणा की है। निसंदेह पुनः परीक्षा में सजगता देखने को मिलेगी, जिससे पेपर लीक को रोका जा सकेगा। पर इस विषय पर कुछ अधिक कहने और लिखने से पहले कुछ मूल तत्वों को भी जानना जरुरी है। कुल 60244 पदों की भर्ती के लिए परीक्षा 16 से 18 के फरवरी मध्य उत्तर प्रदेश के 75 जिलों में 2385 केंद्र बनाकर आयोजित हुई थी। इस भर्ती के लिए दिसंबर 2023 में विज्ञापन निकाला गया था। 48.17 लाख ऑनलाइन आवेदन 27 दिसंबर 2023 से 16 जनवरी 2024 के मध्य प्राप्त हुए थे। किन्ही कारणों से लगभग 5.03 लाख आवेदक परीक्षा में शामिल नहीं हुए। परीक्षा का निरस्त होना कई प्रश्नों को इक साथ जन्म देता है।

पुलिस भर्ती परीक्षा में पहले दिन की परीक्षा से ही युवा पेपर लीक होने का आरोप लगा रहे थे परन्तु सरकारी तंत्र इस बात को स्वीकार नहीं कर रहा था। 1500 से अधिक शिकायत साक्ष्यों के साथ अलग-अलग जगहों से भेजी गईं। भारी संख्या में युवाओं का दल लखनऊ में भी धरने पर रहा। अत्यधिक विरोध के पश्चात सरकार ने परीक्षा को रद करने और पुनः परीक्षा कराने की घोषणा की। जिसके पश्चात् अभ्यर्थी उत्साहित भी दिखे, परन्तु यह सोचने और समझने का विषय है की जिस भर्ती में चयन के पश्चात अवसर प्राप्त होता उसी भर्ती को रद कराने के लिए युवाओं को लड़ना पड़ा। क्या यह पूरे प्रदेश के भर्ती प्रणाली पर बड़ा प्रश्न नहीं है? उत्तर प्रदेश में नई भर्ती होने की परीक्षा का पेपर लीक होना अब आम बात बन गया है। इसके पूर्व भी कई बार पेपर लीक हुआ है। सरकार कड़ी कार्यवाही करके या करने का भरोसा देकर अपना पल्ला झाड़ लेती है। यह कितना अनुचित और अव्यवहारिक है कि सरकार अपनी ही गलतियों से नही सीख रही और कड़े प्रबंधन करने में विफल है जिसका खामियाजा लाखों लोगों को उठाना पड़ रहा है। अनेक लोगों का एक साथ सपना टूटना कितना भयावह है इसका अनुभव आर्थिक, सामाजिक, और परिवारिक दबाव झेल रहा बेरोजगार युवा ही समझ सकता है।

अव्यवस्था का आलम अक्सर देखने को मिलता रहता है। दो लाख से अधिक युवाओं का परीक्षा केंद्र लखनऊ बनाया गया था जिससे रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड सभी जगह अव्यवस्था देखने को मिली। अव्यवस्था का आलम यह था की अधिकांश युवाओं को अगले दिन वापस जाने का इंतेजार करना पड़ा। पिछले वर्ष सरकार ने दो करोड़ लोगों को आगामी वर्षों में रोजगार देने की बात कही थी। इसके अतिरिक्त प्रत्येक घर में एक सरकारी नौकरी देने की भी बात सामने आई थी। प्रदेश ही नहीं बल्कि देश की भी सबसे नाजुक नब्ज रोजगार की है जिसके लिए प्रतिदिन धरना प्रदर्शन हो रहा है। यदि उत्तर प्रदेश की बात करें तो कई अलग-अलग भर्तियों के अभ्यर्थी न केवल केस लड़ रहे हैं बल्कि कुछ के पक्ष में न्याय होने के बावजूद रोजगार नहीं प्राप्त कर सकें। निजी क्षेत्रों में अवसर की कमी और नौकरी की असुरक्षा, भुगतान कम होना, और बढ़ती ठेका प्रणाली लोगों को सरकारी नौकरी के प्रति प्रेरित करती है। हाल के वर्षों में आई कोरोना आपदा ने इसमें आग में घी डालने जैसा कार्य किया है। राज्य सरकार को कई अन्य विकल्पों पर विचार करना चाहिए इसके लिए वह ऑनलाइन परीक्षा आयोजित कर सकती है, क्योंकि अधिकांश युवा आज कंप्यूटर के बेसिक ज्ञान से पूर्ण है। प्रश्नों के एक दो नहीं कई सेट तैयार किए जाए और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का प्रयोग कर परीक्षा शुरू होने के कुछ सेकंड पहले प्रश्न पत्र लाइव किए जाए। राज्य सरकार भर्ती बोर्ड के सभी उच्च अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करें जिससे परीक्षा सफलतापूर्वक कराई जा सके। केंद्र सरकर की कई इकाई है जो बिना दाग के वर्षों से सफल परीक्षा करा रही है उनका सहयोग भी लिया जा सकता है। परीक्षा में भागीदारी कम हो और राज्य में रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए उत्पादन क्षेत्र में कार्यरत कंपनियों को राज्य में अनुदान देकर आमंत्रित किया जाना चाहिए। निजी क्षेत्र में कार्यरत लोगों के लिए रोजगार सुरक्षा और योग्यता अनुरूप न्यूनतम भुगतान नियमावली बनाने से सरकार को रोजगार के क्षेत्र में लाभ होगा। कई गंभीर मुद्दों में से रोजगार का मुद्दा अहम् है ऐसे में सरकार प्रत्येक घर के एक सदस्य को रोजगार देकर भी अपना प्रभाव कायम रख सकती है। सरकार यदि समग्र रूप से इस विषय पर नहीं सोचेगी तो आगामी चुनाव में ये युवा कई लोकसभा क्षेत्र में न केवल गणित बिगाड़ सकते है बल्कि एक ऐसी छवि का निर्माण भी कर सकते है जो चल रहे विकास के पहियों को अवरुद्ध कर सकता है।

## सोशल फोरम

# इतिहास में अफवाह



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

इतिहास को मिथकों ने ढक लिया है। इतिहास में अफवाहें घूम रही हैं। ये लोगों के विश्वास का अंग बन गई हैं। इतिहासकार भी अतीत के बारे में उतना नहीं जानते, जितना आज आम आदमी दावे के साथ बताता है। इतिहास को विषय बनाकर हाल के कई उपन्यासों ने साहित्य से ज्यादा अफवाहों की सेवा की। इस काम में राजनीति प्रेरित अधपढ़ विद्वानों, मीडिया और तकनीकी क्रांतियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है। अफवाह के प्रचार में भाषा यथार्थ का साथ छोड़ देती है और पेट्रोल की आग होती है।

इन दिनों कई कवि भी इतिहासकार हैं। उपन्यासकार भी इतिहासकार हैं। फिल्म बनाने वाले तो सबसे बड़े इतिहासकार बने हुए हैं। राजनीतिज्ञ इतिहासकार होते ही हैं। इतिहास कभी इतना असहाय न था। वर्तमान दौर में सबसे विध्वस्त इतिहास है। यह मानव भविष्य पर आक्रमण है!


इसमें कुछ भी आश्चर्य नहीं है, यदि 'एलीट बुद्धिजीवी' और 'लोक' आज विपरीत ध्रुव पर हैं। लोकतंत्र के दुरुपयोग और अति-राजनीतिकरण का इससे भिन्न नतीजा नहीं हो सकता था कि लोग बड़े पैमाने पर 'आधुनिक प्रिमिटिविज्म' के शिकार हों।

समाज में 'संवेदनशीलता का संकट' आज चरम पर है। यह उत्तर-आधुनिक वैचारिक खोखलेपन की देन है। अब वे क्षमतावान हैं जो उदार न होकर पोस्ट माडर्न हैं। सभी रंग के उत्तर-आधुनिक विमर्श, जिनमें नव-धार्मिक विमर्श भी हैं, कट्टर पोस्ट माडर्न हैं। इनमें आधुनिकता के प्रमुख तत्वों- बुद्धिपरकता, समावेशी राष्ट्रीयता, लोकतांत्रिक चेतना और प्रगतिशील सोच का ही विरोध नहीं है, मानवीय मूल्यों से भी किनारकशी है।

दृष्टि में आधुनिक हुए बगैर उत्तर-आधुनिक होने का अर्थ समाज को पुरानी कट्टरताओं के अखाड़े में बदलना है। ऐसी घड़ियों में 'बहुलता' की प्रतिष्ठा न्यायपूर्ण सामंजस्य में न होकर निर्बुद्धिपरक अंतर्शत्रुताओं में होती है और एक सांस्कृतिक गृहयुद्ध की स्थिति आ जाती है, जिसकी कोई भी परिणति हो सकती है।

-फेसबुक वॉल से

# महिलाओं को जोड़ने की नई पहल



सोनी मिश्रा
कानपुर

उत्तर प्रदेश में महिलाओं के वोट का प्रतिशत बढ़ाने के लिए भाजपा की नजर स्वयं सहायता समूहों पर है। इसके लिए एनजीओ के बीच नेटवर्क मजबूत किया जा रहा है। पिछले चुनावो में महिलाओं का भाजपा की ओर बढ़ता रुझान देखकर इन महिलाओं को पार्टी में जोड़ने का कार्य शुरू भी कर दिया गया है।


बीते विधानसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में महिलाओं की जबरदस्त वोटिंग ने राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में सरकार बनाने में खासी भूमिका निभायी थी। 2019 के लोकसभा चुनाव में 36 प्रतिशत महिलाओं ने भाजपा को वोट किया था बाकी पार्टियों को 41 प्रतिशत मिला था।

महिलाओं के स्वयं सहायता समूह (सेल्फ हेल्प ग्रुप) के माध्यम से लाने का प्रयोग ओडिशा में बीजू जनता दल ने किया है। नतीजतन ओडिशा में पांच बार से नवीन पटनायक सत्ता में हैं। इन समूहों से जुड़ी सभी जातिवर्ग की महिलाओं में भाजपा की तरफ झुकाव भी देखा गया है। एक स्वयं सहायता समूह में न्यूनतम 10 और अधिकतम 20 महिलाएं होती हैं। उत्तर प्रदेश में 80 हजार के करीब ऐसे समूह है, जो महिला सशक्तिकरण का कारगर माध्यम हैं। केंद्र की मोदी सरकार इन्हें प्रोत्साहित करने की ओर पूरी तत्परता से लगी है। महिलाओं के कल्याण के लिए आरक्षण कानून के साथ ही लगभग दो दर्जन योजनाएं प्रभावी तौर पर चलाई जा रही हैं। योजनाओं के ही चलते देश में एक करोड़ लखपति दीदी बन चुकी हैं। सरकार का लक्ष्य इनकी संख्या तीन करोड़ करने का है।

बीते दस साल के कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने नारी सशक्तिकरण को प्राथमिकता पर रखा है। घर, शौचालय, रसोई गैस जैसी योजनाएं तो महिलाओं के जीवन परिवर्तन का कारण हैं। अब उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में सरकार ने राष्ट्रीय शहरी व ग्रामीण आजीविका मिशन भी शुरू किया है। सरकार ने सबसे अधिक ध्यान स्वयं सहायता समूहों की संख्या बढ़ाकर उनसे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की महिलाओं को जोड़ने पर शुरू किया है। इनमें जुड़ी महिलाओं के चेहरे पर आत्मनिर्भरता का भाव देखा जा सकता है।

अब जरा तुलनात्मक आंकड़ा देखिए। यूपीए सरकार में भी स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने की योजना स्वर्ण जयंती ग्राम योजना के नाम से संचालित थी, लेकिन उसका दायरा सीमित था। यूपीए शासन काल में सिर्फ 2.37 करोड़ महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी थीं, जबकि मोदी सरकार में यह संख्या 10 करोड़ पहुंच चुकी है। तब बैंक लिंकेज मात्र 22.9 हजार करोड़ रुपये का था, जबकि मोदी सरकार ने इसे 8.28 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचा दिया गया। मोदी सरकार ने सिर्फ स्वयं सहायता समूहों और उससे जुड़ी महिलाओं की संख्या ही नहीं बढ़ाई, बल्कि आर्थिक-सामाजिक सुरक्षा भी उन्हें उपलब्ध कराई। 7.4 करोड़ महिलाओं को पीएम सुरक्षा बीमा योजना से जोड़ा। महिलाओं के सहयोग के लिए बैंकिंग सखी और बीसी सखी बनाई गईं। इससे आर्थिक प्रबंधन के परिणाम भी मिले और स्वयं सहायता समूहों ने भाजपा सरकार के प्रति महिलाओं में भरोसा बढ़ाया है।

# अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं से ठगी



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

पिछले दिनों केंद्र की सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने उद्घोष कर दिया है कि 'हम राम को लाए हैं' और प्रधानमंत्री ने श्रीराम की नई मूर्ति की यजमान बनकर प्राण प्रतिष्ठा भी कर दी है। एतत्पश्चात् भारी संख्या में श्रद्धालु-राम-भक्तों के वहां आने का सिलसिला जारी है। हालांकि त्रेता युग वाले राम के समय वाली सुचारु व्यवस्था इस कलियुग में संभवन नहीं हो पा रही है। तब अपराध मुक्त साम्राज्य था। उस समय "सब मिलि करहिं परस्पर प्रीती'था। मलिनता के नाम पर केवल हवन के धुवें से होने वाली कालिमा ही थी,(मूलन ही की जहां अधोगति केशव गाइय। होम हुताशन धूम नगर एकै मलिनाइय) बाकी सब स्वच्छ ही था। इस समय आने वाले श्रद्धालु साइबर ठगी का शिकार हो रहे हैं। आगंतुकों को कहीं न कहीं ठहरना भी होता है। जालसाजों ने फर्ज़ी वेबसाइटें बना रखी हैं और उन पर होटल,धर्मशालाओं के कमरों की बुकिंग हो रही है। श्रद्धालुओं से मोटी रकमें आन लाइन लेकर,उन्हें कमरे बुक कर दिए जाते हैं। अयोध्या पहुंचने पर भक्तगण पाते हैं कि या तो उस नाम का होटल,धर्मशाला वहां है ही नहीं या है तो उनके नाम की कोई बुकिंग उसमें नहीं है। वे मन मसोस कर रह जाते हैं। अब वे पुलिस थानों के चक्कर लगावें या दर्शन,पूजन करें!

असली राम के समय भूले भटके यदि कोई अपराध घटित हो जाता था,तो त्वरित दंड व्यवस्था होती थी। चाहे कार्यार्थी कुत्ते को न्याय देना रहा हो या शम्बूक वध। वर्तमान में सरकार डींगें चाहे जितनी मारे, साइबर ठगों से निपटने की उनके तंत्र में यथेष्ठ क्षमता नहीं है। या फिर पुलिस की मिलीभगत रहती है। मैं एक ठोस उदाहरण दे रहा हूं। वह मेरा अपना है। अयोध्या का तो नहीं किंतु अवध क्षेत्रांतर्गत लखनऊका है,जो प्रदेश की राजधानीहै। गत 22 दिसंबर,2022 को मैं एक छोटी साइबर ठगी का शिकार हुआ। पुलिस कमिश्नर को तत्काल ई-मेल किया। उनके आदेश पर नगर के थाना सुशांत गोल्फ सिटी में 2;जनवरी,2023 को मुकदमा दर्ज कर लिया गया। एक वर्ष से ऊपर हो गया है,कोई ठोस कार्यवाही सामने नहीं आई। इसे क्या कहा जाएगा; जब कि मैं स्वयं मजिस्ट्रेट रहा हूं। ऐसे में ऊपर संदर्भित सामान्य श्रद्धालुओं को न्याय मिलना दुष्कर ही प्रतीत हो रहा है।

### विधायकों की अनुपस्थिति से समाजवादी पार्टी को राज्यसभा चुनाव में लग सकता है झटका

# सपा के डिनर में नहीं पहुंचे 6 एमएलए, क्रॉस वोटिंग की आशंका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्यसभा में उप्र. की रिक्त सीटों के लिए होने जा रहे चुनाव से पहले सोमवार की शाम मुख्य विपक्षी दल सपा को शुभ संदेश देने वाली नहीं रही। दरअसल, सपा ने मतदान की पूर्व संध्या पर अपने सभी विधायकों की बैठक बुलाई थी और उनके लिए डिनर आयोजित किया था। लेकिन उसके 6 विधायक बैठक और डिनर में शामिल नहीं हुए। चायल विधायक पूजा पाल, गौरीगंज विधायक राकेश प्रताप सिंह, गोसाईगंज विधायक अभय सिंह, अमेठी विधायक महाराजी देवी, काल्पी विधायक विनोद चतुर्वेदी और अंबेडकरनगर विधायक राकेश पांडेय सपा की बैठक और डिनर में शामिल नहीं हुए।

सपा के वरिष्ठ प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने अनुपस्थित विधायकों के बारे में अमृत विचार को बताया कि, कुछ ने न आने का व्यक्तिगत कारण बताया लेकिन असलियत कल मतदान में पता चलेगी।

विधायकों की अनुपस्थिति से सपा को राज्यसभा चुनाव में इनके क्रॉस वोटिंग का डर सताने लगा है। अगर ऐसा हुआ तो सपा का खेल बिगड़ सकता है। सपा को जहां अपना तीसरा उम्मीदवार जीताने की मुश्किल होगी वहीं, भाजपा अपना आठवां उम्मीदवार जिता ले जाएगी। इस बीच सूत्रों के मुताबिक, भाजपा को आठवीं सीट दिलाने में सपा के पांच विधायक 'खेल' कर सकते हैं। यहां तक कि बसपा विधायक उमाशंकर सिंह का वोट भी हासिल करने का प्रयास किया जा रहा है।




**पहले भी राजा भैया को अपना बनाने का प्रयास कर चुकी है भाजपा :** भारतीय जनता पार्टी प्रतापगढ़ के बाहुबली विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया को बीते लगभग दस सालों से अपने साथ लाने में जुटी थी। मंगलवार को राज्यसभा के लिए होने जा रहे चुनाव से पहले भाजपा आखिर अपने इस लक्ष्य में सफल हो गई। अब जनसत्ता दल (लोकतांत्रिक) के दोनों विधायकों का वोट भाजपा को जाएगा।

दरअसल, राजा भैया के दल का गठन होने के पहले भाजपा उन्हें साल 2014 में अपने साथ लाने का प्रयास किया था। तब उन्हें भाजपा के सिंबल पर प्रतापगढ़ से लोकसभा चुनाव का प्रस्ताव दिया गया था, लेकिन वह नहीं माने, फिर उन्हें साल 2017 में भाजपा के साथ आने का प्रस्ताव दिया गया। तब भी बात नहीं बनी थी।

यहां तक कि, बीते विधानसभा चुनाव के पहले राजा के दल को एनडीए का घटक भी बनाने का प्रयास असफल रहा था। लेकिन इस बार यहां से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और दिल्ली से शीर्ष भाजपा नेताओं ने जो प्रयास किया, उसका प्रभाव हुआ और राजा भैया भाजपा के उम्मीदवार को वोट देने को राजी हो गए।

### विधायकों की गुणा-गणित में उलझी सपा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यसभा में दस रिक्त सीटों के लिए 11 उम्मीदवार मैदान में हैं। सपा के पास अपने विधायक 108 ही हैं। अपने तीनों उम्मीदवारों को जिताने के लिए सपा को 37 प्रति विधायक के हिसाब से 111 विधायकों का समर्थन चाहिए। अब राजा भैया की पार्टी के दो वोट सपा को नहीं मिलेंगे। ऐसे में सवाल बड़ा यह है कि सपा के अपने तीसरे उम्मीदवार को जिताने के लिए क्या जुगत भिड़ाएगी। अखिलेश यादव के सामने न केवल सपा की सहयोगी पार्टी अपना दल कमेरावादी की नेता पल्लवी पटेल की नाराजगी एक चुनौती है, बल्कि रालोद के भाजपा के साथ खड़े होने जाने से भी वह खुद को कमजोर महसूस कर रही है। हालांकि सपा के विधायक रमाकांत यादव और इरफान सोलंकी जेल में बंद हैं। इन्हें मताधिकार का अवसर मिला तो स्थितियां कुछ और होंगी।

### सपा के उम्मीदवार

जया बच्चन, आलोक रंजन और रामजी लाल सुमन।

**भाजपा के उम्मीदवार–** आरपीएन सिंह, अमरपाल मौर्य, चौ. तेजवीर सिंह, सुधांशु त्रिवेदी, संगीता बलवंत (बिंद), साधना सिंह नवीन जैन और संजय सेठ।

### इस तरह होगा मतदान

**लखनऊ।** राज्यसभा चुनाव को मंगलवार सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक विधान भवन के तिलक हॉल में मतदान होगा। तीन बूथ बनाए गए हैं। मतदाता सचिवालय के गेट नंबर सात से प्रवेश करेंगे। विधान भवन के कक्ष नंबर 80 से मतदाता पर्ची प्राप्त कर मतदान के लिए तिलक हाल जाएंगे। तिलक हॉल में मतपत्र पर निर्वाचन आयोग के विशेष पेन से मतदान करेंगे, शाम 5 बजे से मतगणना होगी।

## सार-संक्षेप

### अधिनियम के तहत अधिगृहित भूमि पर भू-स्वामी माना जाएगा अतिक्रमणकर्ता

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भूमि अधिग्रहण से संबंधित एक मामले में अपनी महत्वपूर्ण टिप्पणी देते हुए कहा कि भूमि अधिग्रहण अधिनियम, 1894 की धारा 17 के तहत अधिगृहित भूमि अधिसूचना की तारीख से 15 दिनों के बाद बिना किसी बाधा के सरकार में निहित हो जाती है। अधिनियम के तहत अवार्ड पारित करना भी आवश्यक नहीं है। ऐसी भूमि पर कुछ वर्षों के बाद कब्जा करना संविधान के अनुच्छेद 300-ए के प्रावधानों का उल्लंघन नहीं माना जाएगा। उक्त आदेश न्यायमूर्ति अश्विनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति सैयद कमर हसन रिजवी की खंडपीठ ने दीपक शर्मा की याचिका को खारिज करते हुए पारित किया है। कोर्ट ने आगे सुप्रीम कोर्ट के द्वारा दिए गए एक फैसले का हवाला देते हुए कहा कि जिस भू-स्वामी की भूमि धारा 17 के तहत अधिगृहित की गई है, वह सरकार द्वारा अर्जित भूमि पर अतिक्रमणकर्ता होगा। ऐसे में उस भूमि के संबंध में राज्य को परमादेश जारी नहीं किया जा सकता। मालूम हो कि वर्ष 2006 में प्रदेश सरकार ने उक्त अधिनियम के तहत अधिसूचना जारी कर याची की भूमि अधिगृहित कर ली थी। वर्ष 2010 में जिला मजिस्ट्रेट, गौतमबुद्ध नगर द्वारा अवार्ड भी पारित कर दिया गया था। उसके बाद याची ने भूमि के एक हिस्से की लीज वापसी के अधिकार का दावा किया। याची के अधिवक्ता ने यह प्रस्तुत किया कि उसके दावों पर विचार किए बिना अधिकारियों द्वारा भूमि पर कब्जा कर लिया गया।

### प्रदेश कांग्रेस ने नियुक्त किये 80 समन्वयक

**लखनऊ, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की तैयारी तेज करते हुए प्रदेश कांग्रेस ने प्रदेश की कुल 80 सीटों के लिए समन्वयक नियुक्त कर दिये हैं। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने सोमवार को समन्वयकों की नियुक्ति को मंजूरी दे दी। लखनऊ सीट के लिए इखलाख अहमद डेविड, मोहनलालगंज सुरक्षित से अमरेश पांडेय, मुरादाबाद सीट के लिए डॉ युसुफ कुरैशी, बरेली के लिए विपुल गुप्ता, कानपुर के लिए शैलेंद्र चतुर्वेदी व फैजाबाद के लिए मनोज तिवारी को समन्वयक बनाया गया है। इसके अलावा रामपुर सीट के लिए हाजी इकराम कुरैशी, संभल के लिए अफरोज अली खान, अमरोहा से आतिफ हसन, खीरी से अनिल शुक्ला, धौरहरा से कैप्टन बंशीधर मिश्रा, सीतापुर से आशुतोष मिश्रा, हरदोई सुरक्षित से डॉ अभिषेक यादव, उन्नाव से शमीम खान, रायबरेली से इंदल रावत, अमेठी से देवानंद मिश्रा, सुल्तानपुर से सुरेश प्रताप सिंह, फतेहपुर से अखिलेश शुक्ला, बाराबंकी सुरक्षित से धर्मेंद्र चौधरी व गोंडा से चैधरी अखिलेश को जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह, सहारनपुर से कृष्णकांत शर्मा, कैराना से सोनू पठान, मुजफ्फरनगर से गौरव भाटी, बिजनौर से फूल कुंवर, नगीना सुरक्षित से दिनेश अवाना, मेरठ से संजीव शर्मा व बागपत से हेमंत प्रधान को समन्वयक बनाया गया है।

### ओडीएफ प्लस माडल बनेंगे 43,378 राजस्व ग्राम

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के फेज-2 में 19,018 ग्राम पंचायत के 43,378 राजस्व ग्राम ओडीएफ प्लस मॉडल घोषित होंगे। पंचायती राज विभाग ने वर्ष 2024-25 के लिए यह लक्ष्य रखा है। इन ग्रामों में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के कार्य कर संस्तृप्त किया जाएगा। इससे जलभराव, घूरा, गंदगी, प्लास्टिक आदि से निजात मिलेगी। अभियान की शुरुआत 2023-24 में हुई थी। पहले चरण में 30,277 ग्राम पंचायत के 43,249 राजस्व ग्रामों पर कार्य लगभग हो चुके हैं। जबकि दूसरे चरण में अवशेष सभी राजस्व ग्राम लिए गए हैं। जिनकी आबादी पांच हजार से कम है। ओडीएफ प्लस गतिविधियों में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन भी महत्वपूर्ण है। इसके लिए आरआसी सेंटर यानी प्लास्टिक निस्तारण केंद्र बनेगा। इसका प्रधान व सचिवों को बुलंदशहर में खास प्रशिक्षण दिया जाएगा। इन कार्यों के लिए मिशन निदेशक राज कुमार ने मदों से धनराशि खर्च करने के वित्तीय प्रावधान सभी जिलाधिकारी को बताए हैं। इस में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, केंद्रीय व राज्य वित्त आयोग, मनरेगा, परफार्मेंस ग्रांट, स्वयं की आय, सांसद व विधायक निधि, सीएसआर मद ठोस अपशिष्ट के कार्य हो सकेगें।

# दूसरे राज्यों से भी जुड़ रहे हैं सिपाही भर्ती परीक्षा में सेंधमारी के तार

### 1500 सबूतों के साथ मास्टर माइंड तक पहुंचने में जुटी एसटीएफ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सिपाही भर्ती परीक्षा में पेपर लीक प्रकरण में हालांकि एसटीएफ अभी तक असल गुनाहगार तक नहीं पहुंच सकी है, लेकिन तफ्तीश में परीक्षा में सेंधमारी के तार उप्र के अलावा दूसरे राज्यों से भी जुड़ रहे हैं। उप्र पुलिस भर्ती और प्रोन्नति बोर्ड को बीते दिनों ऑनलाइन मिले 15सौ से अधिक सबूतों की पड़ताल करने के बाद एसटीएफ को यह उम्मीद हो चली है कि जल्दी ही उसके हाथ मास्टरमाइंड के गिरेबा तक पहुंच जाएगी। दरअसल, सबूत देने वालों में ज्यादातर कोचिंग संस्थान और यू-ट्यूब चैनल के माध्यम से पढ़ाने वाले शिक्षक हैं, ऐसे में वह उन शिक्षकों से संपर्क कर रही है।

उनसे पूछताछ कर असली गुनाहगार तक पहुंचने वाले रास्ते में छायी धुंध साफ करने में जुटी है। इसी क्रम में एसटीएफ की टीम ने रविवार को कानपुर कोचिंग संस्थान चलाने वाले




शिक्षक रामजी शुक्ल से मामले की जानकारी जुटाई है। उन्होंने सभी डिजिटल सुबूत एसटीएफ टीम को उपलब्ध कराए हैं। वहीं दूसरी ओर यू-ट्यूब चैनल के माध्यम से पढ़ाने वाले शिक्षक विवेक कुमार से भी सोमवार को पूछताछ की। विवेक ने भी बहुत सारे सबूत एसटीएफ टीम को सौपे हैं। बताया जाता है कि विवेक ही ने सबसे पहले पेपर लीक होने की सूचना पुलिस महकमें को दी थी।

एसटीएफ सूत्रों के मुताबिक पेपर लीक होने का पहला सुबूत एक टेलीग्राम चैनल से मिला है। इसका लिंक दिल्ली से निकल रहा है। परीक्षा के दौरान पकड़े गए सॉल्वर में ढेर सारे बिहार से भी जुड़े रहे हैं, ऐसे में एसटीएफ की एक टीम बिहार के गैंग पर भी अपनी नजर टिकाए हुए है। बताया जा रहा है कि झांसी में पकड़ा गया रजनीश रंजन बिहार के कुख्यात गैंग रंजीत डॉन से जुड़ा हुआ है। रंजीत डॉन नाम से मशहूर इस शख्स को नकल माफिया और पेपर लीक के मास्टर माइंड के रूप में जाना जाता है।

### एक ही जगह से लीक हुआ पेपर फिर वायरल किया

एसटीएफ सूत्रों के मुताबिक पेपर लीक में पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ के बाद एसटीएफ इस नतीजे पर पहुंची है कि पेपर एक ही जगह से लीक हुआ और उसे अलग-अलग एजेंटों के जरिए बेचा और वायरल किया गया। इसी को केंद्र में रखकर एसटीएफ अपनी जांच को आगे बढ़ा रही है। जौनपुर में पकड़े गए सभी आरोपियों का ब्योरा खंगाल रही है। बताया जा रहा है कि बड़े पैमाने पर पेपर लीक यहीं से हुआ है।

## आखिर कब पेपर लीक मुक्त प्रदेश होगा: मायावती

**लखनऊ, अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक प्रकरण पर प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश आखिर कब पेपर लीक मुक्त होगा।



सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के जरिये उन्होंने कहा कि प्रदेश में पुलिस भर्ती परीक्षा के पेपर लीक होने से सम्बन्धित परीक्षा का रद्द होना अति-गंभीर व चिन्तनीय है। इससे राज्य व सरकार की बड़ी बदनामी के साथ ही युवाओं व बेरोजगारों का भविष्य खराब होकर उनका जीवन दांव पर लग जाता है। यूपी आखिर कब पेपर लीक मुक्त प्रदेश होगा? सरकार इस ओर ध्यान दे। प्रदेश में अक्सर होने वाली प्रतियोगी भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक होना गम्भीर समस्या है। इससे लाखों अभ्यर्थी परेशान होते हैं और धन का भी नुकसाान होता है।

# इस बार गर्मियों में नहीं होगी बिजली की किल्लत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में इस बार लोगों को बिजली की किल्लत का सामना नहीं करना पड़ेगा। पावर बैंकिंग समझौते के तहत प्रदेश को 11 राज्यों से बिजली मुहैया होगी।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि अप्रैल से सितंबर के बीच बिजली की ज्यादा मांग होना संभावित है। बिजली की संभावित मांग की भरपाई के लिए गुजरात, महाराष्ट्र, तेलंगाना, उत्तराखंड व केरल से पहली बार पावर बैंकिंग के तहत समझौता हुआ है। इन पांच राज्यों से प्रदेश को 171.4 करोड़ यूनिट बिजली मिलेगी, जबकि पूर्व में हुए समझौते के तहत मध्य प्रदेश, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश व कर्नाटक से भी बिजली मिलेगी। इन 11 राज्यों से कुल 458.4 करोड़ यूनिट बिजली मुहैया होगी। अधिकारियों का कहना है कि पिछले साल गर्मी के दिनों में अधिकतम मांग 28 हजार मेगावाट तक पहुंची थी, पर प्रदेश में नये



उद्योगों की स्थापना के कारण इस बार 30 हजार मेगावाट से ऊपर पहुंचने की संभावना है। अधिकारियों के अनुसार समझौते के तहत तेलंगाना से 116.9 करोड़ यूनिट, गुजरात 17.7 करोड़ यूनिट, महाराष्ट्र 23.3 करोड़ यूनिट व उत्तराखंड 4.9 करोड़ यूनिट बिजली प्रदेश को मिलेगी, जबकि केरल से 8.6 करोड़ यूनिट बिजली मिलेगी। कारपोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि ओबरा व जवाहरपुर में 660-660 मेगावाट की दो इकाइयां बिजली उत्पादन से जुड़ गईं हैं।

## नौजवानों को नौकरी देने की नीयत नहीं: अखिलेश यादव

**लखनऊ, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार को निशाने पर लेते हुए कहा है कि सरकार नौजवानों को नौकरी नहीं देना चाहती है। उसकी नीयत नौकरी देने की नहीं है। वह बस दिखावा करने के लिए भर्ती का विज्ञापन निकालती है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि, छात्र, नौजवान अपने परिवार की गाढ़ी कमाई लगाकर फार्म भरता है, परीक्षा की तैयारी करते हैं। तमाम तरह की कठिनाइयों के बीच परीक्षा देने जाता है। लेकिन जब केंद्र पर पहुंचता है तो पता चलता है कि पेपर लीक हो गया है। सपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि सरकार जान-बूझकर पेपर लीक कराती है।

# भाकियू के आह्वान पर किसानों ने ट्रैक्टर मार्च निकाला

संवाददाता, मुजफ्फरनगर/बागपत/मेरठ

**अमृत विचार :** भाकियू के आह्वान पर सोमवार को प्रदेश में कई जगहों पर किसानों ने ट्रैक्टर मार्च निकाला जिससे राजमार्ग सहित कई प्रमुख सड़कों पर यातायात बाधित हो गया। भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने सोमवार को आरोप लगाया कि सरकार किसानों की वास्तविक मांगों की उपेक्षा कर रही है। मुजफ्फरनगर जिले में किसानों ने मांगों को लेकर राजमार्ग पर ट्रैक्टर मार्च निकाला।

पत्रकारों से बातचीत में टिकैत ने पंजाब में प्रदर्शनकारी किसानों पर हुए अत्याचार की निंदा की। इस बीच, कई स्थानों पर यातायात बाधित हो गया क्योंकि किसानों ने मुजफ्फरनगर जिले में ट्रैक्टर मार्च निकाला और पुरकाजी थाने के


ट्रैक्टर मार्च निकालते किसान।

भूराहेड़ी, खतौली थाने के भंगेला, मंसूरपुर थाना क्षेत्र के मंसूरपुर चौराहा और छपार थाना क्षेत्र के रामपुर तिराहा पर अपने ट्रैक्टर खड़े करके दिल्ली-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग की बाईं लेन को अवरुद्ध कर दिया। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी, स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू करने, आंदोलन के दौरान किसानों के खिलाफ दर्ज किये गये पुलिस मामले वापस लेने सहित अन्य मांगों को लेकर किसान पंजाब और हरियाणा की खनौरी तथा शंभू सीमाओं पर प्रदर्शन कर रहे हैं। बागपत से मिली खबरों के मुताबिक संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर किसानों ने ट्रैक्टर की श्रृंखला बनाकर विरोध जताया। भाकियू कार्यकर्ता दिल्ली-सहारनपुर राजमार्ग पर और ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे के पास धरने पर बैठ गये। किसानों ने अपनी मांग से संबंधित ज्ञापन जिलाधिकारी को देकर इस कार्यक्रम का समापन किया। मेरठ में भाकियू कार्यकर्ताओं ने विश्व व्यापार संगठन का पुतला फूंका। इससे पहले पंजाब-हरियाणा सीमा पर जारी किसानों के प्रदर्शन के समर्थन में मेरठ में राजमार्ग पर भाकियू कार्यकर्ता और किसान ट्रैक्टर लेकर पहुंचे। इस दौरान किसानों ने राष्ट्रीय राजमार्ग-58 पर ही ट्रैक्टर खड़े कर दिए। भाकियू जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी के निर्देश पर कार्यकर्ताओं ने चार जगह केंद्र बनाकर ट्रैक्टर की श्रृंखला बनाई, जिसमें मुख्य रूप जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी के नेतृत्व में किसान एकजुट हुए।


## वर्ग पहेली-355

**बाएं से दाएं**

2. सबसे छोटी उंगली, कनिष्ठिका, कनिष्ठा, कानी उंगली।
4. 1. राशि, ढेर 2. वह स्थान जहां जलाने की लकड़ी बिकती हो, टाल।
5. 1. वह जिसने जंभाई ली हो 2. प्रसारित 3. प्रस्फुटित 4. चेष्टित।
8. सम्मन तामील करने वाला कर्मचारी या चपरासी।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. किसी वस्तु, जैसे- कंकड़, धूल आदि का बहुत छोटा टुकड़ा या कण
2. अप्रिय अनुभव, हेठी, अपमान।
3. भारत के दक्षिण-पश्चिम में स्थित एक राज्य।
4. 1. किसी के पास जाना, पहुंच 2. प्रवेश।
6. 1. घरेलू काम-काज तथा सेवा करने वाली नौकरानी, बाई 2. ग्वालिन नामक पक्षी।
7. यूरोपीय संघ के सत्ताईस में से सोलह राष्ट्रों की आधिकारिक मुद्रा।




### वर्ग पहेली - 354 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 अ | क | थ | | | 2 कृ |
| व | | | 3 पै | | पा |
| 4 डे | ढ़ी | | 5 गं | धा | लु |
| र | | | ब | | |
| | 6 झिं | गा | र | 7 ना | |
| 8 पू | | | | जु | |
| ती | | 9 रे | खां | क | न |

## सुडोकू-72

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 8 | 7 | | | 1 | |
| 8 | 2 | | | 1 | | 3 | | |
| | 4 | | | | | 9 | | |
| 5 | | 7 | | | 3 | | | 1 |
| | 6 | | 9 | | 7 | | 2 | |
| 9 | | | 6 | | | 4 | | 8 |
| | | 3 | | 6 | | | 5 | |
| | | 8 | | 9 | | | 4 | 6 |
| | 1 | | | | 2 | | | |

### सुडोकू - 71 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 1 | 2 | 7 | 6 | 9 | 3 | 8 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 3 | 8 | 4 | 1 | 2 |
| 3 | 2 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 | 7 | 5 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 8 | 5 | 3 | 6 | 4 |
| 4 | 3 | 5 | 7 | 6 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 1 | 8 | 6 | 3 | 9 | 2 | 2 | 5 | 7 |
| 9 | 5 | 3 | 8 | 2 | 1 | 7 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 2 | 6 | 4 | 3 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 2 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 27 फरवरी, मंगलवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-तृतीया 01.53 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- उत्तर। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद
नक्षत्र-हस्त पूर्ण रात्रि तक।

**मेष** – आज आपको घुटनों में पीड़ा हो सकती है। सेहत को लेकर लापरवाही न करें। जॉब को लेकर कुछ तनाव में रहेंगे। शरीर में आलस्य की अधिकता रहेगी। परिवार में आपका प्रभाव मजबूत होगा। आज आपको सिर्फ अपनी मेहनत पर ध्यान देना चाहिए।

**वृष** – नए संबंध बनने के योग बन रहे हैं। पुराने मित्रों से कई दिनों बाद मिलाप होगा। बॉस आप पर जिम्मेदारियों का बोझ डाल सकता है। अन्तरंग संबंधों में वृद्धि होगी। प्रेम विवाह के विषय में परिवार से सहमति ले सकते हैं। घर का माहौल शान्त रहेगा।

**मिथुन** – आज चलते हुए कार्यों में बाधाएं आ सकती हैं। प्रियजनों का व्यवहार आपको व्यथित कर सकता है। दिनचर्या को अनुशासित रखने का प्रयास करें। घर-बाहर तनाव होने की आशंका है। व्यापार में सफलता मिलेगी।

**कर्क** – आज सरकारी कार्यों में आ रही रुकावट दूर होगी। कार्यक्षेत्र का वातावरण काफी अच्छा रहेगा। विरोधी अपने षड्यंत्र में विफल होंगे। वरिष्ठ अधिकारियों आपकी प्रशंसा करेंगे। आपके नए मित्र बन सकते हैं। मन काफी शांत रहेगा और आपकी ऊर्जा बढ़ेगी।

**सिंह** – आज परिजनों का व्यवहार अशांत कर सकता है। सहकर्मियों पर विश्वास कम होगा। विद्यार्थियों को पढ़ाई में मेहनत करने की आवश्यकता है। फार्मा सेक्टर से जुड़े लोगों को धन लाभ मिल सकता है। लोगों से बहुत अपेक्षायें न रखे।

**कन्या** – आज नया कार्य शुरू करने के लिए दिन बेहतरीन रहने वाला है। आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार में बड़ा निवेश कर सकते हैं। जॉब में आपको तरक्की मिलने के योग बन रहे हैं। आपकी मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा।

**तुला** – आज अनैतिक कार्यों में सन्लिप्तता नुकसानदेह साबित होगी। दिनभर कोई न कोई परेशानी भरा माहौल रहेगा। अधीनस्थ लोगों का अच्छा खासा समर्थन और सहयोग मिलेगा। दाम्पत्य जीवन में तनाव रहने वाला है। सेहत नरम रहने वाली है।

**वृश्चिक** – नए व्यावसायिक अनुबंध हो सकते हैं। दूसरों की भावनाओं का सम्मान करेंगे। प्रेमी जन को मनाने के लिए कोई उपहार देने का विचार करेंगे। आपका आत्मबल और ऊर्जा स्तर बढ़ेगा। प्रियजनों के साथ संबंध प्रगाढ़ होंगे।

**धनु** – आज घर के माहौल को शांत रखने की कोशिश करेंगे। आज कार्यों में ज्यादा व्यस्तता रहेगी। जीवनसाथी आपसे अतिरिक्त देखभाल की उम्मीद करेगा। भूमि-भवन से जुड़े मामले अटक सकते हैं। करियर को लेकर कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेना पड़ सकता है।

**मकर** – आज अपने रुके हुए कार्यों को आसानी से पूरा कर लेंगे। छात्र उच्च शिक्षा के लिए किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर सकते हैं। जॉब इन्टरव्यू में सफलता मिलने की पूरी संभावना है। सामयिक विषयों पर चर्चाओं में शामिल हो सकते हैं।

**कुंभ** – आज अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए दिन अच्छा नहीं है। पुराना अनुभव आपके लिए हितकारी होगा। अनावश्यक धन खर्च होने से थोड़े क्रुद्ध हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन में तालमेल की कमी रहेगी। कोई मशीन खराब हो सकती है।

**मीन** – जीवनसाथी का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। मन में कई दिनों से जो शंका थी उसका आज समाधान हो सकता है। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। समय का सदुपयोग करें। समस्त योजनाएं सफल होंगी। व्यापार में अपेक्षित प्रगति होगी।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
जो बोले सो निहाल – सुबह : 09.43
कुली नंबर वन – शाम : 06.57

**Sony Max**
दिल तो बच्चा है – सुबह : 08.00
झूम बराबर झूम – रात : 07.00

**Utsav Gold**
घराना – दोपहर : 01.30
प्यार के साइड इफेक्ट्स – रात : 07.30

**Zee Cinema**
वटवारा – सुबह : 10.25
क्रांतिवीर – शाम : 04.15

**Colors Cineplex**
चलते चलते – सुबह : 08.03
देवदास – शाम : 04.58

### आज की सुपरहिट फिल्म



सोनी मैक्स पर रात-07.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

टीटू- यार सिर में बहुत दर्द हो रहा है
शीटू- सिरदर्द होने पर कुछ देर गर्लफ्रेंड से जरूर बात करो
टीटू- क्यों?
शीटू- तुमने सुना नहीं है, जहर ही जहर को मारता है।

डॉक्टर- आपका लड़का पागल कैसे हो गया?
पिता- वो पहले जनरल बोगी में सफर करता था।
डॉक्टर- तो इससे क्या?
पिता- लोग बोलते थे थोड़ा खिसको, थोड़ा खिसको, तभी से खिसक गया।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 990 फ्लैग 1100 डीएमओ 870 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन:** तुलसी 1835, राज श्री 1340, फ्रॉर्चून कि. 1720, रविन्द्रा 1760, फॉर्चुन ली0 1560, जय जवान 1405, सचिन 1470, सूरज 1430, अवसर 1570, राग गोल्ड 1550, गृहणी 1445, क्लासिक (किलो) 1655, मोर 1550, चक्र टिन 1650, ब्लू 1555, आशीर्वाद मस्टर्ड 1665, स्वास्तिक 1805 ।किराना- (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 14700, जीरा 41000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 41500, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950। चावल-(प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10300, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4650, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350। दाल दलहन-मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6850-7700, मलका छौंटी 7200, दाल उड़द बिलासपुर 10000-10800, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-11900, दाल चना 7250, लाल हिंदुस्तान 7350।

# विकसित भारत लक्ष्य में कपड़ा क्षेत्र अहम

## प्रधानमंत्री ने भारत टेक्स-2024 का किया उद्घाटन, कहा- इस क्षेत्र का योगदान बढ़ाने का प्रयास कर रही है सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कपड़ा क्षेत्र को पूरा सहयोग देने का वादा किया और साथ ही इस बात पर बल दिया कि यह क्षेत्र 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भारत 2047 में आजादी के सौ साल पूरे करेगा। मोदी ने 'भारत टेक्स-2024' का उद्घाटन करने के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत के निर्माण में कपड़ा क्षेत्र के योगदान को और बढ़ाने के लिए सरकार बहुत व्यापक स्तर पर काम कर रही है। 'भारत टेक्स' देश में आयोजित सबसे बड़े वैश्विक कपड़ा कार्यक्रमों में से एक है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "हमने अगले 25 साल में भारत को विकसित राष्ट्र में बदलने का संकल्प लिया है। विकसित भारत के चार महत्वपूर्ण स्तंभ- गरीब, युवा, किसान और महिलाएं हैं। विशेष रूप से भारत का कपड़ा क्षेत्र इन सभी स्तंभों से जुड़ा हुआ है। इसलिए 'भारत टेक्स' जैसा आयोजन हम सभी के लिए बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है।" उन्होंने कहा कि 2014 में भारत के कपड़ा बाजार का मूल्यांकन सात लाख करोड़ रुपये से भी कम था, जबकि अब यह 12 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 साल में धागे, कपड़े और परिधान के उत्पादन में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सरकार का कपड़ा क्षेत्र में गुणवत्ता नियंत्रण पर पूरा ध्यान है। कपड़ा क्षेत्रों में रोजगार की संभावना, ग्रामीण आबादी और महिलाओं की भागीदारी पर उन्होंने कहा कि परिधान निर्माताओं में दस में से सात महिलाएं हैं और हथकरघा में तो यह संख्या और भी अधिक है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर बल दिया कि पिछले 10 साल में उठाए गए कदमों ने खादी को विकास और नौकरियों का एक मजबूत माध्यम बना दिया है। उन्होंने कहा कि इसी तरह पिछले दशक की कल्याणकारी योजनाओं और बुनियादी ढांचे को आगे बढ़ाने से कपड़ा क्षेत्र को भी फायदा हुआ है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार कपास किसानों का समर्थन कर रही है और उनसे कपास खरीद रही है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा पेश किया गया 'कस्तूरी कॉटन' वैश्विक स्तर पर भारत का 'ब्रांड मूल्य' बनाने में एक बड़ा कदम होगा।

### ऐसे समाज का निर्माण करेंगे, जहां सरकारी दखल कम से कम हो

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उनका लक्ष्य एक ऐसे समाज का निर्माण करना है, जहां सरकार का हस्तक्षेप कम से कम हो और वह लोगों की समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य करे। 'भारत टेक्स 2024' के उद्घाटन के बाद अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार गरीबों के लिए होनी चाहिए। उन्होंने कहा, 'हमें ऐसा समाज बनाना होगा, जिसमें सरकार का हस्तक्षेप कम से कम हो। मैं विशेष रूप से मध्यम वर्ग के जीवन में हस्तक्षेप को पसंद नहीं करता हूं।' मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों से वह न्यूनतम सरकारी हस्तक्षेप वाले समाज के निर्माण के लिए लड़ रहे हैं और अगले पांच वर्षों में भी ऐसा करना जारी रखेंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश में समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए सरकार को उत्प्रेरक एजेंट के रूप में कार्य करना चाहिए।

# भारत की आर्थिक वृद्धि दर दिसंबर तिमाही में 7% रहेगी

मुंबई, एजेंसी

- जर्मन ब्रोकरेज कंपनी डॉयचे बैंक ने लगाया अनुमान

देश की आर्थिक वृद्धि दर दिसंबर तिमाही में उम्मीद से अधिक 7 प्रतिशत रहने का अनुमान है। जर्मनी की ब्रोकरेज कंपनी डॉयचे बैंक ने सोमवार को एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया है। रिपोर्ट के अनुसार, 'हमारा अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष में अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में सालाना आधार पर स्थिर मूल्य पर जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर 7 प्रतिशत रहेगी। यह पूर्व में जताए गए अनुमान से अधिक है।'

तिमाही वृद्धि का आधिकारिक आंकड़ा 29 फरवरी को जारी किया जाएगा। चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत रही थी। ब्रोकरेज कंपनी के विश्लेषकों के अनुसार, उसका अनुमान औद्योगिक उत्पादन, निर्यात, आयात (तेल और सोने को छोड़कर), बैंक कर्ज और उपभोक्ता वस्तुओं सहित पांच महत्वपूर्ण संकेतकों के सूचकांक पर आधारित है। रिपोर्ट में कहा गया है कि लगभग 65 उच्च-आवृत्ति वाले संकेतकों से जुड़ा एक अन्य संकेतक भी दिसंबर तिमाही में 7 प्रतिशत वृद्धि का संकेत दे रहा है।

रिपोर्ट में कहा गया है, 'पिछले साल रूस-यूक्रेन युद्ध और उससे पहले कोविड महामारी के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था ने उल्लेखनीय मजबूती दिखाई है। आर्थिक वृद्धि की गति अनुमान से कहीं बेहतर रही है।'

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 71,800 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,000 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,650-47,850 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,200 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,050 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42,500 |
| चांदी (999) | 72,200 |
| चांदी तैयार | 72,300 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 64,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,000 |
| चांदी पक्की | 715 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,100 |
| चांदी आभूषण | 72,200। |

# बीते साल विलय-अधिग्रहण सौदों का मूल्य 27 प्रतिशत घटा

नई दिल्ली, एजेंसी

- पीडब्ल्यूसी की रिपोर्ट के मुताबिक 2023 में 793 रही संख्या

भारत में विलय और अधिग्रहण (एमएंडए) सौदों का मूल्य पिछले साल यानी 2023 में 27 प्रतिशत घटकर 136 अरब डॉलर रह गया। डेलॉयट इंडिया की सोमवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, विलय एवं अधिग्रहण बाजार के इस साल स्थिर रहने की संभावना है।

रिपोर्ट 'इंडिया एमएंडए ट्रेंड्स' के अनुसार, "ऊंची ब्याज दरों, व्यापक आर्थिक अनिश्चितता, नियामकीय जांच और भू-राजनीतिक जोखिमों से उत्पन्न महत्वपूर्ण वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत का विलय एवं



अधिग्रहण बाजार 2023 में मजबूत रहा।" रिपोर्ट में कहा गया, "वैश्विक आर्थिक और भू-राजनीतिक चुनौतियों के बावजूद भारतीय बाजार में सौदे स्थिर रहने की उम्मीद है जो वैश्विक आर्थिक मंदी के बीच कंपनियों और निवेशकों के मजबूत विश्वास को दर्शाता है।"

## पंजीकरण के बाद पीली मटर के आयात की अनुमति: डीजीएफटी

**नई दिल्ली।** वाणिज्य मंत्रालय ने कहा है कि आयात निगरानी प्रणाली के तहत पंजीकरण के बाद पीली मटर के आयात की तत्काल प्रभाव से अनुमति है। यह अनुमति उन खेपों के लिए है, जिन्हें 30 अप्रैल या उससे पहले जहाज पर लदान से जुड़े बिल जारी किए गए हैं। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने कहा कि एमआईपी (न्यूनतम आयात मूल्य) और बंदरगाह प्रतिबंध शर्तों के बिना आयात की अनुमति है। डीजीएफटी अधिसूचना में कहा गया है कि हालांकि इसके लिए आयात निगरानी प्रणाली के तहत पंजीकरण की जरूरत है।

# भारतीय होटल उद्योग सात से नौ फीसदी राजस्व वृद्धि दर्ज करेगा

कोलकाता, एजेंसी

भारतीय होटल उद्योग को अगले वित्त वर्ष (2024-25) में सात से नौ प्रतिशत की राजस्व वृद्धि दर्ज करने की उम्मीद है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी इक्रा की एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया है। इक्रा ने कहा कि घरेलू अवकाश यात्रा का निर्वाह, बैठकों, सम्मेलन और प्रदर्शनियों (एमआईसीई) की मांग ऐसे कारक हैं, जो आगामी आम चुनावों के दौरान अस्थायी शांति के बावजूद अगले वित्त वर्ष में मांग को बढ़ाएंगे।

शोध कंपनी ने कहा कि अगले वित्त वर्ष में आध्यात्मिक पर्यटन और दूसरी श्रेणी के शहरों से समग्र मांग में सार्थक योगदान मिल सकता है। इक्रा के अनुसार, चालू वित्त वर्ष और अगले वित्त वर्ष में अखिल भारतीय होटल अधिभोग का अनुमान दशक के उच्चतम स्तर 70 प्रतिशत से 72 प्रतिशत तक पहुंच गया, जबकि 2022-23 में यह 68 प्रतिशत से 70 प्रतिशत था। चालू वित्त वर्ष में देशभर में कमरों का औसत शुल्क 7,200 से 7,400 रुपये रह सकता है, जिसके अगले वित्त वर्ष में बढ़कर 7,800 से 8,000 होने की संभावना है। रिपोर्ट के अनुसार, क्रेडिट रेटिंग में सुधार के साथ इक्रा का भारतीय होटल उद्योग के लिए दृष्टिकोण सकारात्मक है।

## एसबीआई समेत 3 बैंकों पर आरबीआई ने लगाया 3 करोड़ का जुर्माना

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने नियामकीय मानदंडों के उल्लंघन को लेकर भारतीय स्टेट बैंक, केनरा बैंक और सिटी यूनियन बैंक पर लगभग तीन करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने सोमवार को बयान में कहा कि जमाकर्ता शिक्षा जागरूकता कोष योजना, 2014 से संबंधित कुछ मानदंडों के उल्लंघन के लिए एसबीआई पर दो करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इसके अलावा आय पहचान, फंसे कर्ज को लेकर कुछ निर्देशों का अनुपालन न करने को लेकर सिटी यूनियन बैंक लिमिटेड पर 66 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

## राष्ट्रीय

# संदेशखालि: शाहजहां को हर हाल में गिरफ्तार करे पुलिस

## कलकत्ता हाईकोर्ट ने दूसरी बार पश्चिम बंगाल सरकार को लगाई फटकार, कहा- गिरफ्तारी पर कोर्ट की रोक नहीं

कोलकाता, एजेंसी



कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार को फटकारते हुए निर्देश दिया कि संदेशखालि में यौन उत्पीड़न के आरोपी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शाहजहां शेख को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। इसके साथ कोर्ट ने स्पष्ट किया कि शाहजहां शेख की गिरफ्तारी पर कोई रोक नहीं है।

अदालत ने कहा कि यह जानकर आश्चर्य हुआ कि संदेशखालि में उत्पीड़न की घटनाओं की सूचना राज्य पुलिस को चार साल पहले ही दे दी गई थी। मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा, 'यह और भी आश्चर्यजनक है कि 42 मामलों को आरोपपत्र का रूप लेने में चार साल लग गए।' मामले में पेश अधिवक्ताओं ने कहा कि एक गलत धारणा बनाई गई कि अदालत ने शेख की गिरफ्तारी पर रोक लगाई है। इस पर पीठ ने कहा कि संदेशखालि में घटनाओं के संबंध में ऐसा कोई मामला रिकॉर्ड में नहीं है कि शेख की गिरफ्तारी पर रोक लगाई गई है। अदालत ने कहा, 'अतः संबंधित पुलिस प्राधिकारी उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार करें।'

अदालत ने निर्देश दिया कि महिलाओं के यौन उत्पीड़न और आदिवासी लोगों की जमीन हड़पने के आरोपों का स्वतः संज्ञान लेकर शुरू किए गए मामले में शेख प्रवर्तन निदेशालय, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और राज्य के गृह सचिव को पक्षकार बनाया जाए। पीठ ने निर्देश दिया कि हाईकोर्ट रजिस्ट्री द्वारा समाचार पत्रों में एक सार्वजनिक नोटिस दिया जाए, जिसमें यह कहा गया हो कि शेख को मामले में पक्षकार बनाया गया है, क्योंकि वह फरार है और उसे 5 जनवरी को प्रवर्तन निदेशालय पर भीड़ के हमले के बाद से सार्वजनिक रूप से नहीं देखा गया है।

गत 5 जनवरी को संदेशखालि में शाहजहां के आवास पर छापेमारी के लिए गई ईडी टीम पर भीड़ द्वारा हमला किया गया था। शेख तब से फरार है। शाहजहां व उसके समर्थकों के खिलाफ जमीन पर कब्जा करने और यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर संदेशखालि में प्रदर्शन हो रहे हैं।

### सात दिनों में गिरफ्तार किया जाएगा शाहजहां: टीएमसी

कोलकाता। टीएमसी के वरिष्ठ नेता कुणाल घोष ने सोमवार को कहा कि शाहजहां शेख को सात दिन में गिरफ्तार कर लिया जाएगा। टीएमसी नेता का यह बयान कलकत्ता हाईकोर्ट द्वारा यह स्पष्ट किए जाने के तुरंत बाद आया है कि शाहजहां की गिरफ्तारी पर कोई रोक नहीं है। घोष ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'शेख शाहजहां की गिरफ्तारी के बारे में अभिषेक बनर्जी की बात सही है। मामला अदालत के कानूनी पचड़े में फंसा हुआ था। विपक्ष इस मौके का फायदा उठाकर राजनीति कर रहा था। मामले को स्पष्ट करने और पुलिस को कार्रवाई की आज इजाजत देने के लिए उच्च न्यायालय को धन्यवाद। शाहजहां को सात दिनों के भीतर गिरफ्तार कर लिया जाएगा।'

### आरोपी तृणमूल नेताओं के घरों में तोड़फोड़

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के अशांत क्षेत्र संदेशखालि में सोमवार को एक बार फिर प्रदर्शन हुआ और लोगों के एक समूह ने टीएमसी के स्थानीय नेताओं के घरों में तोड़फोड़ की। इन नेताओं पर क्षेत्र के ग्रामीणों को प्रताड़ित करने का आरोप है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि लाठी-डंडों से लैस स्थानीय लोगों ने टीएमसी के पंचायत नेता शंकर सरदार के खिलाफ अपनी नाराजगी जताते हुए संदेशखालि के बरमाजुर इलाके में कुछ घरों पर हमला किया। उन्होंने कहा कि भूमि हड़पने का आरोपी शंकर घर में मौजूद नहीं था और ग्रामीणों ने घर में मौजूद परिवार के सदस्यों के साथ मार-पीट की। पुलिस बाद में वहां पहुंची और प्रदर्शनकारियों को शांत कराने की कोशिश की।

# सेना में चयनित दो लाख युवाओं के साथ हुआ अन्याय : खरगे

नई दिल्ली, एजेंसी

## कांग्रेस अध्यक्ष ने राष्ट्रपति को लिखा पत्र



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से आग्रह किया कि वह उन करीब दो लाख नौजवानों के लिए न्याय सुनिश्चित करें, जिन्हें सेना की नियमित भर्ती में चयन होने के बावजूद सेवा में शामिल नहीं किया गया। उन्होंने दावा किया कि सरकार द्वारा इनकी भर्ती रोककर अग्निपथ योजना लाई गई, जिसके कारण इन युवाओं को पीड़ा झेलनी पड़ रही है।

खरगे ने पत्र में कहा कि मैं आपको भारतीय सशस्त्र बलों के सर्वोच्च अधिकारी के रूप में एक बहुत महत्वपूर्ण मुद्दे पर लिख रहा हूं। यह मुद्दा लगभग दो लाख युवाओं के भविष्य को लेकर है, जिनका भविष्य भारत सरकार के फैसलों के कारण अंधकारमय हो गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों की सेवा के लिए चयनित युवाओं से मैं हाल ही में मिला था। इन युवाओं को बेहद असंवेदनशीलता के साथ देशसेवा के अवसर से वंचित किया गया है।

2019 से 2022 के बीच करीब दो लाख युवक-युवतियों को सूचित किया गया कि उन्हें तीन सशस्त्र सेवाओं थलसेना, नौसेना और वायुसेना के लिए चयनित किया गया है। इन युवक-युवतियों ने सेना में चयन हेतु मानसिक, शारीरिक और लिखित परीक्षा पास करने के लिए तमाम कठिनाइयों के बावजूद संघर्ष किया था। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि 31 मई, 2022 तक उन्हें विश्वास था कि उन्होंने अपने सपने पूरे कर लिए हैं और बस अपने ज्वाइनिंग लेटर का इंतज़ार कर रहे हैं। दुर्भाग्य से उस दिन भारत सरकार द्वारा भर्ती प्रक्रिया को समाप्त करने और इसके स्थान पर अग्निपथ योजना लागू करने के निर्णय ने उनके सपनों को चकनाचूर कर दिया।

उन्होंने दावा किया कि अग्निपथ योजना के विषय पर पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल एमएम नरवणे ने लिखा है कि अग्निवीर भर्ती योजना से सेना चकित रह गई और नौसेना और वायुसेना के लिए यह अचानक से एक झटके की तरह आया।

## एक नजर

### तमिलनाडु सरकार ईडी की मदद करे: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को तमिलनाडु सरकार से कहा कि राज्य मशीनरी को यह पता लगाने में ईडी की मदद करनी चाहिए। इसमें कोई नुकसान नहीं है। शीर्ष अदालत ने पिछले हफ्ते धनशोधन के एक मामले में ईडी की जांच के खिलाफ मद्रास हाईकोर्ट में याचिका दायर करने को लेकर तमिलनाडु सरकार से सवाल किया था। केंद्रीय जांच एजेंसी ने अवैध रेत खनन से संबंधित धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में वेल्लोर, तिरुचिरापल्ली, करूर, तंजावुर और अरियालुर के जिला कलेक्टर को तलब किया था।

### दुष्कर्म के आरोपी ने युवती को गोली मारी, गिरफ्तार

**जयपुर।** कोटपूतली-बहरोड़ जिले में दुष्कर्म के एक आरोपी और उसके दो साथियों ने 25 वर्षीय पीड़िता को कथित तौर पर गोली मारी और उस पर गंडासे से हमला कर दिया। हमले मे पीड़िता का भाई भी घायल हो गया। दोनों का जयपुर में उपचार चल रहा है। पुलिस ने बताया कि तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस महानिदेशक यूआर साहू ने बताया कि मामले के मुख्य आरोपी राजेंद्र यादव का सोमवार को जयपुर में ट्रेन की चपेट में आने से पैर कट गया। पुलिस ने उसे पकड़ लिया गया है।

## एमपी: क्रिकेट खेलने के दौरान बेहोश होकर गिरा युवक, मौत

**गुना।** मध्य प्रदेश के गुना जिले में क्रिकेट खेलते समय 28 वर्षीय एक युवक बेहोश होकर गिर गया और उसकी मौत हो गई। जिला अस्पताल के सिविल सर्जन एसओ भोला ने कहा कि एक क्रिकेट मैच के दौरान गिरने के बाद दीपक खांडेकर को अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने बताया कि एम्बुलेंस प्रभारी ने कहा कि अस्पताल ले जाने के दौरान खांडेकर की नब्ज नहीं चल रही थी।

## मोदी के दौरे से पहले आईएस सदस्य गिरफ्तार

**तिरुवनंतपुरम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के केरल की राजधानी के दौरे से एक दिन पहले यहां वट्टियूरकावु थाना की सीमा से आईएसआईएस से संबंध रखने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि तमिलनाडु के मूल निवासी सादिक बाशा को रविवार को उनकी कार पर नकली पुलिस स्टिकर के साथ गिरफ्तार किया गया। गौरतलब है कि सितंबर 2022 में, उसे आईएसआईएस के लिए धन जुटाने के मामले में एनआईए ने वट्टियूरकावु में उसकी पत्नी के घर से गिरफ्तार किया था। जिसके बाद उसे राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के लिए 24 महीने जेल की सजा मिली थी। खबरें थीं कि जेल से रिहा होने के बाद उसने कई बार वट्टियूरकावु का दौरा किया। प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार को पार्टी 'पदयात्रा' के समापन समारोह में भी शामिल होंगे।

## कश्मीर-लद्दाख के बीच में फंसे 260 सैलानियों को एयर लिफ्ट किया

**जम्मू।** वायुसेना ने सोमवार को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के बीच फंसे लगभग 260 यात्रियों को हवाई मार्ग से एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंचाया। एक अधिकारी ने कहा कि इसके साथ ही भारी बर्फबारी के कारण 434 किलोमीटर लंबे श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग के बंद होने पर 22 जनवरी को सेवा शुरू होने के बाद से एएन-32 विमान से अब तक कुल 1,551 यात्रियों को 'एयरलिफ्ट' किया गया है। एएन-32 विमान को करगिल कूरियर भी कहा जाता है।

## झारखंड से कांग्रेस सांसद भाजपा में शामिल

**रांची।** झारखंड के सिंहभूम (एसटी) निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस सांसद गीता कोड़ा सोमवार को यहां भाजपा में शामिल हो गईं। कोड़ा भाजपा मुख्यालय में पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की मौजूदगी में पार्टी में शामिल हुईं। उन्होंने यह कदम ऐसे समय में उठाया है, जब देश में लोकसभा चुनाव होने वाले हैं। उन्होंने कहा, 'मैं आज भाजपा में शामिल हो गई। कांग्रेस ने तुष्टिकरण की राजनीति करके देश को संकट में डाल दिया है। पार्टी कहती है कि वह सभी को साथ लेकर चलेगी, लेकिन वह केवल अपने परिवार को साथ लेकर चलती है।' भाजपा-आजसू (अखिल झारखंड छात्र संघ) गठबंधन ने 2019 के लोकसभा चुनाव में झारखंड की 14 संसदीय सीट में से 12 पर जीत हासिल की थी।

# मराठा आरक्षण: प्रदर्शन के बीच महाराष्ट्र के अंबड में कर्फ्यू लागू

छत्रपति संभाजीनगर, एजेंसी

- जिला प्रशासन ने एहतियातन उठाया कदम

कार्यकर्ता मनोज जरांगे द्वारा मराठा आरक्षण के लिए चलाए जा रहे आंदोलन के मद्देनजर कानून-व्यवस्था की स्थिति को ध्यान में रखते हुए महाराष्ट्र के जालना जिले के अंबड तालुका में कर्फ्यू लगा दिया गया है।

जालना के जिलाधिकारी श्रीकृष्ण पांचाल ने आदेश में कहा कि जरांगे ने रविवार को घोषणा की कि वह मुंबई जाएंगे और मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की अपनी मांग को लेकर आंदोलन करेंगे। इसमें कहा गया है कि ऐसी आशंका है कि लोग उन्हें (मुंबई जाने से) रोकने के लिए जालना के अंतरवाली सरती गांव में आ सकते हैं, जहां कार्यकर्ता भूख हड़ताल कर रहे हैं। आदेश में कहा गया है कि भारी भीड़ के कारण धुले-मुंबई राजमार्ग और आसपास के अन्य इलाकों पर यातायात प्रभावित होने की आशंका है। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकारी कार्यालयों, स्कूलों, राष्ट्रीय राजमार्गों पर आवाजाही, दूध वितरण, मीडिया और अस्पतालों को इस आदेश से छूट दी गई है। जरांगे रविवार की रात अंतरवाली सरती से रवाना होकर पास के भांबेरी गांव पहुंचे।

## जरांगे ने 17 दिन बाद अनशन वापस लिया

**मुंबई।** आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने सोमवार को घोषणा की कि वह मराठा आरक्षण मुद्दे पर अपना 17 दिन से जारी अनशन वापस ले रहे हैं। जरांगे ने हालांकि कहा कि वह अपना आंदोलन तब तक जारी रखेंगे, जब तक कि महाराष्ट्र सरकार उन लोगों के विस्तारित परिवार के सदस्यों को कुनबी जाति प्रमाणपत्र जारी करना शुरू नहीं कर देती, जिनके पास पहले से ही ऐसे दस्तावेज हैं।

जरांगे का यह फैसला मराठा समुदाय के लिए नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण से संबंधित अपनी मांगों को लेकर दबाव बनाने के लिए मुंबई तक मार्च की घोषणा के एक दिन बाद आया है, जबकि मुंबई में राज्य विधानमंडल का बजट सत्र भी शुरू होने जा रहा है।

# महिलाओं को स्थायी कमीशन दें, नहीं तो हम देंगे

नई दिल्ली, एजेंसी

- तटरक्षक बल के मामले में केंद्र को सुप्रीम कोर्ट ने लगाई फटकार



सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र से यह सुनिश्चित करने को कहा कि महिलाओं को भारतीय तटरक्षक बल में स्थायी कमीशन मिले और यदि सरकार ऐसा नहीं करती तो वह खुद यह सुनिश्चित करेगा। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि महिलाओं को वंचित नहीं रखा जा सकता।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी की इन दलीलों का संज्ञान लेते हुए कहा कि शॉर्ट सर्विस कमीशन अधिकारियों (एसएससीओ) को स्थायी कमीशन देने में कुछ कार्यात्मक और परिचालन संबंधी कठिनाइयां हैं। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, 'परिचालन आदि संबंधी ये सभी दलीलें वर्ष 2024 में कोई मायने नहीं रखतीं। महिलाओं को (वंचित) छोड़ा नहीं जा सकता। यदि आप ऐसा नहीं करते हैं, तो हम ऐसा करेंगे। इसलिए उस पर एक नजर डालें।'

अटॉर्नी जनरल ने पीठ को यह भी बताया कि मुद्दों को देखने के लिए भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) द्वारा एक बोर्ड स्थापित किया गया है। पीठ ने समयाभाव के कारण याचिका की अगली सुनवाई के लिए शुक्रवार का दिन निर्धारित करते हुए कहा, 'आपके बोर्ड में महिलाएं भी होनी चाहिएं।' इससे पहले पीठ ने कहा था कि तटरक्षक बल को ऐसी नीति बनानी चाहिए, जो महिलाओं के लिए निष्पक्ष हो।

### तटरक्षक अधिकारी की याचिका पर पीठ कर रही थी सुनवाई

शीर्ष अदालत भारतीय तटरक्षक अधिकारी प्रियंका त्यागी की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें बल की पात्र महिला 'शॉर्ट-सर्विस कमीशन' अधिकारियों को स्थायी कमीशन देने की मांग की गई थी। पीठ ने तब कहा था, 'आप नारी शक्ति की बात करते हैं। अब इसे यहां दिखाएं। आपको एक ऐसी नीति बनानी चाहिए, जो महिलाओं के साथ न्याय करे।' न्यायालय ने यह भी पूछा था कि क्या तीन सशस्त्र बलों थलसेना, वायुसेना और नौसेना, में महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन देने के संबंध में शीर्ष अदालत के फैसले के बावजूद केंद्र सरकार अब भी पितृसत्तात्मक दृष्टिकोण अपना रही है।

# जिन्हें भूख है, हम उन्हीं लोगों को मौका देंगे : रोहित

## सरफराज, ध्रुव, यशस्वी और आकाशदीप ने जीत में अहम भूमिका निभाई

**रांची, एजेंसी**

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने मेहनत किए बिना राष्ट्रीय टेस्ट टीम में जगह बनाने का सपना देखने वालों से कहा कि मौका केवल उन्हीं को दिया जाएगा जो 'सबसे कड़े' प्रारूप में 'सफलता की भूख' दिखाएंगे। भारत ने सोमवार को चौथे टेस्ट में इंग्लैंड को हराकर श्रृंखला जीत ली है। सरफराज खान, ध्रुव जुरेल, यशस्वी जायसवाल और आकाश दीप जैसे खिलाड़ियों ने टीम की सफलता में अहम भूमिका निभाई जिससे रोहित खुश दिखे। रोहित ने कहा कि जिन लोगों को भूख है हम उन्हीं लोगों को मौका देंगे। अगर भूख नहीं है तो उनको टीम में खिलाने का मतलब नहीं है।

रोहित की यह प्रतिक्रिया बीसीसीआई के उस आदेश के बाद आई, जिसमें इशान किशन और श्रेयस अय्यर जैसे खिलाड़ियों को रणजी ट्रॉफी में खेलने के लिए कहा गया था लेकिन इन दोनों ने इसे नजरअंदाज कर दिया था। भारतीय कप्तान ने कहा कि मैंने टीम में कोई भी ऐसा खिलाड़ी नहीं देखा जो भूखा नहीं हो। सभी लड़के जो यहां हैं और जो नहीं हैं, वे सभी खेलना चाहते हैं, लेकिन टेस्ट टीम में बहुत ही कम मौके मिलते हैं। अगर आप उन मौकों का फायदा नहीं उठाते तो वह चले जाते हैं। इशान किशन झारखंड के लिए रणजी ट्रॉफी में नहीं खेले, लेकिन आईपीएल के लिए उन्हें मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या के साथ बड़ौदा में ट्रेनिंग करते हुए देखा गया। रोहित ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट सबसे कठिन प्रारूप है। यदि आप इस प्रारूप में उत्कृष्टता और सफलता हासिल करना चाहते हैं तो आपको अपनी भूख दिखानी होगी।



### युवाओं को अच्छे प्रदर्शन के लिए माहौल देना जरूरी

**रांची।** युवा ब्रिगेड के शानदार प्रदर्शन के दम पर इंग्लैंड को टेस्ट श्रृंखला में हराने के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का मानना है कि टीम में आए युवाओं को सलाह की जरूरत नहीं है बल्कि अच्छे प्रदर्शन के लिए सहयोगी माहौल चाहिए। अपना दूसरा टेस्ट खेल रहे विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने दोनों पारियों में शानदार प्रदर्शन किया। यशस्वी जायसवाल, आकाश दीप और सरफराज खान ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। रोहित ने कहा कि यह काफी कठिन श्रृंखला है और जीतने के बाद अच्छा लग रहा है। ये युवा खिलाड़ी घरेलू सर्किट, स्थानीय क्लब क्रिकेट से यहां आए हैं। यह बड़ी चुनौती थी लेकिन उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि हमें उन्हें अनुकूल माहौल देना होगा। प्रमुख खिलाड़ियों का नहीं होना अच्छा नहीं होता लेकिन इसमें कुछ किया नहीं जा सकता।

# पिता से जुरेल को मिले निर्भीक तेवर: रैना

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी**



भारत के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना का मानना है कि विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल को सेना की पृष्ठभूमि के कारण निर्भीक तेवर मिले और यहां तक पहुंचने के लिए उसने काफी मेहनत की है। जुरेल ने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट की पहली पारी में 90 और दूसरी पारी में नाबाद 39 रन बनाकर भारत की 5 विकेट से जीत में अहम भूमिका निभाई।

रैना ने कहा कि मैं जुरेल की विकेटकीपिंग से काफी प्रभावित हूं। उसने काफी मेहनत की है। उसके पिता सेना में थे लिहाजा उसमें वह हार नहीं मानने का निर्भीक तेवर है। जुरेल की पारी की सुनील गावस्कर ने भी तारीफ की, जिन्होंने उसे अगला महेंद्र सिंह धोनी कहा था। रैना ने कहा कि जुरेल शानदार खिलाड़ी है। मैंने उसके साथ उत्तर प्रदेश के लिए कुछ मैच खेले हैं। रोहित शर्मा बधाई के पात्र हैं जिस तरह से उन्होंने पहले सरफराज खान को और फिर जुरेल को मौका दिया। टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करके लगातार अर्धशतक बनाना आसान नहीं है खासकर इतने महत्वपूर्ण मैच में जहां विकेट टर्न ले रहा हो। चेन्नई सुपर किंग्स का अहम हिस्सा रहे रैना ने कहा कि वह चाहते हैं कि विराट कोहली और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर इस बार आईपीएल खिताब जीते। उन्होंने कहा कि मैं चाहता हूं कि विराट और आरसीबी खिताब जीते। लंबा इंतजार हो गया। चेन्नई ने पिछली बार जीता था लेकिन मैं उम्मीद करता हूं कि इस बार वह टीम जीते जिसने अब तक ट्रॉफी नहीं जीती है। विराट मेहनत कर रहा है और जीत का हकदार है।



## खेल डायरी

### दक्षिण अफ्रीका में टीम से जुड़ी गतिविधियों ने हमें मजबूत बनाया: हरमनप्रीत



**राउरकेला, एजेंसी।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका के हालिया दौरे में टीम से जुड़ी गतिविधियों ने उन्हें मजबूत बनाया। भारत ने चार देशों की श्रृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीका का दौरा किया था जहां मेजबान टीम के खिलाफ उसने जीत दर्ज की। फ्रांस के खिलाफ टीम को एक जीत मिली और एक मुकाबला ड्रॉ रहा जबकि नीदरलैंड के खिलाफ टीम को हार का सामना करना पड़ा। रविवार को भारत ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग के घरेलू चरण के अपने अंतिम मैच में आयरलैंड को 4-0 से हरा दिया था। भारत फिलहाल अंक तालिका में नीदरलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बाद तीसरे स्थान पर है। हरमनप्रीत ने रविवार की जीत के बाद कहा कि मुझे लगता है कि हम दक्षिण अफ्रीका दौरे से मानसिक और शारीरिक रूप से तरोताजा होकर वापस आए हैं। हमने वहां टीम से जुड़ी कई गतिविधियों में हिस्सा लिया जिससे हम एक मजबूत इकाई बन गए। मुझे लगता है कि हमने यहां अच्छा प्रदर्शन किया और दुनिया की शीर्ष टीमों की चुनौती का सामना किया।

### आरसीए अध्यक्ष वैभव गहलोत ने दिया इस्तीफा

**जयपुर।** राजस्थान क्रिकेट संघ (आरसीए) के अध्यक्ष वैभव गहलोत ने अपने खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद सोमवार को पद से इस्तीफा दे दिया। गहलोत ने ऐसे समय में पद छोड़ा है जब राजस्थान राज्य खेल परिषद (आरएसएससी) ने बकाए का भुगतान न करने पर सवाई मान सिंह स्टेडियम और आरसीए कार्यालय को शुक्रवार को सील कर दिया था। सवाई मानसिंह स्टेडियम को अगले महीने से आईपीएल की मेजबानी करनी है। गहलोत ने कहा कि आरसीए कार्यालय में जल्दबाजी में ताला लगाया गया। मुझे निशाना बनाकर आरसीए में अविश्वास का माहौल पैदा किया जा रहा है। मैं राज्य की क्रिकेट और खिलाड़ियों को बचाने के लिए स्वेच्छा से आरसीए अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे रहा हूं।

### पहला अंतर्राष्ट्रीय खिताब जीतने उतरेगी भारतीय टीम

**अलान्या (तुर्की), एजेंसी।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम मंगलवार को तुर्की महिला कप में अपने अंतिम राउंड रोबिन मैच में जब कोसोवो से भिड़ेगी तो उसकी नजरें दक्षिण एशिया के बाहर अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय खिताब जीतने पर होंगी। भारतीय टीम को खिताब के लिए मंगलवार को हर हाल में कोसोवा को हराना होगा। भारतीय टीम अभी लीग तालिका में कोसोवो के बाद दूसरे स्थान पर है। दोनों टीम के समान अंक हैं लेकिन बेहतर गोल अंतर से कोसोवो शीर्ष पर है। 4 टीम की राउंड रोबिन लीग में भारतीय टीम ने एस्टोनिया (4-3) और हांगकांग (2-0) के खिलाफ जीत से 6 अंक जुटाए हैं। कोसोवो ने भी हांगकांग और एस्टोनिया के खिलाफ जीत से 6 अंक जुटाए हैं लेकिन भारत के प्लस 3 के मुकाबले उसका गोल अंतर प्लस चार है जिससे वह शीर्ष पर चल रहा है।

### भारत ने सैफ अंडर 16 महिला चैंपियनशिप के लिए 23 सदस्यीय टीम का किया ऐलान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुख्य कोच बिबी थॉमस मुत्ताह ने सोमवार को एक से 10 मार्च तक नेपाल में होने वाली सैफ अंडर 16 महिला फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए 23 सदस्यीय भारतीय टीम का ऐलान किया है। भारत ने 2018 और 2019 में अंडर 15 प्रारूप में जीत दर्ज की थी। दोनों बार भारत ने फाइनल में बांग्लादेश को हराया था। पहली बार टूर्नामेंट अंडर 16 प्रारूप में खेला जा रहा है। अंतिम टीम का चयन संभावितों में से किया गया जो गोवा में अभ्यास कर रहे हैं। भारतीय टीम मंगलवार को नेपाल रवाना होगी। उसे एक मार्च को भूटान से, पांच मार्च को बांग्लादेश और सात मार्च को नेपाल से खेलना है। राउंड राबिन चरण की शीर्ष दो टीमें फाइनल खेलेंगी। सारे मैच ललितपुर में खेले जाएगे। **भारतीय टीम : गोलकीपर :** केटी देवी, मुन्नी, सूरजमुनी कुमारी **डिफेंडर :** अमृता घोष, बोनिफिला शुलाइ, दिव्यानी लिंडा, एलिजाबेथ लाकड़ा, गौरी, रिआना लिज जैकब, रूपश्री मुंडा, एस अलेना देवी **मिडफील्डर :** अनिता डुंगडुंग, अनुष्का कुमारी, अन्विता रघुरामन, एच यशिका, एल नीरा चानू, रितु बडाइक, श्वेता रानी, टी मोनी बास्के **फॉरवर्ड :** गुरलीन कौर, गुरनाज कौर, नेहा साजी, पर्ल फर्नांडिस ।

# नहीं चला बैजबॉल, शृंखला भारत के नाम

## इंग्लैंड को चौथा टेस्ट 5 विकेट से हराकर भारत ने लगातार 17वीं टेस्ट शृंखला जीती

**रांची, एजेंसी**

**भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला**

- भारत ने 3-1 की विजयी बढ़त बनाई, पांचवां और आखिरी मैच 7 मार्च से धर्मशाला में होगा
- शृंखला से बाहर विराट और चोटिल राहुल के बिना भारत ने लगातार 3 जीत की दर्ज

**50** में से 39 टेस्ट मैच भारत ने देख में जीते

**09** हजार रन रोहित ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में किए पूरे



अपनी सरजमीं पर बादशाहत एक बार फिर साबित करते हुए भारतीय टीम ने 'बैजबॉल' को बेअसर साबित कर दिया और चौथे टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड को चौथे ही दिन पांच विकेट से हराकर अपनी मेजबानी में लगातार 17वीं श्रृंखला जीत ली।

जीत के लिए 192 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने कल के स्कोर पर बिना किसी नुकसान के 40 रन से आगे खेलना शुरू किया था। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (44 गेंद में 37 रन) और कप्तान रोहित शर्मा (81 गेंद में 55 रन) ने पहले विकेट के लिए 84 रन जोड़े। दोनों के विकेट गिरने के बाद रजत पाटीदार और रविंद्र जडेजा भी सस्ते में आउट हो गए, लेकिन शुभमन गिल (नाबाद 52) और ध्रुव जुरेल (नाबाद 39) ने 72 रन की साझेदारी करके टीम को जीत तक पहुंचाया। भारत ने श्रृंखला में 3-1 की विजयी बढ़त बना ली जबकि पांचवां और आखिरी मैच 7 मार्च से धर्मशाला में खेला जाएगा।

भारतीय टीम अपनी धरती पर आखिरी बार 2012-13 में एलेस्टेयर कुक की अगुवाई वाली इंग्लैंड की टीम से हारी थी। उसके बाद से अपनी मेजबानी में खेले गए भारत ने 50 में से 39 टेस्ट जीते हैं। इस जीत के साथ ही भारत ने इंग्लैंड की आक्रामक खेल की 'बैजबॉल' शैली को भी नाकाम साबित कर दिया। पिछले दो साल से इंग्लैंड की जीत का मंत्र साबित हुई इस शैली की अब काफी आलोचना हो रही है। ब्रेंडन मैकुलम के कोच और बेन स्टोक्स के कप्तान बनने के बाद से हर हालात में आक्रामक खेल की इंग्लैंड की रणनीति को 'बैजबॉल' कहा जाता है। भारत ने इसका मुंहतोड़ जवाब दिया है और इसकी सूत्रधार भारत की युवा ब्रिगेड रही।

निजी कारणों से श्रृंखला से बाहर विराट कोहली और चोटिल केएल राहुल के बिना भारत ने श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन करते हुए हैदराबाद में पहले टेस्ट में मिली हार के बाद लगातार 3 जीत दर्ज की। भारत के युवा खिलाड़ियों सरफराज खान, जुरेल और तेज गेंदबाज आकाश दीप ने मौके को बखूबी भुनाया। जुरेल ने चौथे टेस्ट की पहली पारी में 90 और दूसरी में नाबाद 39 रन बनाए। चौथे दिन सोमवार को रोहित ने (81 गेंद में 55 रन) ने यशस्वी जायसवाल के साथ 84 रन की बड़ी साझेदारी की। जायसवाल ने 44 गेंद में 37 रन जोड़े। आफ स्पिनर जो रूट ने जायसवाल को आउट कर साझेदारी को तोड़ा। बाए हाथ के स्पिनर टॉम हार्टले ने रोहित का विकेट लिया। स्पिनर शोएब बशीर ने रजत पाटीदार (0) को पवेलियन भेजा। अपने कल के स्कोर बिना किसी नुकसान के 40 रन से आगे खेलते हुए भारत ने शुरूआत की। रोहित ने जेम्स एंडरसन की गेंद पर लांग आन में छक्का जड़ा। दूसरे छोर पर बशीर ने गेंद संभाली। रोहित और जायसवाल ने सहज होकर स्पिनरों और तेज गेंदबाजों को रन बनाए। रोहित ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 9000 रन भी पूरे कर लिए। दोनों को आसानी से खेलते देख बेन स्टोक्स ने जो रूट को गेंद सौंपी, जिन्होंने कप्तान के भरोसे पर खरे उतरते हुए जायसवाल को आउट किया।

### स्कोर बोर्ड

**इंग्लैंड (पहली पारी-353) (दूसरी पारी-145)**

**भारत (पहली पारी-307) दूसरी पारी** 192/5 (61 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| --- | --- | --- | --- |
| रोहित शर्मा का फोक्स बो हार्टली | 55 | 81 | 5/1 |
| यशस्वी जायसवाल का एंडरसन बो रूट | 37 | 44 | 5/0 |
| शुभमन गिल नाबाद | 52 | 124 | 0/2 |
| रजत पाटीदार का पोप बो बशीर | 00 | 06 | 0/0 |
| रविंद्र जडेजा का बेयरस्टो बो बशीर | 04 | 33 | 0/0 |
| सरफराज खान का पोप बो बशीर | 00 | 01 | 0/0 |
| ध्रुव जुरेल नाबाद | 39 | 77 | 2/0 |

**अतिरिक्त :** 05, **विकेट पतन :** 1-84, 2-99, 3-100, 4-120, 5-120, **गेंदबाजी :** रूट 7-0-26-1, हार्टली 25-2-70-1, बशीर 26-4-79-3, एंडरसन 3-1-12-0

### जीत पर टीम को कोहली ने दी बधाई



**नई दिल्ली।** स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने भारत की जीत को शानदार बताते हुए 'युवा' टीम के धैर्य, दृढता और लचीलेपन की तारीफ की। निजी कारणों से शृंखला से बाहर होने के बाद अपने पहले ट्वीट में कोहली ने कहा, यस (तिरंगा)। हमारी युवा टीम की शानदार जीत। धैर्य, दृढता और लचीलापन दिखाया। कोहली और अनुष्का शर्मा के घर 15 फरवरी को बेटे ने जन्म लिया। सचिन तेंदुलकर ने टीम की जीत पर एक्स पर लिखा, भारत ने दबाव के हालात से निकलकर वापसी की और मैच जीता। इससे हमारे खिलाड़ियों की मानसिक ताकत का पता चलता है। आकाशदीप ने टेस्ट में शानदार स्पेल डाला। ध्रुव ने दोनों पारियों में गेंद की लैंग्थ को भांपा और उसका फुटवर्क बेहतरीन था। कुलदीप यादव के साथ उसकी साझेदारी अहम थी। दूसरी पारी में कुलदीप का स्पेल महत्वपूर्ण था। रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा और रोहित शर्मा जैसे सीनियर्स ने अपना काम बखूबी किया।



# दिल्ली ने यूपी को नौ विकेट से रौंदा

**बेंगलुरु, एजेंसी**

राधा यादव और मारिजेन कैप की धारदार गेंदबाजी के बाद शेफाली वर्मा और कप्तान मेग लेनिंग के अर्धशतक से दिल्ली कैपिटल्स ने महिला प्रीमियर लीग में सोमवार को यूपी वारियर्स को नौ विकेट से हराकर पहली जीत दर्ज की। यूपी की दो मैच में यह लगातार दूसरी हार है।

यूपी के 120 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली की टीम ने शेफाली (43 गेंद में नाबाद 64 रन, 6 चौके, 4 छक्के) और कप्तान मेग लेनिंग (43 गेंद में 51 रन, 6 चौके) के बीच पहले विकेट की 119 रन की साझेदारी से सिर्फ 14.3 ओवर में 1 विकेट पर 123 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। यूपी की टीम बाएं हाथ की स्पिनर राधा (20 रन पर 4 विकेट) और मारिजेन (पांच रन पर 3 विकेट) की उम्दा गेंदबाजी के सामने 9 विकेट पर 119 रन ही बना सकी। श्वेता सहरावत ( 42 गेंद में 5 चौके और 1 छक्के) 45 रन बनाकर टीम की शीर्ष स्कोरर रहीं। वहीं यूपी की कोई बल्लेबाज 20 रन के आंकड़े को भी नहीं छू सकी। लक्ष्य पाने उतरी दिल्ली को कप्तान मेग लेनिंग और शेफाली वर्मा की जोड़ी ने तेज शुरुआत दिलाई।

शेफाली ने सोफी एक्लेस्टोन पर चौके के साथ खाता खोला और फिर गौहर सुल्ताना पर पहला छक्का जड़ा। सुल्ताना के ओवर में लेनिंग भाग्यशाली रहीं जब वृंदा ने शॉर्ट फाइन लेग पर उनका कैच टपका दिया। शेफाली ने ताहलिया मैकग्रा के ओवर में दो चौके और 1 छक्के के साथ पावर प्ले में टीम का स्कोर बिना विकेट खोए 57 रन पहुंचाया।

# डब्ल्यूटीसी तालिका में भारत की मजबूत स्थिति

**दुबई।** भारत ने रांची में चौथे टेस्ट में इंग्लैंड की टीम के खिलाफ 5 विकेट की जीत के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका में दूसरे स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। रोहित शर्मा की टीम ने शृंखला में 3-1 की विजयी बढ़त बना ली है। भारत का अंक 59.52% से बढ़कर 64.58% हो गया है। भारत ने क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर मौजूद ऑस्ट्रेलिया (55%) और बांग्लादेश (50%) पर मजबूत बढ़त बना ली है। इंग्लैंड 19.44% अंक के साथ आठवें स्थान पर है। भारत ने मौजूदा डब्ल्यूटीसी चक्र में अब तक 8 टेस्ट खेले हैं जिनमें से 5 में उसे जीत और दो में हार मिली जबकि 1 ड्रॉ रहा। ऐसा लगता है कि इंग्लैंड को 'बैजबॉल' (हर हाल में आक्रामक होकर खेलने की रणनीति) रवैये से फायदा नहीं हो रहा है।

# बॉलीवुड हलचल

## एटली ने की शाहरूख खान की तारीफ



**मुंबई, एजेंसी।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने निर्देशक एटली ने वूमेन्स प्रीमियर लीग में बॉलीवुड अभिनेता शाहरूख खान के परफॉर्मेंस की तारीफ की है। वूमेन्स प्रीमियर लीग में बॉलीवुड के कई सेलेब्स ने परफॉर्म किया। इस अवसर पर शाहरुख खान ने भी अपनी परफॉर्मेंस दी। शाहरुख खान ने पठान के गाने पर डांस किया। शाहरूख खान को लेकर सुपरहिट फिल्म जवान बना चुके एटली ने शाहरुख खान की परफॉर्मेंस की एक फोटो के साथ स्टोरी शेयर की। स्टोरी शेयर करते हुए एटली ने लिखा, 'बॉस मैन इन मॉस मोड'। इसके बाद शाहरुख खान के फैन पेज ने ट्वीट करते हुए उनकी स्टोरी शेयर की और लिखा, 'एटली कभी भी शाहरुख के चार्म से उबर नहीं पाते और हम भी'। शाहरुख खान ने एटली कुमार की स्टोरी पर रिप्लाई देते हुए लिखा कि, सर आपसे ही सीखा है।

### देवा के सेट से शाहिद कपूर की तस्वीर जारी



**मुंबई, एजेंसी।** निर्देशक रोशन एंड्रयूज ने फिल्म देवा के सेट से शाहिद कपूर की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की है। शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'देवा' के निर्देशक रोशन एंड्रयूज ने शाहिद कपूर को जन्मदिन की बधाई दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर फिल्म देवा के सेट से शाहिद कपूर की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, मेरे सबसे प्यारे भाई शाहिद कपूर को जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएँ। ...हंसी...मस्ती... आप उन बेहतरीन अभिनेताओं में से एक हैं जिनके साथ मैंने कभी काम किया है और मेरे देवा के रूप में आपको निर्देशित करना मेरे लिए सम्मान की बात है! बहुत सारे प्यार और सम्मान के साथ मैं आपको एक शानदार वर्ष की शुभकामनाएं देता हूं! शाहिद कपूर ने जवाब में लिखा, धन्यवाद, रोशन। 'देवा' के सेट पर वापस आने के लिए अब और इंतजार नहीं कर सकता। 'देवा' रोशन एंड्रयूज द्वारा निर्देशित और ज़ी स्टूडियोज और रॉय कपूर फिल्म्स द्वारा निर्मित है। यह फिल्म 11 अक्टूबर, 2024 को दशहरा के अवसर पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## फिल्म 'बोले चूड़ियां बोले कंगना' का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेता प्रिंस सिंह राजपूत, अभिनेत्री पायस पंडित और डिंपल सिंह की भोजपुरी फिल्म बोले चूड़ियां बोले कंगना का ट्रेलर रिलीज हो गया है। कमला फिल्म्स क्रिएशन्स, डिजिटेक प्रोडक्शन प्रस्तुत भोजपुरी फिल्म बोले चूड़ियां बोले कंगना का ट्रेलर ईगल होम एंटरटेनमेंट के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है। प्रिंस सिंह राजपूत ने कहा कि यह फिल्म उनकी सबसे बेहतरीन फिल्मों में से एक है। फिल्म में उनका किरदार स्वच्छंद भ्रमण करने वाले लड़के की है। फिल्म में एक गुंजा नाम की लड़की गांव में रहती हैं, जहां उसके माँ बाप की बचपन में मृत्यु हो जाती हैं और वो अपने काका काकी के घर पर रहती हैं, जहाँ उसकी काकी उससे घर का हर काम कराती हैं और उसे ताना मारती हैं, वही काका काकी की बेटी नीलम शहर से गांव आती हैं। फिल्म के निर्माता गौतम कुमार, मनु भाई शाह और लोकेश मिश्रा हैं, जबकि निर्देशक मनोज ओझा हैं। गीतकार प्रकाश बारूद हैं। संगीतकार सर्विन्द मल्हार हैं। छायांकन फ़िरोज़ खान का है। संकलन गोविन्द दुबे और कोरियोग्राफी कानु मुखर्जी का है। कहानी सभा वर्मा ने लिखी है। फिल्म में प्रिंस सिंह राजपूत, पायस पंडित, डिंपल सिंह, जे नीलम, सोनिया मिश्रा, जय प्रकाश, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, सचिन श्रीवास्तव, प्रिया, अंकुश कहार, आरती निगम, प्राची सिंह मुख्य भूमिका में हैं।

### 12 अप्रैल को नेटफ्लिक्स पर फिल्म 'चमकीला'

**मुंबई, एजेंसी।** दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा की फिल्म 'चमकीला' 12 अप्रैल को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगीद्य। बॉलीवुड फिल्मकार इम्तियाज अली की आने फिल्म चमकीला में दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा अहम भूमिका निभा रहे हैं। 'चमकीला' पंजाब के रॉकस्टार कहे जाने वाले अमर सिंह चमकीला पर आधारित है। नेटफ्लिक्स ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इस फिल्म का मोशन पोस्टर शेयर कर रिलीज डेट आउट की है। नेटफ्लिक्स ने लिखा, माहौल बन जाता था जब वह छेड़ता था साज, कुछ ऐसा ही था चमकीला का अंदाज। ओटीटी प्लेटफॉर्म पर यह फिल्म 12 अप्रैल से स्ट्रीम होगी।



## 'झलक दिखला जा' को मिले 5 फाइनलिस्टस



**मुंबई, एजेंसी।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के सेलिब्रिटी डांस रियलिटी शो 'झलक दिखला जा' के टॉप 5 फाइनलिस्ट्स मिल गए हैं। एफएएम तिकड़ी - फराह खान, अरशद वारसी और मलाइका अरोड़ा द्वारा प्रेरित और जज किए गए शो झलक दिखा जा को अपने टॉप 5 फाइनलिस्ट्स मिल गए हैं। इनमें कोरियोग्राफर अनुराधा अयंगर के साथ शोएब इब्राहिम, कोरियोग्राफर आकाश थापा के साथ सेलिब्रिटी टीन एक्टर अद्रिजा सिन्हा, कोरियोग्राफर सोनाली कर के साथ श्रीराम चंद्रा, कोरियोग्राफर आशुतोष पवार के साथ मनीषा रानी और कोरियोग्राफर सागर बोरा के साथ डॉक्टर एवं एक्टर धनश्री वर्मा हैं। शोएब ने कहा, झलक दिखला जा एक परिवर्तनकारी अनुभव रहा है, जो मुझे अपनी सीमाओं से आगे ले गया और एक डांसर और एक व्यक्ति के रूप में विकसित होने की चुनौती दी। हर परफॉर्मेंस आत्म-खोज का सफर रहा है, जिससे मुझे खुद को उन तरीकों से अभिव्यक्त करने की इजाजत मिली है जिनके बारे में मैंने कभी सोचा भी नहीं था। फाइनल में जीतना या हारना मेरे लिए अंतिम लक्ष्य नहीं है। श्रीराम ने साझा किया, गायन पृष्ठभूमि से आने से डांस फ्लोर पर कदम रखना मेरे लिए कठिन काम था। चुनौतियों, सीखने के अनुभवों और यादगार पलों से भरा यह सफर किसी रोलरकोस्टर राइड से कम नहीं है। अद्रिजा सिन्हा ने कहा, झलक दिखला जा के टॉप 5 में रहना एक सपना था जो हकीकत बन गया है! मेरे परिवार, दोस्तों और प्रशंसकों के अटूट समर्थन के साथ, जो मेरी ताकत बनाकर मेरे साथ रहे हैं, हर परफॉर्मेंस सीखने का एक खास अनुभव रहा है, जिसने मुझे खुद को चुनौती देने और एक डांसर के रूप में विकसित होने के लिए प्रेरित किया है।

### काजल का रोमांटिक गाना डोली जब कमरिया रिलीज



मुंबई, एजेंसी। अभिनेता कुणाल तिवारी और अभिनेत्री काजल यादव का भोजपुरी गाना 'डोली जब कमरिया' रिलीज हो गया है। डोली जब कमरिया गाने को विजय चौहान और अलका झा ने गाया है। इस गाने में कुणाल तिवारी रोमांटिक मूड में काजल से कहते हैं कि धड़के करेजा रानी धक धक, अइसन सिंगार पर लागेलु कड़क, करेला मन धरी दाबी अकवरिया तब काजल यादव कहती हैं कि मूड में जब आईब हम डोले जे कमरिया, तबे नु आईब हम तोहरा पजरिया यह रोमांटिक गाना भोजपुरी फिल्म 'पपुआ के पप्पी' का है। मधु मंजुल आर्ट्स एंड गीता तिवारी प्रोडक्शन के बैनर तले बनी इस फिल्म के निर्माता धीरेंद्र कुमार झा एवं कुणाल कुमार तिवारी हैं। निर्देशक धीरेंद्र कुमार झा हैं। मुख्य कलाकार कुणाल तिवारी, विराज भट्ट, काजल यादव, ऋचा दीक्षित, अमित शुक्ला, प्रकाश जैस, प्रियांशु सिंह, अनूप अरोरा, साहिल शेख हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली, पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, **कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# शीर्ष कोर्ट ने संजय की जमानत याचिका पर ईडी से जवाब मांगा

नई दिल्ली, एजेंसी



- मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में बंद आप नेता ने हाईकोर्ट के आदेश को दी थी चुनौती

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली शराब घोटाला के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में बंद आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह की जमानत याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय को नोटिस भेजकर जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने उस याचिका पर जांच एजेंसी को नोटिस जारी किया, जिसमें संजय सिंह ने दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी है। दिल्ली हाईकोर्ट ने मामले में उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया था। पीठ ने जमानत याचिका को संजय सिंह की एक अन्य याचिका के साथ टैग कर दिया, जिसमें उन्होंने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अपनी गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती दी है। संजय सिंह की ओर से अदालत में पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी ने जमानत याचिका पर नोटिस जारी करने की मांग की और याचिका को लंबित मामले के साथ टैग करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि लंबित मामले की सुनवाई 5 मार्च को होनी है और इसलिए दोनों मामलों पर एक साथ सुनवाई की जानी चाहिए। पीठ ने सिंघवी के अनुरोध पर सहमति व्यक्त की और कहा कि दोनों याचिकाओं पर एक साथ विचार किया जाएगा। बता दें, दिल्ली हाईकोर्ट ने 7 फरवरी को सिंह की जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

# अन्नामलाई को राहत हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट ने रोका

**नई दिल्ली।** शीर्ष अदालत ने सोमवार को तमिलनाडु भाजपा प्रमुख के अन्नामलाई को राहत दी। दरअसल, सर्वोच्च न्यायालय ने नफरती बयान देने के मामले में उनके खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले में उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा दी।

अन्नामलाई ने अक्तूबर 2022 में एक यूट्यूब चैनल को इंटरव्यू दिया था। जिसमें उन्होंने पटाखे फोड़ने को लेकर कथित तौर पर ईसाई समुदाय के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ मामले में सुनवाई कर रही थी। पीठ ने इंटरव्यू में दिए गए बयानों की ट्रांसक्रिप्ट को देखा और कहा कि पहली नजर में यह कोई नफरत फैलाने वाला बयान नहीं है।

# आप कौन होते हैं आपराधिक कानूनों को चुनौती देने वाले

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की जनहित याचिका, कहा- आपको याचिका दायर करने का कोई अधिकार नहीं



तीन नए आपराधिक कानूनों को चुनौती देने वाली जनहित याचिका सुप्रीम कोर्ट से खारिज हो गई है। तीन नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य कानून 1 जुलाई से देश में लागू हो जाएंगे।

जनहित याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने याचिका से नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि 'आप कौन होते हैं नए आपराधिक कानूनों को चुनौती देने वाले?' मुख्य न्यायाधीश ने याचिकाकर्ता से नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि 'आपके पास इस मामले में हस्तक्षेप करने का ही अधिकार नहीं है। जनहित याचिका में गृह और कानून मंत्रालय को पक्षकार बनाने की मांग की गई थी। तीनों नए आपराधिक कानून देश में न्याय व्यवस्था में बड़े बदलाव लेकर आएंगे और एक जुलाई से देशभर में लागू हो जाएंगे। सरकार ने इसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। तीनों नए आपराधिक कानून अंग्रेजी शासन काल के आईपीसी (इंडियन पीनल कोड), सीआरपीसी (कोड ऑफ क्रिमिनल प्रोसिजर) और इंडियन एविडेंस एक्ट 1872 की जगह लेंगे। बीते साल 21 दिसंबर को इन नए कानूनों को संसद की मंजूरी मिली थी और 25 दिसंबर को राष्ट्रपति ने इन्हें मंजूरी दी थी। हालांकि अभी हिट एंड रन मामले से जुड़े प्रावधान पर अमल नहीं होगा। दरअसल बीते दिनों देशभर में ड्राइवरों ने हड़ताल कर हिट एंड रन मामले में नए प्रावधानों का विरोध किया था। जिस पर सरकार ने आश्वासन दिया था कि इस कानून को ड्राइर यूनियन से चर्चा के बाद अमल में लाया जाएगा। सरकार ने नोटिफिकेशन में बताया है कि अभी भारतीय न्याय संहिता की धारा 106(2) को अमल में नहीं लाया जाएगा। भारतीय न्याय संहिता में कुल 358 धाराएं हैं, जिसमें 20 नए अपराधों को परिभाषित किया गया है।

## कोर्ट में स्वीकारी गलती, केजरीवाल बोले- वीडियो रिट्वीट करना मेरी गलती

**मानहानि मामला**


दिल्ली हाईकोर्ट के एक आदेश को चुनौती देने वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर आज सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की। इस दौरान केजरीवाल ने अदालत के सामने अपनी गलती स्वीकार कर ली है। दरअसल, ये मामला मई 2018 का है। अरविंद केजरीवाल ने 2018 में यूट्यूबर ध्रुव राठी की एक पोस्ट को रीट्वीट किया था। इसी को लेकर उन पर मानहानि का आरोप लगा और मामला हाईकोर्ट तक पहुंच गया था। अब हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई दिल्ली के मुख्यमंत्री



राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते केजरीवाल।

अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को अदालत से कहा कि उन्होंने यूट्यूबर ध्रुव राठी के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आईटी प्रकोष्ठ से जुड़े कथित अपमानजनक वीडियो को रीट्वीट करके गलती की। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली केजरीवाल की याचिका पर नोटिस जारी किए बिना ही शिकायतकर्ता से पूछा कि क्या वह मुख्यमंत्री की माफी के बाद इस मामले को बंद करना चाहते हैं। हाईकोर्ट ने इस मामले में आरोपी के रूप में अरविंद केजरीवाल को जारी किए गए समन को बरकरार रखा था।

## एक नजर



**तिरुवनंतपुरम।** सोमवार को अट्टुकल समापन के दौरान भक्तों ने जुलूस निकाला, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। यह अट्टुकल भगवती मंदिर का दस दिवसीय त्योहार है। यह त्योहार गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में शामिल है। साल 1997 में 15 लाख महिलाओं ने पोंगल चढ़ाकर रिकॉर्ड बनाया था।

### गुजराती परिवार की मौत मामले में भारतवंशी शिकागो से गिरफ्तार

**न्यूयॉर्क।** मानव तस्करी की 2022 की एक घटना की जांच के दौरान शिकागो में एक भारतवंशी को गिरफ्तार किया गया है। इस घटना में गुजराती परिवार के चार सदस्य कनाडा से अमेरिका में अवैध रूप से प्रवेश करने के प्रयास में मृत पाए गए थे। पिछले हफ्ते द शिकागो ट्रिब्यून की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि हर्षकुमार रमनलाल पटेल को शिकागो के ओ हेयर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से अधिकारियों ने गिरफ्तार किया है। उसे 28 फरवरी को कोर्ट में पेश किया जाना है।

### धोखाधड़ी मामले में फैसले के खिलाफ डोनाल्ड ट्रंप ने की अपील

**न्यूयॉर्क।** डोनाल्ड ट्रंप ने अपने 45 .4 करोड़ डॉलर के न्यूयॉर्क नागरिक धोखाधड़ी मामले के फैसले के खिलाफ अपील की है, जिसमें एक न्यायाधीश के इस फैसले को चुनौती दी गई है कि ट्रंप ने अपनी संपदा के बारे में झूठ बोला था और अपने रियल एस्टेट साम्राज्य को इस तरह बढ़ाया था जिसने उन्हें लोकप्रियता दिलाई और राष्ट्रपति पद तक पहुंचाया था। ट्रंप ने अपील करते हुए कोर्ट से कहा कि न्यायाधीश आर्थर के फैसले को पलट दिया जाए।

### जवान ने इजराइली दूतावास के बाहर खुद को लगाई आग, गंभीर

**वाशिंगटन।** अमेरिका के वाशिंगटन। में इजराइली दूतावास के बाहर एक वायुसेना के जवान ने खुद को आग लगा ली। पुलिस के मुताबिक, यह घटना स्थानीय समयानुसार रविवार दोपहर को घटी। व्यक्ति ने इजराइल के दूतावास खड़े होकर खुद को आग लगा ली। इसके बाद अमेरिकी सीक्रेट सर्विस के अफसरों और डीसी अग्निशमन दल ने आग बुझाई और शख्स को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। जिस शख्स ने खुद को आग लगाई, उसका नाम एरॉन बुशनेल बताया गया है। यह व्यक्ति अमेरिकी वायुसेना का एक सक्रिय सैनिक है। इस घटना के एक वीडियो में एरॉन बोलता है कि वह नरसंहार में शामिल नहीं रहेगा।

# मरियम नवाज बनीं पाकिस्तान के पंजाब की पहली महिला मुख्यमंत्री

## इमरान की पार्टी के नेता राणा को दी शिकस्त, पार्टी उपाध्यक्ष भी हैं नवाज की बेटी

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की पहली महिला मुख्यमंत्री पीएमएलएन नेता मरियम नवाज को बनाया गया। बता दें कि मरियम तीन बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री रह चुके नवाज शरीफ की बेटी हैं। 50 वर्षीय उपाध्यक्ष मरियम ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी समर्थित सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) के सांसदों के बहिर्गमन के बीच मुख्यमंत्री पद का चुनाव जीता है।

पीएमएलएन नेता ने पीटीआई समर्थित एसआईसी के राणा आफताब को हराकर राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण पंजाब प्रांत का मुख्यमंत्री चुनाव जीता। मरियम ने पंजाब विधानसभा में जाने से पहले जती उमरा में अपनी मां की कब्र का दौरा किया। सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए पीएमएलएन ने बताया कि मरियम ने अपने नाना-नानी की कब्रों का भी दौरा किया। पीएमएल-एन ने चुनाव से पहले एक्स पर एक पोस्ट में कहा 'हमारे देश के इतिहास में पहली बार, एक महिला पंजाब की सीएम बनेगी। मरियम नवाज शरीफ पंजाब की सीएम पद की शपथ लेने वाली पहली महिला होंगी।

### 2012 में राजनीति में उतरीं, 2024 में मुख्यमंत्री बनीं मरियम

मरियम नवाज पाकिस्तान के पूर्व पीएम नवाज शरीफ की बेटी हैं। साल 1992 में सफदर अवान से



मरियम नवाज की शादी हुई। सफदर अवान पाकिस्तान की सेना में कैप्टर रह चुके हैं। सफदर अवान, नवाज शरीफ के सुरक्षा अधिकारी भी रहे। मरियम नवाज के तीन बच्चे हैं। मरियम नवाज ने साल 2012 में राजनीति में कदम रखा और अपने पिता के साथ काम किया। साल 2024 के आम चुनाव में मरयम नवाज पाकिस्तान की नेशनल असेंबली और पंजाब असेंबली के लिए पहली बार चुनी गई हैं।

### गौहर खान फिर चुने गए इमरान की पार्टी पीटीआई के अध्यक्ष



जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान की पार्टी पीटीआई ने यू-टर्न लेते हुए बैरिस्टर गौहर खान को फिर से पार्टी का अध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी ने पहले बैरिस्टर अली जफर को अध्यक्ष नियुक्त किया था। बैरिस्टर गौहर खान (45 वर्षीय) को बीते साल दिसंबर में भी पार्टी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। हालांकि पार्टी के संगठन चुनाव के नतीजों को अदालत में चुनौती दी गई। कोर्ट ने पीटीआई के आंतरिक चुनाव को रद कर दिया और पार्टी का चुनाव चिन्ह बैट भी छीन लिया गया। इसके बाद गौहर खान पार्टी के अध्यक्ष पद से हट गए थे। बीते हफ्ते गौहर खान ने एलान किया कि पार्टी के नए अध्यक्ष बैरिस्टर अली जफर होंगे और उन्हीं की देखरेख में 3 मार्च को पार्टी के आंतरिक चुनाव कराए जाएंगे। हालांकि पाकिस्तानी मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, बैरिस्टर अली जफर ने पार्टी का चेयरमैन बनने से इनकार कर दिया। ऐसे में बैरिस्टर गौहर अली ने फिर से पार्टी के चेयरमैन बनने के लिए नामांकन किया। बैरिस्टर गौहर खान को पीटीआई चीफ इमरान खान ने नामांकित किया था, ऐसे में उनकी जीत तय मानी जा रही है।

# साद अहमद होंगे भारत में पाकिस्तान के नए उच्चायुक्त

**नई दिल्ली।** साद अहमद वराइच को भारत में पाकिस्तान का नया उच्चायुक्त नियुक्त किया गया है। साद अहदम ने एजाज खान की जगह ली है। एजाज खान का कार्यकाल बतौर पाकिस्तानी उच्चायुक्त पूरा हो गया है। अब साद अहमद वराइच उनकी जगह लेंगे। वराइच ने नई दिल्ली पहुंचकर चार्ज संभाल लिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वराइच इससे पहले अफगानिस्तान, तुर्किए और ईरान में पाकिस्तान के राजदूत रह चुके हैं।

हिंद प्रशांत महासागर में स्थित द्वीपीय देश तुवालु में फेलेटी टेओ को नया प्रधानमंत्री चुना गया है। तुवालु के संसदीय सदस्यों ने पूर्व अटॉर्नी जनरल फेलेटी टेओ को देश का अगला पीएम चुना। शीर्ष पद के लिए नामांकन करने वाले फेलेटी टेओ एकमात्र उम्मीदवार थे और उन्हें निर्विरोध पीएम चुन लिया गया। तुवालु के पूर्व पीएम कोसिया नातानो की 26 जनवरी को हुए चुनाव में हार हुई थी। नातानो ताइवान के साथ कूटनीतिक संबंध स्थापित करने के पक्ष में थे। नातानो की हार के साथ ही तुवालु की ताइवान को लेकर नीति पर सवालिया निशान खड़े हो गए हैं।

# इस्लामोफोबिया विवाद: पार्टी के बचाव में उतरे पीएम सुनक

लंदन, एजेंसी

- पार्टी के सांसद ने की थी विवादित टिप्पणी, कहा था- लंदन के मेयर इस्लामी अतिवादियों के कब्जे में

इस्लामोफोबिया को लेकर ली एंडरसन और सुएला ब्रेवरमैन की टिप्पणियों के बाद अब प्रधानमंत्री सुनक मजबूरन अपनी पार्टी के बचाव में उतर आए हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या कंजर्वेटिव पार्टी में 'इस्लामोफोबिक प्रवृत्ति' है तो उन्होंने कहा कि नहीं ऐसा नहीं है। इस दौरान सुनक ने यह भी कहा कि इस बहस को इस तरह से न भड़काया जाए जो दूसरों के लिए हानिकारक हो।

गौरतलब है कि यूके में इन दिनों लंदन के मेयर सादिक खान सुर्खियों में हैं। दरअसल, कंजर्वेटिव पार्टी के सांसद ली एंडरसन ने सादिक खान पर विवादित टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि लंदन के मेयर इस्लामी अतिवादियों के कब्जे में हैं।

इतना ही नहीं ली ने यह भी कहा था कि सादिक ने लंदन को आतंकियों को समर्पित कर दिया है। उनके इस बयान की खूब आलोचना की गई थी। बाद में उन्हें पार्टी से भी निलंबित कर दिया गया था। ली की ये टिप्पणियां तब आई थीं, जब गाजा में युद्धविराम को लेकर लंदन में इजराइल के विरोध में कई रैलियां निकाली गई थीं।

### भारतीय-अमेरिकी प्रोफेसर अशोक को अमेरिका में सर्वोच्च शैक्षणिक पुरस्कार से किया गया सम्मानित

**न्यूयॉर्क।** भारतीय मूल के अमेरिकी इंजीनियर और प्रोफेसर अशोक वीरराघवन को टेक्सास के सर्वोच्च शैक्षणिक सम्मान से सम्मानित किया गया है। वीरराघवान को इंजीनियरिंग में एडिथ और पीटर ओ'डोनेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। टेक्सास एकेडमी ऑफ मेडिसिन, इंजीनियरिंग, साइंस एंड टेक्नोलॉजी राज्य के उभरते शोधकर्ताओं को यह पुरस्कार प्रदान करता है। वीरराघवान राइस यूनिवर्सिटी के जॉर्ज आर. ब्राउन स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग में इलेक्ट्रिकल और कंप्यूटर इंजीनियरिंग के प्रोफेसर हैं। यह पुरस्कार उन्हें इमेजिंग तकनीक के विकास के लिए दिया गया है, जो अदृश्य को दृश्यमान बनाने का प्रयास करती है। यह पुरस्कार राज्य के चिकित्सा, इंजीनियरिंग, जैविक विज्ञान, भौतिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी नवाचार में अच्छे प्रदर्शन के बाद दिया जाता है।

## भोजन की आस...



**गाजा :** हताश लोगों को तत्काल राहत सामग्री उपलब्ध कराने में संयुक्त राष्ट्र (संरा) शीर्ष अदालत के आदेश का पालन करने में विफल रहा है। मानवाधिकार की वकालत करने वाली संस्था 'ह्यूमन राइट्स वॉच' ने सोमवार को आरोप लगाते हुए गाजा पट्टी के लिए राहत सामग्री को अवरुद्ध करने के लिए इजराइल को दोषी ठहराया। ह्यूमन राइट्स वॉच ने कहा कि इजराइल बुरी तरह प्रभावित उत्तरी गाजा में ईंधन उपलब्ध कराने की पर्याप्त सुविधा नहीं दे रहा है। दूसरी तरफ गाजा के समुद्र तट पर मानवीय सहायता की प्रतीक्षा में बैठे फिलिस्तीनी नागरिक। ● एजेंसी

# फिलिस्तीन के पीएम मोहम्मद शतयेह ने दिया इस्तीफा



**गाजा ।** इजराइल हमास युद्ध के बीच फिलिस्तीन के प्रधानमंत्री मोहम्मद शतयेह ने अपनी सरकार से इस्तीफा दे दिया है। फिलिस्तीन की सरकार कब्जे वाले वेस्ट बैंक के कुछ हिस्सों पर शासन करती है।

इस्तीफे की जानकारी देते हुए शातयेह ने कहा, मैं सरकार का इस्तीफा राष्ट्रपति महमूद अब्बास को सौंपता हूं, उन्होंने कहा, यह गाजा के खिलाफ आक्रामकता और वेस्ट बैंक और यरूशलेम में तनाव से संबंधित घटनाक्रम के मद्देनजर लिया गया फैसला है। उन्होंने आगे कहा गाजा में युद्ध, नरसंहार और भुखमरी की वजह से मैंने इस्तीफा दिया है।

# जब तक जिंदा हूं, बाल विवाह नहीं होने दूंगा

- मुस्लिम विवाह कानून निरस्त के बाद विस में विपक्ष के विरोध पर गरजे सीएम हिमंत बिस्व सरमा

गुवाहाटी, एजेंसी



सोमवार को बजट सत्र के दौरान विधानसभा में बोलते सीएम हिमंत बिस्वा सरमा।

असम सरकार की ओर से मुस्लिम विवाह कानून को निरस्त किए जाने के बाद कांग्रेस और एआईयूडीएफ जैसी विपक्षी पार्टियों ने भाजपा पर निशाना साधा है। इसका जवाब सोमवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने विधानसभा में दिया। विपक्षी दलों पर गरजते हुए सरमा ने कहा कि जब तक मैं जिंदा हूं, असम में बाल विवाह नहीं होने दूंगा।

मुस्लिम विवाह कानून के निरस्त होने पर कांग्रेस और एआईयूडीएफ ने आज विधानसभा में भाजपा का विरोध किया। इस पर भड़कते हुए हिमंत बिस्व सरमा ने कहा, "आप मुझे ध्यान से सुन लें। जब तक मैं जिंदा हूं, असम में बाल विवाह नहीं होने दूंगा। जब तक हिमंत बिस्व सरमा जिंदा है, तब तक यह नहीं हो सकता। मैं आपको राजनीतिक तौर पर चुनौती देता हूं। मैं 2026 से पहले ये दुकान बंद कर दूंगा। इस बीच कांग्रेस और एआईयूडीएफ विधायकों ने असम विधानसभा में जमकर हंगामा किया। एआईयूडीएफ ने सरमा कैबिनेट के मुस्लिम विवाह कानून को निरस्त करने के फैसले का विरोध करते हुए इसके खिलाफ स्थगन प्रस्ताव पेश किया। हालांकि, सदन के स्पीकर बिश्वजीत दयमारी ने इसे स्वीकार नहीं किया। दो दिन पहले ही असम सरकार ने राज्य में बाल विवाह पर रोक के लिए मुस्लिम विवाह एवं तलाक पंजीकरण कानून, 1935 खत्म कर दिया। इसे लेकर शुक्रवार देर रात हुई कैबिनेट की बैठक में यह फैसला लिया गया था।

# तालिबान ने हत्या के दोषी को गोली मारकर मौत की सजा दी

इस्लामाबाद, एजेंसी

- अफगानिस्तान में पिछले पांच दिनों में दी जाने वाली यह तीसरी मौत की सजा, दोषी को सरेआम मारी गोली



अफगानिस्तान में तालिबान शासन के दौरान एक बार फिर से सार्वजनिक रूप से मौत की सजा देने की घटनाएं बढ़ गई हैं। उत्तरी अफगानिस्तान में सोमवार को हत्या के दोषी एक व्यक्ति को सार्वजनिक रूप से मौत की सजा दी गई। यह सजा एक खेल स्टेडियम में हजारों लोगों के सामने दी गई। पिछले पांच दिनों में दी जाने वाली तीसरी ऐसी मौत की सजा है।

मारे गए व्यक्ति के भाई ने दोषी को राइफल से पांच गोलियां मारीं। स्टेडियम के आसपास कड़ी सुरक्षा की गई थी। अगस्त 2021 में तालिबान द्वारा अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज होने के बाद से यह पांचवीं सार्वजनिक मौत की सजा है। तालिबान सरकार की ओर से इसे लेकर अभी कोई टिप्पणी नहीं की गई है। सजा पाने वाले व्यक्ति की पहचान फरयाब प्रांत के नजर मोहम्मद के रूप में हुई है। उसने फरयाब प्रांत के ही खल मोहम्मद की हत्या कर दी थी। इससे पहले दक्षिणपूर्वी गजनी प्रांत में गुरुवार को तालिबान ने चाकू मारकर हत्या करने के दोषी दो लोगों को मौत की सजा दी थी। पीड़ितों के रिश्तेदारों ने दोनों को गोली मार दी थी। यह सजा भी एक स्टेडियम में हजारों लोगों के सामने दी गई थी।

संयुक्त राष्ट्र ने सार्वजनिक रूप से हत्याएं करने, कोड़े मारने और पथराव के लिए तालिबान की कड़ी आलोचना की है और देश के शासकों से ऐसी प्रथाओं को रोकने का आह्वान किया है।


**विज्ञान** हार्वर्ड-स्मिथसोनियन सेंटर फॉर एस्ट्रोफिजिक्स के वैज्ञानिकों ने की अजीबो-गरीब घटना की खोज

# आकाशगंगा में तरंग के साथ तैरे तारों के बादल

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार:** इन दिनों हमारी आकाशगंगा में अजीबो गरीब घटना हो रही है । इस घटना में तारों के बादल तरंग के साथ तैर रहे हैं। इसका कारण गुरुत्वाकर्षण लहर माना जा रहा है। अब खगोलशास्त्री इस तरह की घटना दूसरी आकाशगंगाओं में तलाश करने लगे हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार तारों के ये बादल हमारी आकाशगंगा की भुजाओं के साथ चलते हैं।

हांलाकि 2020 में सिर्फ एक तरंग जैसी आकृति देखी गई थी। मगर अब इसे श्रृंखला के रूप में देखा गया है। जो रोमांचक तरंग बना रहे हैं। आकाशगंगा के गुरुत्वाकर्षण के कारण यह संरचना दोलन करती है।



आकाशगंगा में तरंग के साथ तारों के तैरते बादल की तस्वीर।

### कई और रहस्य होंगे उजागर

वैज्ञानिकों का कहना है कि यह खोज कई अन्य रहस्य उजागर करने में मददगार साबित होगी, जो वैज्ञानिकों के लिए चुनौतीपूर्ण भी होगी। यह अपनेआप में बड़ी खोज है। आकाशगंगा में अक्सर कुछ न कुछ घटित होते रहता है। जिनके बारे में वैज्ञानिक अभी भी नही जानते हैं।

हार्वर्ड-स्मिथसोनियन सेंटर फॉर एस्ट्रोफिजिक्स के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है।

इस खोज में यह भी पता चला है कि यह संरचना आकाशगंगा की सर्पिल भुजा के साथ तारों के समूहों को जन्म दे रही है। तारों के बादलों की यह रेडक्लिफ तरंग न केवल एक लहर की तरह दिखती है, बल्कि उसी की तरह चलती भी है। पत्रिका नेचर में यह खोज प्रकाशित हुई है।

यह संरचना हमारे आकाशगंगा के पिछले हिस्से में 9,000 प्रकाश-वर्ष लंबी फैली हुई है और सूर्य से केवल 500 प्रकाश वर्ष दूर मौजूद है। हमारी अजशगंगा में यह सबसे बड़ी संरचना है। बड़ी बात यह है कि अब हम इसके बारे में जानते हैं। अच्छी बात यह है कि यह वास्तव में हमारे बहुत करीब है।

# किशोरों को सोशल मीडिया से अलग रखने का कानून पास

वाशिंगटन, एजेंसी

- अमेरिका के फ्लोरिडा राज्य की विस में कानून पास, 16 साल से कम किशोर अकाउंट नहीं बना पाएंगे



अमेरिका में फ्लोरिडा राज्य की विधानसभा ने सोशल मीडिया के संबंध में कड़ा कानून पास किया है। इसके तहत 16 साल से कम आयु के किशोरों को सोशल मीडिया प्लेटफॉमों पर अकाउंट नहीं बनाने दिया जाएगा। गवर्नर रॉन डी सेंटिस ने कहा, इस विधेयक से फ्लोरिडा में लाखों युवाओं का जीवन बदल जाएगा।

बता दें, विधेयक को कानूनी चुनौती मिल सकती है। पिछले साल फेडरल अदालतों ने अरकंसास और ओहायो में लागू सोशल मीडिया कानूनों को रोक दिया है। न्यायाधीशों ने उन मामलों में कहा, नए कानूनों से सोशल मीडिया कंपनियों की अभिव्यक्ति की आजादी, सूचना देने के अधिकारों का हनन होगा। इनसे युवाओं के अधिकार भी प्रभावित होंगे। फ्लोरिडा के नए नियमों के तहत सोशल नेटवर्क 16 वर्ष से कम आयु के लोगों के अकाउंट नहीं बनाएंगे। वे ऐसे अकाउंट बंद कर देंगे।

यह प्रावधान फेसबुक, इंस्टाग्राम, स्नैपचैट, टिकटॉक और यूट्यूब जैसी साइट और एप्स पर लागू होंगे। फ्लोरिडा का कानून अन्य राज्यों के कानूनों के मुकाबले अधिक कठोर है। वैसे, सिविल लिबटी ग्रुप और टेक्नोलॉजी इंडस्ट्री के संगठनों ने सोशल मीडिया पर नए प्रतिबंधों का विरोध किया है।